राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

वर्ष : 49 अंक 09
जौनपुर, शुक्रवार
16 अक्टूबर 2026
तापमान
अधिकतम / न्यूनतम
32°C | 22°C

मूल्य 3.00 रुपये पृष्ठ-8

जौनपुर, अयोध्या, लखनऊ, पटना (बिहार), ठाणे (महाराष्ट्र), भोपाल (मप्र) से प्रकाशित

www.tarunmitra.in

सुदीक्षा ई.एन.टी. क्लीनिक & थायरॉइड सेन्टर
कान पर्दे की सुराख का बिना आपरेशन इलाज
सभी प्रकार के नाक, कान, गला थायराइड एवं मुख कैंसर रोग का इलाज व आपरेशन की सुविधा
डॉ. बृजेश कन्नौजिया
M.B.B.S., M.S.(ENT) (गोल्ड मेडलिस्ट)
नाक, कान, गला, थायरॉइड एवं मुख कैन्सर सर्जन
डॉ. एकता कन्नौजिया
B.H.M.S., C.G.O.
नाक, कान, गला एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
नईगंज तिराहा (कुमार पेट्रोल पम्प के सामने), जौनपुर Mob.:8115484636

पूर्वांचल का सर्वश्रेष्ठ प्रतिष्ठान
गहना कोठी™
भगेलू राम रामजी सेठ
Since 1946
भारत सरकार द्वारा प्रमाणित
HUID BIS
Hallmark Gold & IGI Certified
Diamond Jewellery Showroom
शुद्धता ही हमारी परम्परा है
1st Prize
मारुति सुज़ुकी डिज़ायर
2nd Prize
मारुति बलेनो
3rd Prize
मारुति वैगन आर
प्रत्येक 10000/- तक की खरीद पर पाएं लकी ड्रा कूपन और ढेरों ईनाम जीतने का मौका
कचहरी रोड, कलेक्ट्री तिराहा के पास, आधुनिक मिष्ठान के सामने जौनपुर, यूपी
9838545608, 7355037762, 8317077790
सद्भावना पुल रोड, नखास, ओलन्दगंज, जौनपुर
9838545608, 7355037762, 8317077790
हनुमान मंदिर के सामने कोतवाली चौराहा, जौनपुर
9984991000, 9792991000, 9984361313

शान्तिकुंज मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड डायग्नोस्टिक सेन्टर
Dr. Suryaprakash Yadav (Heart Care Center)
MBBS, MD (Gen. Medicine) (Gold Medalist)
D.N.B., D.M. (Cardiology) (Gold Medalist)
Ex.- SR Dr. RML Hospital, New Delhi
Consultant Interventional Cardiologist
USG, DIGITAL X-RAY, PREGNANCY USG, USG GUIDED INTERVENTION
COLOUR DOPPLER, 2D ECHO & ECG , DIALYSIS, ICU CARE UNIT
CRITICAL CARE UNIT (CCU), CATHLAB FACILITY , TMT, ECG,
X-RAY DEPARTMENT, EMERGENCY CARE UNIT, PATHOLOGY,
Major OT, Minor OT, SeptiC OT, Ambulance 24x7 Facility
Dr. Vandana Yadav
MBBS, MD Radiodiagnosis & Imaging (BHU), DNB
Fetal Medicine Fellowship, Chandigardh(FMF ID-311809)
Whole Body MR Imaging Fellowship (BHU)
Ex-SR AIIMS, New Delhi
Ex-SR VMMC & Safdurjung Hospital, New Delhi
अब Jaunpur में मिलेंगी Advanced Radiology Services एक ही जगह - सटीक जांच, सही निदान के साथ। Shantikunj Multispeciality Hospital & Diagnostic Centre में Dr. Vandana Yadav (Expert Radiologist) द्वारा X-ray, Ultrasound और अन्य आधुनिक रेडियोलॉजी जांच सुविधाएं उपलब्ध।
अनुभवी टीम, accurate reports और भरोसेमंद सेवा- आपकी सेहत हमारी प्राथमिकता।
प्रयागराज रोड, नईगंज, जौनपुर मो0 9219812393

'न्यायपालिका को कोई भी डरा नहीं सकता'

नई दिल्ली, 15 अक्टूबर। सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और इंडी गठबंधन के नेताओं की याचिका पर चुनाव आयोग (ECI), मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयुक्तों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इस याचिका में चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) के तहत मतदाताओं के नाम हटाए जाने को चुनौती दी गई है।

इसके साथ ही अदालत ने राहुल गांधी के सुप्रीम कोर्ट मार्च को लेकर कहा कि कोई भी न्यायपालिका को डरा-धमका नहीं सकता। कोर्ट ने SIR गड़बड़ियों को लेकर सुप्रीम कोर्ट तक मार्च के खिलाफ याचिका पर राहुल गांधी, अखिलेश यादव और अन्य नेताओं को भी नोटिस जारी किया है। सीजेआई ने मार्च और उसके दौरान हुई अव्यवस्था को लेकर सवाल उठाए और कहा कि याचिकाकर्ता राहुल गांधी को इस पर सफाई देनी होगी।

सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने भारत निर्वाचन आयोग, मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार, अन्य निर्वाचन आयुक्तों सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी को

राहुल गांधी के मार्च पर सीजेआई की सख्त टिप्पणी

नोटिस जारी किया। नोटिस जारी करते हुए मुख्य न्यायाधीश ने मौखिक रूप से कहा कि हम याचिकाकर्ताओं में से एक से उनके आचरण के बारे में भी पूछताछ करेंगे।

सुप्रीम कोर्ट ने एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी द्वारा दायर याचिका और कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह द्वारा दायर एक अलग याचिका पर भी नोटिस जारी किया है।

सुप्रीम कोर्ट में प्रदर्शन पर पाबंदियों से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई शुरू हो गई है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने



सरकार का पक्ष रखते हुए कहा कि सरकार ने अपने कदम का बचाव किया है और इसके पीछे के कारण हलफनामे में बताए हैं। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने 12 अक्टूबर को राहुल गांधी के आचरण पर भी सवाल उठाए और कहा कि उन्हें इस पर स्पष्टीकरण देना होगा। फिलहाल राहुल गांधी की तरफ से कोर्ट में कपिल सिब्बल पेश हो रहे हैं। एसआईआर से जुड़ी सभी याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई होगी, जबकि प्रदर्शन पर पाबंदियों से संबंधित याचिकाओं की सुनवाई अलग-अलग हो रही है।

सुप्रीम कोर्ट मार्च पर क्यों भड़का सुप्रीम कोर्ट: गौरतलब है कि बीते 12 अक्टूबर, सोमवार को राहुल गांधी ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी नेताओं के साथ सुप्रीम कोर्ट की ओर एक मार्च निकाला, जिसके चलते सुप्रीम कोर्ट परिसर में भारी भीड़ जमा हो गई। योजना यह थी कि विपक्षी नेता स्वयं याचिका प्रस्तुत करेंगे, लेकिन चूंकि मार्च से पहले सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री बंद होने वाली थी, इसलिए याचिका वकीलों के माध्यम से दाखिल की गई। हालांकि, याचिका दाखिल करने के बाद भी, नेता सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री पहुंचे, जिससे सुप्रीम कोर्ट परिसर में भारी भीड़ और अफरा-तफरी मच गई।

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि यह अस्वीकार्य है कि सर्वोच्च न्यायालय को एक राजनीतिक जुलूस से निपटना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय में जो कुछ हुआ वह नहीं होना चाहिए था और घटना को लेकर वकीलों में व्याप्त आक्रोश का जिक्र किया। भाटिया ने अदालत को बताया कि लगभग 200 वकीलों ने एक ज्ञापन पर हस्ताक्षर करके चिंता व्यक्त की है कि इस तरह का आचरण धमकी के बराबर है। जिस पर सीजेआई ने जवाब दिया- कोई हमें धमका नहीं सकता।

'हिंदू धर्म छोड़कर इस्लाम अपनाने वालों को नहीं मिलेगा आरक्षण का लाभ'

नई दिल्ली, 15 अक्टूबर। सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए कहा कि कोई व्यक्ति यदि दूसरे धर्म में परिवर्तन करता है, तो उसका सामाजिक पिछड़ापन हिंदू सामाजिक व्यवस्था से गैर-हिंदू सामाजिक व्यवस्था में ट्रांसफर नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने कहा कि हिंदू सामाजिक व्यवस्था में पिछड़े वर्ग या अनुसूचित जाति से जुड़े किसी व्यक्ति को दूसरा धर्म अपनाने के बाद उसी आधार पर आरक्षण का लाभ नहीं दिया जा सकता।

सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

दरअसल, जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस चंद्रचूड़ की पीठ ने मद्रास हाई कोर्ट के उस आदेश के खिलाफ तमिलनाडु सरकार की याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि इस्लाम धर्म अपनाने वाला व्यक्ति केवल धर्म परिवर्तन के आधार पर 'पिछड़ा वर्ग (मुस्लिम)' श्रेणी के तहत आरक्षण का दावा नहीं कर सकता।

सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के उस फैसले को बरकरार रखा, जिसने धर्म परिवर्तित मुसलमानों को आरक्षण देने की तमिलनाडु सरकार की अधिसूचना को रद कर दिया था। हाई कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि इस्लाम अपनाने वाला कोई व्यक्ति केवल धर्म परिवर्तन के आधार पर आरक्षण का दावा नहीं कर सकता।

इससे पहले 7 अगस्त सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ राज्य सरकार द्वारा दायर याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

राज्य सरकार ने अपनी अपील में तर्क दिया था कि उच्च न्यायालय का यह फैसला कई महत्वपूर्ण सवाल खड़े करता है, जो एक विशेषज्ञ वैधानिक आयोग की सिफारिशों के आधार पर तैयार की गई कार्यकारी नीति में न्यायिक हस्तक्षेप के दायरे से संबंधित हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने क्या दिया तर्क ?: बता दें कि सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला हिंदू सामाजिक व्यवस्था में जाति आधारित सामाजिक पिछड़ेपन और दूसरे धर्म में परिवर्तन के बाद आरक्षण के लाभ से जुड़े मामले को लेकर आया है। कोर्ट ने साफ किया कि सिर्फ पिछड़े वर्ग या अनुसूचित जाति से जुड़े होने के आधार पर दूसरे धर्म में जाने के बाद आरक्षण का दावा नहीं किया जा सकता, क्योंकि धर्म परिवर्तन करने से किसी की सामाजिक स्थिति नहीं बदल सकती।

बांग्लादेश ने हमें रास्ता दिखाया वाले नेहा बोरा के वायरल वीडियो पर भड़की भाजपा

नई दिल्ली, 15 अक्टूबर। ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) की प्रमुख नेहा बोरा के एक वायरल हुए वीडियो को लेकर विवाद छिड़ गया है। पहले कॉकरोच जनता पार्टी और फिर कांग्रेस के साथ मिलकर देश के मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ मोर्चा खोलने वाली नेहा बोरा को इस वीडियो में बांग्लादेश को रास्ता दिखाने के लिए धन्यवाद देते हुए सुना जा सकता है। भाजपा ने अब नेहा बोरा की बातों को 'खतरनाक इरादे' बताते हुए राहुल गांधी को घेरना शुरू कर दिया है। गौरतलब है कि बांग्लादेश में हुए 'जेन जी प्रोटेस्ट' में बड़े पैमाने पर हिंसा हुई और खून-खराबे की बौदलत तख्तापलट किया गया।

भाजपा नेताओं की ओर शेयर किए जा रहे वीडियो में नेहा बोरा को बांग्लादेश के जेन जी आंदोलन को रास्ता दिखाने वाला बताती हैं। वह समर्थन के लिए धन्यवाद देते हुए भी दिख रही हैं। नेहा कहती हैं, 'हम जानते हैं कि जो जेन जी आंदोलन हम इस देश में हर जगह देख रहे



हैं, पहले बांग्लादेश में शुरू हुआ। आप लोगों को बधाई हमें रास्ता दिखाने के लिए, हमें रास्ता दिखाने के लिए और इस देश के युवाओं के समर्थन के लिए। हम जानते हैं कि जो बांग्लादेश में आंदोलन शुरू हुआ वह लोकतंत्र और मतदाताओं के अधिकार के लिए था। आज जिस आंदोलन में युवा भाग ले रहे हैं वह भी लोकतांत्रिक और मतदान अधिकार के लिए है। हम जानते हैं कि जो लड़ाई आपने अपने देश में धार्मिक कट्टरवाद के खिलाफ लड़ी, उसके लिए इस देश के जेन जी और युवा भी आज लड़ रहे हैं।'

भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा, 'राहुल गांधी और पूरा इकोसिस्टिम कोई पॉलिटिकल रेजिस्टेंस नहीं करना चाहता है, वो रेजीम चेंज (बल पूर्वक सत्ता परिवर्तन या तख्तापलट) करना चाहता है। नेहा बोरा जो राहुल गांधी की पोस्टर गर्ल हैं, उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा है कि वह बांग्लादेश के जेन जी आंदोलन से प्रेरित हैं। जैसा बांग्लादेश में हुआ वैसा ही भारत में करना चाहते हैं। इससे यह साबित होता है कि राहुल गांधी का मकसद राजनीतिक प्रतिरोध नहीं है, भारत के संविधान, लोकतंत्र को तबाह करना है।'

सीजेपी के 'तिरंगा मार्च' पर हाईकोर्ट का रोक से इनकार, दिल्ली पुलिस बोली- एक्शन लेंगे

नई दिल्ली, 15 अक्टूबर। दिल्ली के कनॉट प्लेस में शुक्रवार को प्रस्तावित सीजेपी के प्रदर्शन को लेकर दायर याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने संगठन को रोकने का अलग से आदेश देने से इनकार कर दिया। दिल्ली पुलिस ने अदालत से सीजेपी और अभिजीत दिपके के खिलाफ कदम उठाने की बात कही है। मामले की अगली सुनवाई 3 नवंबर को होगी। स्ट्रीट वेंडर अनिल कुमार गुप्ता ने याचिका दायर कर कनॉट प्लेस में प्रस्तावित प्रदर्शन पर रोक लगाने की मांग की थी। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सचिन पुरी ने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नितिन वासुदेव साम्ब्रे की अध्यक्षता वाली पीठ को बताया कि सीजेपी ने प्रदर्शन का आह्वान किया है, लेकिन इसके लिए अनुमति नहीं ली गई है। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस ने अभिजीत दिपके के खिलाफ कोई कदम नहीं उठाया है। इस पर अदालत ने दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा। पुलिस की ओर से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल चेतन शर्मा ने कहा कि सीजेपी और अभिजीत दिपके के खिलाफ कदम उठाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस तरह की गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए पहले ही कदम उठाए जा चुके हैं। पुलिस के जवाब के बाद अदालत ने मामले की सुनवाई 3 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दी। इस दौरान सचिन पुरी ने पीठ से विशेष रूप से सीजेपी को प्रदर्शन करने से रोकने का आदेश देने का अनुरोध किया।उन्होंने कहा कि आदेश का उल्लंघन होने पर आपराधिक मानहानि का मुकदमा दायर किया जा सकेगा। इस पर पीठ ने स्पष्ट कहा कि अदालत आदेश पारित कर चुकी है और अब इस मामले में आगे दबाव न बनाया जाए। याचिकाकर्ता अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि प्रदर्शन नहीं रोका गया तो व्यापारियों को भारी नुकसान हो सकता है। याचिका में कनॉट प्लेस को दिल्ली का प्रमुख व्यावसायिक केंद्र बताते हुए कहा गया कि त्योहारी सीजन में प्रदर्शन से कारोबार बुरी तरह प्रभावित होगा। व्यापारियों को आशंका है कि प्रदर्शन के कारण ग्राहकों की आवाजाही बाधित हो सकती है और कानून-व्यवस्था की समस्या भी पैदा हो सकती है।

बृजभूषण शरण सिंह के करीबी भाजपा नेता भवानी भीख बेटों संग हुए सपाई

लखनऊ, 15 अक्टूबर। यूपी के गोंडा जिले के कटरा बाजार के ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि और जिपं सदस्य भवानी भीख शुक्ला के सपा की साइकिल पर सवार हो गए। पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह के करीब माने जाने वाले भवानी भीख शुक्ला ने अपने को बेटे भगवान शुक्ला, कृष्ण भगवान शुक्ला, शिव भगवान शुक्ला, विष्णु भगवान शुक्ला और शंकर भगवान शुक्ला के साथ सपा की सदस्यता ली है। अखिलेश यादव ने सभी को सदस्यता दिलाई है। इससे पहले बुधवार को कृष्ण भगवान शुक्ल ने सोशल मीडिया पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव संग पिता और चार भाइयों की फोटो पोस्ट पोस्ट की थी। कटरा बाजार ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि



भवानी भीख शुक्ल और पांचों पुत्रों के साथ सपा जाने की नींव करीब साल पहले ही पड़ी थी। उस समय मौजूदा विधायक के समर्थकों और ब्लाक प्रमुख जुगरानी के बेटों संग ब्लाक परिसर में ही बैठक को लेकर मारपीट हुई थी। ब्लाक प्रमुख के पुत्र विष्णु भगवान शुक्ल संघ के पदाधिकारी थे जो संघ के शताब्दी वर्ष को लेकर तैयारी बैठक कर रहे थे। वहीं विधायक समर्थक जीएसटी को लेकर धन्यवाद कार्यक्रम आयोजित कर रहे थे। जिसमें दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई थी जिसमें ब्लाक प्रमुख के पुत्र विष्णु भगवान शुक्ल के सिर में गंभीर चोटें आई थी जिससे वे करीब एक हफ्ते तक मेडिकल कॉलेज में भर्ती रहे थे।

पूर्व आईएएस दिव्या मित्तल ने बनाई जननीति भारत पार्टी, बोलीं- 2027 का चुनाव लड़ेंगे, राज आपका होगा

लखनऊ, 15 अक्टूबर। आईएएस की नौकरी छोड़कर राजनीति में कदम रखने वालीं दिव्या मित्तल ने आज सोशल मीडिया पर लाइव आकर चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। साथ ही अपनी नई पार्टी 'जननीति भारत' की घोषणा की। उन्होने कहा कि राजनीति आप पर राज करती है। लेकिन जननीति में राज आपका होगा। इससे पहले रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया की जनसत्ता दल की ओर से दिव्या मित्तल को पार्टी से जुड़ने का प्रस्ताव दिए जाने की भी चर्चा उठी थी। वहीं सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी एक सवाल के जवाब में दिव्या मित्तल को सपा में शामिल होने का ऑफर दिया था। और कहा थी कि वो भी अब उन्हें तय करना पड़ेगा कि हरा गमछा और लाल गमछा डाल लें।

बता दें आईएएस अधिकारी दिव्या मित्तल ने करीब 13 साल की प्रशासनिक सेवा के बाद नौकरी छोड़ने के बाद राजनीति में आने का फैसला किया है। वे मिर्जापुर और देवरिया जैसे जिलों में जिलाधिकारी के पद पर तैनात रह चुकी हैं। अपने कार्यकाल के दौरान दिव्या मित्तल की पहचान सख्त प्रशासनिक कार्यशैली और फैसलों



को लेकर चर्चा में रहने वाली अधिकारी के रूप में बनी। हालांकि, उनकी तैनाती के दौरान जनप्रतिनिधियों के साथ मतभेदों की चर्चाएं भी सामने आती रही हैं। मिर्जापुर में विकास कार्यों को लेकर स्थानीय नेताओं के साथ उनके टकराव की बात कही जाती रही है।

2013 बैच की आईएएस अधिकारी दिव्या मित्तल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर नौकरी से त्यागपत्र देने की जानकारी दी थी। उन्होंने लिखा कि 13 वर्षों की अविस्मरणीय सेवा यात्रा को अपनी इच्छा से विराम दिया है। साधारण परिवेश में पली-बढ़ीं दिव्या ने आईआईटी दिल्ली और आईआईएम बेंगलुरु से पढ़ाई के बाद लंदन में नौकरी की, लेकिन अपने देश के लिए कुछ करने की इच्छा उन्हें भारत वापस ले आई। उन्होंने आईएएस अधिकारी बनने को सौभाग्य बताया। दिव्या ने लिखा कि वह देश को कुछ देने आई थीं, लेकिन उन्हें लोगों से इतना प्यार, सम्मान और अपनापन मिला कि उनकी झोली भर गई। उन्होंने अपने कार्यकाल में साथ देने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों और सहयोगियों के प्रति भी आभार जताया था।

बुआजी हॉस्पिटल
निकट अहियापुर पावर हाउस
भण्डारी स्टेशन, जौनपुर
डा0 के.विजय
एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ. (KGMU, Lucknow)
(स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ)
(लेप्रोस्कोपिक सर्जन)
मो0: 9250936298
समय: सुबह 10 बजे से 03 बजे तक एवं शाम 04 बजे से 07 बजे तक।
(प्रत्येक मंगलवार को नि:शुल्क ओ.पी.डी.)
आन कॉल:- डा0 बिपिन कुमार (एम.बी.बी.एस., एम.एस.) (जनरल सर्जन, लेप्रोस्कोपिक सर्जन)

20 Year
750/916 Hallmark Jewellery
BIS हालमार्क रजिस्टर्ड एक्सक्लूसिव शोरूम
HUID HALLMARK
आपके विश्वास व शुद्धता पर खरा
99 19 7320 11
उमाशंकर लाइट हाउस का प्रतिष्ठान
उमाशंकर ज्वेलर्स
RuPay VISA G Pay द्वारा पेमेन्ट की सुविधा उपलब्ध है।
संजीव साहू
हरलालका रोड, जौनपुर-222001

93 लाख की अवैध शराब बरामद, दो अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

लाहौरी जीरा कोल्ड ड्रिंक की पेटियों की आड़ में की जा रही अंतरराज्यीय अवैध अंग्रेजी शराब

तरूणमित्र न्यूज

सोनभद्र। जिले में अवैध शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन शुद्धि के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। रॉबर्ट्सगंज पुलिस, एसओजी और हिन्दुआरी, चुर्क व लोढ़ी चौकी की संयुक्त टीम ने एक ट्रक से 625 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद करते हुए हिमाचल प्रदेश निवासी दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद शराब, कोल्ड ड्रिंक और ट्रक की कुल अनुमानित कीमत करीब 93 लाख रुपये बताई गई है।पुलिस के मुताबिक, तस्करों ने शराब को लाहौरी जीरा कोल्ड ड्रिंक की पेटियों के नीचे छिपा रखा था, ताकि जांच के दौरान किसी को शक न हो। तलाशी में रॉयल स्टैग और रॉयल ग्रीन ब्रांड की कुल 9,588 शीशियां मिलीं। बरामद शराब की अनुमानित कीमत करीब 65 लाख रुपये, कोल्ड ड्रिंक की कीमत 2.85 लाख रुपये और ट्रक की कीमत लगभग 25 लाख रुपये आंकी गई है। संदिग्ध ट्रक की जांच में खुला मामलापुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जिले में अवैध शराब की तस्करी और कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय/नगर मेविस टॉक के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के नेतृत्व में संयुक्त टीम कार्रवाई कर रही थी।पुलिस के अनुसार, 14 और 15 अक्टूबर 2026 की मध्यरात्रि शारदीय नवरात्र और दशहरा पर्व के मद्देनजर संदिग्ध वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि पंचमुखी हनुमान मंदिर से आगे चुर्क की ओर सड़क से हटकर एक ट्रक मैदान में खड़ा है।सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने ट्रक की जांच की। केबिन में बैठे दो व्यक्तियों ने अपनी पहचान नसीब चन्द राजपूत और कृष्णपाल राजपूत के रूप में बताई। दोनों ने ट्रक में लाहौरी जीरा कोल्ड ड्रिंक लदी होने की बात कही और इसके समर्थन में इनवॉइस तथा ई-वे बिल भी दिखाए।हालांकि, दस्तावेजों में माल दिल्ली से झारखंड भेजे जाने का उल्लेख था, जबकि आरोपियों ने बताया कि माल हरियाणा के पानीपत और पंचकूला से लादकर रांची ले जाया जा रहा था। दस्तावेजों और उनके बयानों में अंतर मिलने पर पुलिस ने ट्रक की तलाशी ली।

तलाशी के दौरान कोल्ड ड्रिंक की पेटियों के नीचे छिपाकर रखी गई अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई। 625 पेटियों में मिलीं 9,588 शीशियांपुलिस ने बताया कि बरामद शराब में रॉयल स्टैग और रॉयल ग्रीन ब्रांड शामिल हैं। शराब की पेटियों और शीशियों का विवरण इस प्रकार



हैकृ407 पेटी रॉयल स्टैग (750 एमएल)रू 4,884 शीशियां। 58 पेटी रॉयल स्टैग (180 एमएल)रू 2,784 शीशियां।160 पेटी रॉयल ग्रीन (750 एमएल)रू 1,920 शीशियां।इस तरह कुल 625 पेटियों में 9,588 शीशियां बरामद की गईं। पुलिस के मुताबिक, शराब की बोतलों पर व्दसल वित च्नदरइं ैसम अंकित था। आरोपी शराब के परिवहन और बिक्री से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। शराब के अलावा पुलिस ने लाहौरी जीरा कोल्ड ड्रिंक की 1,275 यूनिट, तस्करी में इस्तेमाल किया जा रहा एक ट्रक और दो मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। हिमाचल प्रदेश के रहने वाले हैं दोनों आरोपीगिरफ्तार आरोपियों की पहचान नसीब चन्द राजपूत (करीब 40 वर्ष), पुत्र रामदेव राजपूत, निवासी ग्राम जामली, थाना बिलासपुर, जिला बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश और कृष्णपाल राजपूत (करीब 38 वर्ष), पुत्र दिलाराम, निवासी ग्राम एवं पोस्ट काथला, थाना स्वारघाट, जिला बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपियों को 15 अक्टूबर 2026 को रात करीब 1रू08 बजे गिरफ्तार किया गया। प्रारंभिक पूछताछ में ट्रक के मालिक द्वारा माल लोड कराए जाने की बात सामने आई है। हालांकि, शराब की आपूर्ति कहां से हुई, इसके पीछे कौन लोग शामिल हैं और ट्रक मालिक की वास्तविक भूमिका क्या है, इन बिंदुओं पर पुलिस की जांच जारी है।आबकारी अधिनियम और बीएनएस की धाराओं में मुकदमाइस मामले में थाना रॉबर्ट्सगंज में मुकदमा अपराध संख्या 839/2026 दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 60ध्63 और भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 318(4), 336(3), 338 तथा 340(2) के तहत अभियोग पंजीकृत किया है।बरामद शराब, ट्रक, मोबाइल फोन और संबंधित दस्तावेजों को विधिक प्रक्रिया के तहत कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

संयुक्त टीम ने की कार्रवाईइस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार सिंह, निरीक्षक अपराध बनारसी यादव, एसओजी प्रभारी रामस्वरूप वर्मा, हिन्दुआरी चौकी प्रभारी विनय कुमार सिंह, चुर्क चौकी प्रभारी धर्मनारायण भार्गव, लोढ़ी चौकी प्रभारी उमाशंकर यादव सहित रॉबर्ट्सगंज थाना और एसओजी के पुलिसकर्मी शामिल रहे।पुलिस की इस कार्रवाई को जिले में अंतरराज्यीय अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता माना जा रहा है। फिलहाल, पुलिस शराब की सप्लाई चेन, ट्रक मालिक की भूमिका और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों का पता लगाने में जुटी है।

निर्वाचन आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश

तरूणमित्र न्यूज

सोनभद्र। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी चर्चित गौड़ ने अवगत कराया है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश विधान परिषद द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 के अंतर्गत वाराणसी खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचन का कार्यक्रम जारी किया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दोनों निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मतदान दिनांक 23 अक्टूबर, 2026 को होना सुनिश्चित है।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, जिनका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाना है निर्वाचन अभियान समाप्त होने के पश्चात निर्वाचन क्षेत्र के ऐसे राजनीतिक कार्यकर्ता, पार्टी कार्यकर्ता, जुलूस एवं अभियान से जुड़े व्यक्ति, जो संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के निवासी नहीं हैं, उन्हें मतदान से 48 घंटे पूर्व निर्वाचन क्षेत्र छोड़ना होगा। इसके साथ ही कल्याण मंडपों, सामुदायिक भवनों एवं अन्य ऐसे परिसरों की जांच कराई जाएगी, जहां बाहरी व्यक्तियों के ठहरने की संभावना है।

होटल, लॉज एवं अतिथिगृहों में ठहरे व्यक्तियों की सूची का सत्यापन कर यह सुनिश्चित किया जाएगा कि निर्वाचन क्षेत्र के बाहर से आए व्यक्तियों की गतिविधियों पर नियमानुसार निगरानी रखी जा रही है निर्वाचन क्षेत्र की सीमाओं पर जांच चौकियां स्थापित कर निर्वाचन क्षेत्र के बाहर से आने वाले वाहनों की आवाजाही पर सतर्क निगरानी रखी जाए। साथ ही, व्यक्तियों एवं व्यक्तियों के समूहों की पहचान का सत्यापन करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि वे संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक हैं अथवा नहीं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट किया कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए, ताकि विधान परिषद निर्वाचन-2026 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराया जा सके।

राम जी की बारात घूम धाम से निकली

तरूणमित्र न्यूज

म्योरपुर /सोनभद्र। स्थानीय स्थानीय कस्बा मे चल रहे रामलीला मंचन के छटवे कि का लीला राम विवाह का खेला गया विश्वामित्र के आदेश पर अयोध्या पहुंचे मंत्रियों ने राजा दशरथ को सूचना दी कि श्री राम का स्वयंवर जनक जी के पुत्री सीता जी के साथ हुआ है आप बारात लेकर जनकपुर को पहुंचे सूचना पर राजा दशरथ गाजे बाजे के साथ अयोध्या से जनकपुरी को बारात लेकर पहुंचे इस दौरान बाराती नाचते गाते पहुँचे जैसे ही बारात जनकपुरी के महल के करीब पहुंची राजा जनक व दशरथ जी द्वारा समधी मिलन हुआ इसके बाद वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ के साथ राम और सिया का शादी संपन्न हुआ सीता जी का विदाई के समय लीला का दर्शन क़र रही माताओ एव बहनो के आंख भर आयी मौके पर श्री रामलीला कमेटी के महा प्रबंधक सुनील कुमार सिंह,अध्यक्ष मोनू जायसवाल, श्री रामलीला मंडली अध्यक्ष शनि अग्रहरी, रंजन अग्रहरी,नीरज अग्रहरी, अवनीश कुमार और सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

मां दुधहिया देवी मंदिर में गूंजे जयकारे

तरूणमित्र न्यूज

बीजपुर, सोनभद्र। शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर मां दुधहिया देवी मंदिर प्रांगण में आयोजित दुर्गा पूजा समारोह में मंगलवार को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। नवरात्र की तृतीया तिथि पर पूजा पंडाल में विराजमान मां दुर्गा की प्रतिमा का पट अनावरण किया गया। मुख्य अतिथि म्योरपुर ब्लॉक प्रमुख मानसिंह गोंड़ तथा विशिष्ट अतिथि काशी प्रांत के प्रांत सह संयोजक संदीप गुप्ता ने संयुक्त रूप से पट अनावरण कर माता रानी के दर्शन का शुभारंभ किया। पट खुलते ही श्रद्धालुओं ने तालियों की गड़गड़ाहट और माता रानी के जयकारों के साथ पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। जय माता दी के उद्घोष से मंदिर परिसर गूंज उठा और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक रीति-रिवाजों और भक्तिभाव के बीच हुआ। श्री श्री नवदुर्गा पूजा समिति के संरक्षक शिवधारी गुप्ता व अध्यक्ष गौतम वर्मा के नेतृत्व में समिति के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत और अभिनंदन किया। इस दौरान आयोजन समिति के सदस्यों एवं उपस्थित श्रद्धालुओं में उत्सव का उल्लास दिखाई दिया।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मानसिंह गोंड़ ने मां दुधहिया देवी के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त



की। उन्होंने मंदिर के सुंदरीकरण तथा मंदिर परिसर के चारों ओर चहारदीवारी निर्माण कराने की बात कही। उनके इस आश्वासन से उपस्थित लोगों में प्रसन्नता देखने को मिली। उन्होंने धार्मिक स्थलों के संरक्षण और विकास के महत्व पर भी जोर दिया।विदित हो कि मंदिर परिसर स्थित दुर्गा पूजा मंच का निर्माण भी ब्लाक प्रमुख मानसिंह के द्वारा ही कराया गया है। विशिष्ट अतिथि संदीप गुप्ता की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम ने क्षेत्र में धार्मिक आस्था और सामाजिक एकजुटता का संदेश दिया। नवरात्र के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सक्रिय भागीदारी से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। पट अनावरण के पश्चात श्रद्धालुओं ने पर्दे पर प्रसारित रामायण का आनंद लिया। भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े प्रसंगों को देखकर श्रद्धालु भावविभोर नजर आए। मंदिर परिसर में मां दुर्गा के जयकारों, धार्मिक आयोजन और रामायण के प्रसारण से नवरात्र उत्सव की रौनक और बढ़ गई।

इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता इंद्रेश सिंह,विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री उपेंद्र प्रताप सिंह, प्रखंड उपाध्यक्ष चंदन गुप्ता, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनिल त्रिपाठी, गोपाल प्रसाद गुप्ता,बद्रीनाथ ग्राम प्रधान राजमिलान,रवि कुमार, संजय गुप्ता, सुनील तिवारी, ताड़कनाथ दुबे तथा सैकड़ों श्रद्धालुगण मौजूद रहे।कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराने में श्री नव दुर्गापूजा समिति के पूर्व अध्यक्ष इंद्रदेव सिंह,परशुराम पाल,कोषाध्यक्ष संतोष गुप्ता,प्रकाश चंद्र,कल्याण दास, रामधनी, राममिलन, कमलेश गुप्ता, देव कुमार यादव, शिव नारायण गुप्ता, शिशु जायसवाल, सोहन लाल, मुखदेव यादव, राम प्रवेश, विश्राम विश्वकर्मा एवं डॉ. देवकुमार समेत सभी पदाधिकारियों का सराहनीय योगदान रहा।कार्यक्रम का सफल संचालन शिवधारी गुप्ता व इंद्रदेव सिंह ने संयुक्त रूप से किया।

प्रेमी से मिला धोखा, प्रेमिका चढ़ी टावर पर

तरूणमित्र न्यूज

मीरजापुर। जिले के चील्ह थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 18 वर्षीय युवती प्रेमी से बात कर मिलने के लिए बुलाई व शादी करने की बात कही जिस पर प्रेमी ने औराई थाना क्षेत्र के एक गांव में मिलने के लिए बुलाया। तो प्रेमिका घर से निकल कर निश्चित स्थान पर पहुंचकर प्रेमी का घंटो इंतजार किया प्रेमी के न मिलने पर और उसका मोबाइल बंद होने पर प्रेमिका एक मोबाईल टावर पर करीब 50 फिट उचाई पर चढ़कर आत्महत्या करने की प्रयास करने लगी। युवती को टावर पर चढ़ता देख स्थानी लोगों में हड़कंप मच गया और देखते ही देखते स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई ।घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस स्थानीय लोगों की सहायता से घंटो मस्कत के बाद किसी प्रकार युवती को समझा बूझाकर टावर से नीचे उतारा। तथा परिजनों को बुलाकर शकुशल सुपुर्द कर दिया। युवती के टावर पर चढ़ने को लेकर लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है। घटना के संबंध में चील्ह थाना प्रभारी भारत उपाध्याय ने बताया की युवति चील्ह थाना क्षेत्र की है जबकि घटनास्थल औराई थाना क्षेत्र की है। औराई पुलिस को मामला सुपुर्द कर चील्ह पुलिस लौट आई थी।

मड़िहान इफको खाद केंद्र पर किसानों का हंगामा

तरूणमित्र न्यूज

मड़िहान, मीरजापुर। खाद के लिए किसानों की जद्दोजहद थम नहीं रही। गुरुवार को मड़िहान बाजार स्थित इफको बाजार खाद वितरण केंद्र पर दर्जनों किसानों ने जमकर बवाल काट दिया। हालात बिगड़ते देख मड़िहान पुलिस को मौके पर पहुंचकर बीच-बचाव करना पड़ा। मड़िहान तहसील क्षेत्र के दर्जनों गांवों के सैकड़ों किसान गुरुवार सुबह खाद लेने इफको बाजार पहुंच गए। केंद्र सुबह 10 बजे खुलते ही किसान अपना आधार कार्ड, खतौनी हाथ में लेकर चिलचिलाती धूप में लाइन में लग गए।आरोप है कि दोपहर होते-होते केंद्र प्रभारी ने 50 किसानों के कागजात लेने के बाद काउंटर बंद कर दिया और आगे कागज लेने से इनकार कर दिया। जब लाइन में खड़े किसानों ने कारण पूछा तो व्यवस्थापक ने सिर्फ 50 किसानों को ही खाद देने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया। इससे नाराज किसान उग्र हो गए और प्रदर्शन करने लगे। लूरकुठिया गांव निवासी किसान रमेश सिंह ने बताया कि कई किसान तो बुधवार रात 8 बजे से ही खाद के लिए मौके पर ही रतजगा कर रहे थे। फिर भी उन्हें खाद नहीं मिली। किसानों का आरोप है कि केंद्र पर चिलचिलाती धूप में न तो पीने के पानी की व्यवस्था की गई है और न ही टेंट लगाया गया है। किसान अपना सारा काम काज छोड़कर दूर-दूर से खाद लेने आए थे।किसानों ने केंद्र प्रभारी रोहित कुशवाहा पर अनियमितता का आरोप लगाते हुए कहा कि सीमांत किसानों को ज्यादा खाद दी जा रही है, जबकि लघु किसानों को उनकी भूमि की आवश्यकता से भी कम खाद दी जा रही है। दलहन, तिलहन और धान की कटाई के बाद अब गेहूं की बुआई के लिए खाद की किल्लत से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंच गई हैं। प्रदर्शन करने वाले किसानों मर में मुन्नू सिंह, गंगा देवी, गुलजारी देवी, राकेश, विनोद सिंह, मनोज, राजेश, बृज बिहारी, विकास सिंह, राजू, दिनेश, रमेश, गज्जू आदि किसान मौजूद रहे।

अदालती सम्मन

सम्मन बगरज एनफैसाल मुकदमा
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
बअदालत उपजिलाधिकारी महोदय
पिण्डरा वाराणसी
मुकदमा नं0 सन् 2026
धारा 116 उ0प्र0रा0सं0 2006
पूजा पाण्डेय बनाम पारसनाथ पाण्डेय
ता.पेशी-03.11.2026 जवाब/तनकीह

बनाम-1 पारसनाथ पाण्डेय, 2- जगदीश पाण्डेय, 3- राजेन्दर पाण्डेय, 4- रामजी पाण्डेय पुत्रगण बलिराम, 5- कलावती देवी पत्नी स्व0 प्रमोद, 6- रवि पुत्र स्व0 प्रमोद पाण्डेय सभी निवासीगण मौजा ओदार, पर0 कोलअसला, तह0 पिण्डरा, जिला वाराणसी, 7- मंगला प्रसाद मिश्रा पुत्र चन्द्रबली मिश्रा निवासी मौजा लहंगपुर, पर0 कोलअसला, तह0 पिण्डरा, जिला वाराणसी, 8- दिलीप पाण्डेय दत्तक पुत्र रामजी पाण्डेय निवासी मौजा ओदार, पर0 कोलअसला, तह0 पिण्डरा, जिला वाराणसी, 9- चन्दन पाण्डेय पुत्र जगदीश पाण्डेय, 10- विक्की पाण्डेय पुत्र राजेन्दर पाण्डेय निवासीगण मौजा ओदार, पर0 कोलअसला, तह0 पिण्डरा, जिला वाराणसी, 11- रेखा सतीश कुमार दीक्षित पत्नी सतीश कुमार दीक्षित निवासी मौजा ओरांव, पर0 कोलअसला, तह0 पिण्डरा, जिला वाराणसी हालपता मौजा रूम नं 1 गुरूनानक नगर वसई थाना महाराष्ट्र, 12- ग्राम पंचायत बजरिये ग्रामसभा अध्यक्ष मौजा ओदार, पर0 कोलअसला, तह0 पिण्डरा, जिला वाराणसी।

बावजह हो कि .... आपके नाम एक नालिश बाबत दाखिल हुआ है। लिहाजा आपको लाजिम है कि खुद या बजरिये अधिवक्ता/ वकील हाजिर होकर कुछ उज्र हो आज तारीख 03 माह 11 सन् 2026 ई0 बवक्त 10.00 बजे बमुकदमा अदालतन या बजरिये अधिवक्ता/ वकील अदालत हाजा में हाजिर होकर मुकदमें की पैरवी करें वरना आपके खिलाफ एकतरफा हुक्म सादिर कर दिया जायेगा।

वसिका मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत है आज दिनांक .. माह .. सन् .... ई0 को जारी किया गया। -न्यायालय

अदालती सम्मन

सम्मन बगरज एनफैसाल मुकदमा
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी
पिण्डरा वाराणसी
वाद सं0 सन् 2026
धारा 116 उ0प्र0रा0सं0 2006
विनोद बनाम कृष्णा प्रसाद
ता.पेशी-21.10.2026 जवाब/तनकीह

बनाम- 1- कृष्णा प्रसाद पुत्र स्व0 हृदयनारायण निवासी मौजा रोह, पर0 कोलअसला, तह0 पिण्डरा, जिला वाराणसी, 2- ग्राम पंचायत बजरिये ग्राम प्रधान मौजा रोह, पर0 कोलअसला, तह0 पिण्डरा, जिला वाराणसी।

बावजह हो कि .... आपके नाम एक नालिश बाबत दाखिल हुआ है। लिहाजा आपको लाजिम है कि खुद या बजरिये अधिवक्ता/ वकील हाजिर होकर कुछ उज्र हो आज तारीख 21 माह 10 सन् 2026 ई0 बवक्त 10.00 बजे बमुकदमा अदालतन या बजरिये अधिवक्ता/ वकील अदालत हाजा में हाजिर होकर मुकदमें की पैरवी करें वरना आपके खिलाफ एकतरफा हुक्म सादिर कर दिया जायेगा।

वसिका मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत है आज दिनांक .. माह .. सन् .... ई0 को जारी किया गया। -न्यायालय

सूचना

मैं, साहिना परवीन, पत्नी इलियास मंसूरी, निवासी अहिरौली, सिकंदरपुर, तहसील-बेल्थरा, जिला- बलिया, यह घोषणा करती हूँ कि मेरे बेटे का नाम उसके एकेडमिक डॉक्यूमेंट्स में गलती से आशिफ अहमद और उसकी माँ का नाम शाहीना परवीन लिखा है, जबकि उसका सही नाम आसिफ अहमद है और उसकी माँ का नाम साहिना परवीन है। प्रिंसिपल, लिटिल फ्लावर चिल्ड्रन स्कूल, किडिहीरापुर, बलिया से अनुरोध है कि वे ऊपर दी गई घोषणा पर ध्यान दें और सभी एकेडमिक डॉक्यूमेंट्स में ऊपर दिए गए सुधार किए जाएं।

अदालती सम्मन

सम्मन बगरज एनफैसाल मुकदमा
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय उपजिलाधिकारी पिण्डरा वाराणसी
वाद सं0 624 सन् 2026
धारा 116 उ0प्र0रा0सं0 2006
राधेश्याम बनाम शारदा प्रसाद
ता.पेशी-23.10.2026 जवाब/तनकीह

बनाम- 1- शारदा प्रसाद पुत्र स्व0 बालकिशुन, 2- धनंजय कुमार, 3- भाईराम पुत्रगण स्व0 रामलखन समस्त निवासीगण ग्राम व पोस्ट कनियर नारायणपुर, पर0 पन्द्रह, तह0 पिण्डरा, जिला वाराणसी, 4- ग्राम पंचायत मौजा कनियर, पर0 पन्द्रह, तह0 पिण्डरा, जिला वाराणसी बजरिये ग्राम प्रधान मौजा मजकूर।

बावजह हो कि .... आपके नाम एक नालिश बाबत दाखिल हुआ है। लिहाजा आपको लाजिम है कि खुद या बजरिये अधिवक्ता/ वकील हाजिर होकर कुछ उज्र हो आज तारीख 23 माह 10 सन् 2026 ई0 बवक्त 10.00 बजे बमुकदमा अदालतन या बजरिये अधिवक्ता/ वकील अदालत हाजा में हाजिर होकर मुकदमें की पैरवी करें वरना आपके खिलाफ एकतरफा हुक्म सादिर कर दिया जायेगा।

वसिका मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत है आज दिनांक .. माह .. सन् .... ई0 को जारी किया गया। -न्यायालय

सूचना

मैं, कृष्णा कुमार भारद्वाज पुत्र अशोक कुमार, निवासी ग्रा0 साकिन जहिदपुर, पो0 फरसाटार, थाना उभाव, जनपद बलिया, उत्तर प्रदेश, एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम KRISHNA KUMAR BHARDWAJ तथा पासपोर्ट में KRISHN KUMAR BHARDWAJ अंकित है। दोनों नाम मेरे ही हैं तथा दोनों दस्तावेजों में नाम का अंतर वर्तनी संबंधी है। मेरा सही नाम KRISHNA KUMAR BHARDWAJ (कृष्णा कुमार भारद्वाज) है। भविष्य में इसी नाम को मान्य माना जाएं।

अदालती सम्मन

सम्मन बगरज एनफैसाल मुकदमा
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी
पिण्डरा वाराणसी
वाद सं0 सन् 2026
धारा 116 उ0प्र0रा0सं0 2006
लालचंद्र बनाम नेही उर्फ महिलाल
ता.पेशी-27.10.2026 जवाब/तनकीह

बनाम- 1- नेही उर्फ महिलाल थाकुर प्रसाद गुप्ता पुत्र ठकुरी उर्फ थाकुर प्रसाद गुप्ता निवासी ग्राम परसरा, पर0 कोलअसला, तह0 पिण्डरा, जिला वाराणसी, 2- छेदी लाल गुप्ता पुत्र रामजी निवासी ग्राम परसरा, पर0 कोलअसला, तह0 पिण्डरा, जिला वाराणसी, 3- बेदी लाल रामजी गुप्ता पुत्र रामजी निवासी ग्राम परसरा, पर0 कोलअसला, तह0 पिण्डरा, जिला वाराणसी, 4- रामकिशन रामजी गुप्ता पुत्र रामजी निवासी ग्राम परसरा, पर0 कोलअसला, तह0 पिण्डरा, जिला वाराणसी, 5- नन्दनी विश्वकर्मा पत्नी लाल बहादुर विश्वकर्मा निवासिनी परसरा, पर0 कोलअसला, तह0 पिण्डरा, जिला वाराणसी, 6- विजय कुमार मौर्या पुत्र कैलाशनाथ निवासी एस0 13/26 ए-1 तरना बाजार वाराणसी, 7- ग्राम पंचायत बजरिये ग्राम प्रधान मौजा परसरा, पर0 कोलअसला, तह0 पिण्डरा, जिला वाराणसी।

बावजह हो कि .... आपके नाम एक नालिश बाबत दाखिल हुआ है। लिहाजा आपको लाजिम है कि खुद या बजरिये अधिवक्ता/ वकील हाजिर होकर कुछ उज्र हो आज तारीख 27 माह 10 सन् 2026 ई0 बवक्त 10.00 बजे बमुकदमा अदालतन या बजरिये अधिवक्ता/ वकील अदालत हाजा में हाजिर होकर मुकदमें की पैरवी करें वरना आपके खिलाफ एकतरफा हुक्म सादिर कर दिया जायेगा।

वसिका मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत है आज दिनांक .. माह .. सन् .... ई0 को जारी किया गया। -न्यायालय

ट्रक और कार की टक्कर में राजस्व निरीक्षक की मौत

तरूणमित्र न्यूज

सोनभद्र। राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के ऊंचडीह गांव के समीप बुधवार की रात ट्रक और कार की आमने-सामने टक्कर में राजस्व निरीक्षक अनिल कुमार मौर्य (55) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार सवार दो अन्य लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। वहीं मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार, राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के वार्ड नंबर 5 निवासी अनिल कुमार मौर्य पुत्र स्व. छविनाथ मौर्य घोरावल तहसील क्षेत्र के शाहगंज सर्किल में राजस्व निरीक्षक के पद पर तैनात थे। बुधवार की रात वह कार से शाहगंज की तरफ से अपने घर राबर्ट्सगंज लौट रहे थे। कार में राबर्ट्सगंज के पूरब मोहाल वार्ड नंबर 1 निवासी राजेश कुमार सिंह पुत्र राजकिशोर सिंह भी सवार थे। कार अरुआंव निवासी रंजीत कुमार पुत्र बंशीधर चला रहे थे। सामने से आ रहे ट्रक से भिड़ी कारबताया गया कि रात करीब 11 बजे कार राबर्ट्सगंज-शाहगंज मार्ग पर ऊंचडीह गांव के पास पहुंची, तभी सामने से आ रहे ट्रक से उसकी टक्कर हो गई।

टक्कर इतनी भीषण थी कि कार सवार अनिल कुमार मौर्य की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं, राजेश कुमार सिंह और कार चालक रंजीत कुमार घायल हो गए।हादसे के बाद मौके पर आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा। इसके बाद मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आवश्यक कार्रवाई की।राजस्व निरीक्षक की मौत से विभाग में शोकअनिल कुमार मौर्य की मौत की खबर मिलते ही उनके परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। वहीं, गुरुवार सुबह मेडिकल कॉलेज स्थित पोस्टमार्टम हाउस पर राजस्व निरीक्षक की मौत की सूचना मिलने के बाद लेखपालों और राजस्व निरीक्षकों की भीड़ जुट गई। सहकर्मियों में घटना को लेकर शोक का माहौल रहा।

आरोपी संदीप जायसवाल को इलाहाबाद हाईकोर्ट से मिली जमानत

तरूणमित्र न्यूज

सोनभद्र। दलित किशोरी का अपहरण कर उसके साथ बलात्कार करने व राजस्थान में बेचने के मामले में 7 अक्तूबर 2026 को इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति कृष्ण पहल की कोर्ट ने मुख्य आरोपी संदीप कुमार जायसवाल की दूसरी जमानत अर्जी मंजूर कर लिया। मुख्य आरोपी संदीप कुमार जायसवाल 22 दिसंबर 2024 यानी करीब 21 माह से जेल में निरुद्ध है। कोर्ट ने 26 मार्च 2026 को करीब 6 माह पहले पहली जमानत याचिका खारिज कर दिया था।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक पन्नूगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दलित एवं वृद्ध व्यक्ति ने पन्नूगंज थाने में 10 दिसंबर 2024 को दी तहरीर में अवगत कराया था कि 28 नवम्बर 2024 को रात 10 बजे उसकी 16 वर्षीय बेटी कहीं चली गई। उसकी खोजबीन कर रहे हैं, लेकिन कहीं पता नहीं चल रहा है। बेटी अपने साथ मोबाईल ले गई है। आवश्यक कार्रवाई करें। इस तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात में एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचना के दौरान मुख्य आरोपी संदीप कुमार जायसवाल पुत्र महेंद्र निवासी सिल्थम पटना, थाना रामपुर बरकोनिया, जिला सोनभद्र समेत 6 लोगों का नाम प्रकाश में आया। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर 6 आरोपियों के विरुद्ध कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दिया।

पीड़िता के कथन के अनुसार, मुख्य आरोपी संदीप कुमार जायसवाल टेंट लगाने का काम करता था। एक दिन पीड़िता के गांव में टेंट लगाने के दौरान दोनों का परिचय हुआ और मुख्य आरोपी ने अपना मोबाइल नंबर दिया। इसके बाद कभी-कभी दोनों के बीच फोन पर बातचीत होती थी। आरोप है कि 28 नवम्बर 2024 की रात 10 बजे मुख्य आरोपी ने फोन करके किशोरी को घर से बाहर बुलाया। बाहर आने पर उसे कथित रूप से जबरन गाड़ी में बैठा लिया गया और उसका मुंह बंद कर दिया गया। आरोप के अनुसार, मुख्य आरोपी का दोस्त गाड़ी चला रहा था और किशोरी को सलखन ले जाया गया, जहां एक रात रुकने के दौरान उसके साथ कथित बलात्कार किया गया। अगले दिन किशोरी को एक महिला के घर ले जाने तथा उसके बाद संदीप और उक्त महिला द्वारा उसे वाराणसी से राजस्थान ले जाकर किशोरी को बेचने का आरोप लगाया गया है।

दूसरी जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने मुख्य आरोपी संदीप कुमार जायसवाल के अधिवक्ता ओमप्रकाश पाल के तर्कों जिसमें मुकदमे की सुनवाई अत्यंत धीमी गति से चलने, अब तक केवल चार गवाहों की गवाही दर्ज किए जाने,आवेदक का कोई आपराधिक इतिहास नहीं होने, 22 दिसंबर 2024 यानी करीब 21 माह से जेल में निरुद्ध होने के साथ ही उसने आश्वासन दिया है कि वह विचारण में सहयोग करेगा तथा जमानत की स्वतंत्रता का दुरुपयोग नहीं करेगा। कोर्ट ने जमानत का पर्याप्त आधार पाते हुए मुख्य आरोपी संदीप कुमार जायसवाल की दूसरी जमानत अर्जी मंजूर कर लिया।

सिय राम लखन सहित रघुराई....निकसे अवध बिहाइ...

तरूणमित्र न्यूज

रेणुकूट। हिंडाल्को रामलीला परिषद, रेणुकूट के तत्वावधान में आयोजित भव्य रामलीला मंचन के चौथे दिन भावनाओं, भक्ति और मर्यादा के अद्भुत संगम का सजीव प्रदर्शन किया गया। दिन की प्रमुख लीलाओं में राम राज्याभिषेक की घोषणा, राम वनगमन, राम-केवट संवाद का अत्यंत प्रभावशाली एवं हृदयस्पर्शी मंचन किया गया।

लीला का शुभारंभ राम राज्याभिषेक की घोषणा से हुआ। इस समाचार से संपूर्ण अयोध्या उत्सव के रंग में रंग गई और नगरवासी हर्षोल्लास के साथ राज्याभिषेक की तैयारियों में जुट गए। इसी बीच देवर्षि नारद चिंतन करते हैं कि यदि भगवान श्रीराम राजकाज में व्यस्त हो जाएंगे तो पृथ्वी को राक्षसों के अत्याचारों से मुक्ति कैसे मिलेगी। इसके पश्चात माता सरस्वती के मंथरा की वाणी पर विराजमान होने तथा उसके द्वारा महारानी कैकेयी के मन में भरत को राजगद्दी और श्रीराम को चौदह वर्ष का वनवास दिलाने का विचार उत्पन्न करने का दृश्य अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया।

मंथरा और कैकेयी के संवाद तथा कैकेयी द्वारा महाराज दशरथ से अपने दो वरदान मांगने के प्रसंग ने दर्शकों को भावुक कर दिया। इसके बाद भगवान श्रीराम द्वारा पिता की आज्ञा एवं रघुकुल की मर्यादा की रक्षा हेतु वनवास स्वीकार करने का प्रसंग मंचित किया गया। माता सीता एवं लक्ष्मण का श्रीराम के साथ वन जाने का निर्णय तथा अयोध्यावासियों का विलाप इतना सजीव था कि रामलीला मैदान में उपस्थित अनेक श्रद्धालुओं की आंखें नम हो उठीं।

वनगमन के दौरान गंगा तट पर प्रस्तुत राम-केवट संवाद विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। प्रभु श्रीराम के प्रति केवट की अटूट श्रद्धा, विनम्रता और समर्पण ने उपस्थित दर्शकों को भक्ति रस में डुबो दिया। भावपूर्ण संवादों और सशक्त अभिनय ने इस प्रसंग को अत्यंत जीवंत बना दिया।

इससे पूर्व मुख्य अतिथि एचआर हेड अजय सिन्हा ने वरिष्ठ अधिकारियों समेत विधिवत गणेश पूजन कर लीला का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जनसंपर्क विभाग प्रमुख यशवंत कुमार, रामलीला परिषद् के अध्यक्ष पी.के. उपाध्याय, सचिव आदित्य प्रकाश पाण्डेय एवं कोषाध्यक्ष पद्माकर मिश्र सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने भी पूजन एवं आरती में सहभागिता की। कार्यक्रम के अंत में रामलीला परिषद् के अध्यक्ष पी.के. उपाध्याय ने बताया कि पांचवें दिन की रामलीला में राजा दशरथ का निधन, भरत-मिलाप तथा शूर्पणखा नासिका भंग जैसे अत्यंत भावनात्मक एवं महत्वपूर्ण प्रसंगों का मंचन किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र के समस्त रामभक्तों एवं दर्शकों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर रामलीला का आनंद लेने का आग्रह किया।

दुष्कर्म मामले में दोषी छोटेलाल को 20 वर्ष की कैद

तरूणमित्र न्यूज

सोनभद्र। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट),सोनभद्र ओमकार शुक्ला ने बुधवार को थाना दुद्धी से संबंधित वर्ष 2019 के मामले में अभियुक्त छोटेलाल पुत्र प्रह्लाद निवासी हथवानी साउडीह,थाना हाथीनाला, जनपद सोनभद्र को नाबालिग पीड़िता को बहला-फुसलाकर ले जाने तथा दुष्कर्म के अपराध में दोषसिद्ध करते हुए 20 वर्ष कैद की सजा सुनाई। इसके ऊपर 40 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी।वहीं अर्थदंड की समूची धनराशि 40 हजार रुपये पीड़िता को मिलेगी। अभियुक्त की उम्र लगभग 35 वर्ष है, जबकि घटना के समय पीड़िता लगभग 13 वर्ष 2 माह की थी।

अभियोजन पक्ष के अनुसार, अभियुक्त 22 जून 2019 को पीड़िता को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। मामले की विवेचना के दौरान पीड़िता के बयान, चिकित्सकीय परीक्षण, जन्मतिथि प्रमाण-पत्र सहित अन्य साक्ष्य संकलित किए गए। अभियोजन की ओर से वादी, पीड़िता सहित कुल 9 साक्षियों के बयान कराए गए तथा दस्तावेजी साक्ष्य न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए गए। अभियुक्त को धारा 376(3) भादंसं व पॉक्सो एक्ट में 20 वर्ष का कारावास, धारा 363 भादंसं में 5 वर्ष का कारावास एवं अर्थदंड, धारा 366 भादंसं में 7 वर्ष का कारावास एवं 10,000 अर्थदंड तथा धारा 376(3) भादंसं एवं धारा 4 पॉक्सो एक्ट के अपराध में 20 वर्ष के कारावास एवं 25,000 अर्थदंड से दंडित किया गया। अर्थदंड अदा न करने पर 6 माह के अतिरिक्त कारावास को भुगतना होगा। न्यायालय के आदेश के अनुसार सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। न्यायालय ने यह भी निर्देशित किया कि अभियुक्त द्वारा पूर्व में जेल में बिताई गई अवधि का नियमानुसार समायोजन किया जाएगा। अर्थदंड की समूची राशि 40 हजार रुपये नियमानुसार पीड़िता को चिकित्सा एवं मानसिक आघात की पूर्ति तथा पुनर्वास के लिए सहायता प्रदान की जाएगी। अभियोजन की ओर से सरकारी वकील दिनेश प्रसाद अग्रहरी व नीरज कुमार सिंह ने बहस किया।

शारदीय नवरात्रि में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद, एएसपी किया पैदल गश्त

तरूणमित्र न्यूज

भदोही। शारदीय नवरात्रि पर्व के मद्देनजर जनपद में शांति, सुरक्षा और सुचारु यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। त्योहार के दौरान बाजारों में भीड़ बढ़ने और दुर्गा पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की आवाजाही को देखते हुए पुलिस लगातार गश्त कर रही है। गुरुवार की शाम एएसपी शुभम अग्रवाल ने थाना औराई क्षेत्र के महाराजगंज बाजार में भारी पुलिस बल के साथ पैदल गश्त किया।



इस दौरान एएसपी ने बाजार की गलियों, पूजा पंडाल स्थलों और प्रमुख चौराहों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। गश्त के दौरान एएसपी ने संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की सघन चेकिंग कराई। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया कि भीड़भाड़ वाले इलाकों में विशेष सतर्कता बरती जाए, महिला सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जाए। उन्होंने यातायात व्यवस्था का भी निरीक्षण किया और जाम की स्थिति से बचने के लिए पुलिसकर्मियों को यातायात सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए। एएसपी ने व्यापारियों और स्थानीय लोगों से भी बातचीत कर सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि नवरात्रि के पूरे नौ दिनों तक जिले भर में इसी तरह पैदल गश्त और चेकिंग अभियान चलता रहेगा ताकि पर्व शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न हो सके।

डीएम ने दिए समय से तैयारी पूरी करने के निर्देश

तरूणमित्र न्यूज

भदोही। जनगणना-2027 के द्वितीय चरण की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए समीक्षा की। इसके बाद डीएम शैलेश कुमार ने संबंधित अधिकारियों को सभी तैयारियां समय से पूरी करने के निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि जनगणना का कार्य निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार व्यवस्थित, पारदर्शी और सुचारु रूप से संपन्न कराया जाए। इसके लिए स्व-गणना प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर दिया।

उन्होंने बताया कि नागरिक 16 से 30 नवंबर तक घर बैठे अपने मोबाइल से स्व-गणना कर सकते हैं। इसके लिए आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर स्व-गणना विकल्प का चयन कर जानकारी दर्ज करनी होगी।

स्व-गणना में परिवार से जुड़े 40 प्रश्न पूछे जाएंगे, जो पांच श्रेणियों में होगी। जिसमें पहचान एवं परिवार, शिक्षा एवं भाषा, रोजगार, जन्म एवं प्रवास और अन्य जानकारी में बंटे हैं। डीएम ने लोगों से सभी प्रश्नों का सही और पूरा जवाब देने की अपील की। डीएम ने कहा कि सटीक जनगणना आंकड़ों से ही बेहतर विकास योजनाएं बनेंगी। सही गणना, सशक्त समाज, समृद्ध भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए हर नागरिक की भागीदारी जरूरी है।

जेल से छूटकर ससुराल पहुंची महिला के घर में चोरी

तरूणमित्र न्यूज

जौनपुर। थाना क्षेत्र के आरा गांव निवासी सुप्रिया पाठक पत्नी स्वर्गीय उपेन्द्र पाठक ने गौराबादशाहपुर पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसके ससुराल स्थित घर का ताला तोड़कर अलमारी में रखे लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण तथा छह लाख रुपये नकद पार कर दिए गए हैं। आजमगढ जनपद के बरदह थानाक्षेत्र के सहनूडिह निवासी पीड़िता का कहना है कि उसकी शादी लगभग 10 वर्ष पूर्व उपेन्द्र पाठक से हुई थी। बीते 30 जुलाई 2026 को उनके पति ने मायके में आत्महत्या कर ली थी, जिसके बाद बरदह थाने में उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। इस मामले में वह जेल चली गई थी और 23 सितंबर 2026 को माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद से जमानत मिलने के बाद 1 अक्टूबर 2026 को अपने भाई के साथ ससुराल आरा गांव पहुंची। ससुराल पहुंचने पर पीड़िता को पता चला कि घर के अंदर रखी अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे सोने का एक हार सोने की एक चेन एक मंगलसूत्र सोने की दो चूड़ी कुल कीमत लगभग 10 लाख रुपये तथा पति द्वारा जमीन बेचकर घर बनाने के लिए रखे गए 6 लाख रुपये नकद चोरी कर लिए गए हैं। पीड़िता का आरोप है कि पति के परिजनों अनुराग पाठक, अनुज पाठक, स्वाती तिवारी, श्रेया पाठक, राधिका पाठक व भांजी जूही चौबे ने मिलकर यह वारदात अंजाम दिया है और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़िता ने पुलिस से मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

इस सन्दर्भ में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ला ने बताया कि लगाये गये आरोपो की जांच की जा रही है यदि आरोप सही पाये गये तो मुकद्मा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

दुर्गा पूजा पंडालों पर 31 सफाई कर्मियों की लगाई गई ड्यूटी

तरूणमित्र न्यूज

जफराबाद। मच्छर जनित रोगों की रोकथाम और दुर्गा पूजा पंडाल की व्यवस्था को लेकर नगर पंचायत जफराबाद ने रोस्टर के द्वारा सफाई कर्मियों की ड्यूटी सुपर वाइजर की निगरानी के साथ लगा दी गई है। नगर पंचायत अध्यक्ष उम्मे रहिला और अधिशासी अधिकारी विजय कुमार सिंह के निर्देश पर बुधवार को देर शाम तक नगर के कई वार्डों में फॉगिंग कराई गई, साथ ही दुर्गा पूजा पंडालों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया।

नगर पंचायत कर्मियों की टीम ने दरीबा, राजभर बस्ती, सैयद अलीपुर, राम लीला मैदान, गोला बाजार सहित कई अन्य मोहल्लों में घूम-घूम कर फॉगिंग मशीन से दवा का छिड़काव किया।

नगर पंचायत चेयरमैन उम्मे रहिला ने बताया कि बरसात के बाद मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। इसे देखते हुए रोस्टर के हिसाब से हर वार्ड में क्रमवार फॉगिंग कराई जा रही है ताकि कोई क्षेत्र छूटने न पाए।साथ ही दुर्गा पूजा को लेकर सफाई व्यवस्था भी की गई है। चेयरमैन उम्मे रहिला ने बताया कि जनता स्कूल के पास और गोला बाजार स्थित दुर्गा पूजा पंडाल में साफ-सफाई और चूना छिड़काव के लिए सुपरवाइजर सौरभ के साथ 13 सफाईकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।रामलीला स्थल और सैयद हस दुर्गा पूजा पंडाल में 12 सफाईकर्मी दरीबा चौरा माता मंदिर के पास लगे दुर्गा पूजा पंडाल में 6 सफाईकर्मी कुल 31 सफाई कर्मी दोनों पालियों में लगातार साफ-सफाई और चूना छिड़काव कर रहे हैं।

अधिशासी अधिकारी विजय कुमार सिंह ने बताया कि दुर्गा पूजा पंडालों की सफाई और फॉगिंग, दोनों के लिए रोस्टर बनाकर कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसे मच्छर जनित रोगों से बचाव के लिए नाली, नाला और जलभराव वाले स्थानों पर विशेष रूप से फॉगिंग पर जोर दिया जा रहा है। यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

डीएम की अध्यक्षता में पीएम सूर्य घर योजना की हुई बैठक

तरूणमित्र न्यूज

जौनपुर । जिलाधिकारी सैमुअल पाल एन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पीएम सूर्य घर योजना की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने योजना के अंतर्गत वेंडरवार एवं बैंकवार लंबित आवेदनों की समीक्षा करते हुए संबंधित को निर्देशित किया कि सभी लंबित आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने बैंकों को निर्देश दिया कि पात्र लाभार्थियों के ऋण स्वीकृत एवं वितरित करने की प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब न किया जाए तथा बिना उचित कारण के ऋण आवेदनों को निरस्त न किया जाए।

उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि 07 नवम्बर तक कॉन्फ़िगरेशन से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु विशेष कैंप आयोजित किए जाएं। साथ ही कैंप की तिथियों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लाभार्थी इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने विद्युत विभाग को अपने स्तर से किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए।


बैठक में जिलाधिकारी ने सरकारी भवनों में स्थापित सोलर संयंत्रों की स्थिति की जानकारी लेते हुए उन्हें क्रियाशील बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित वेंडरों से सुझाव प्राप्त किए तथा उनकी समस्याओं को सुनकर उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नरेंद्र बहादुर सिंह, परियोजना अधिकारी नेडा नंदलाल , एल डी एम सहित संबंधित अधिकारी एवं वेंडर उपस्थित रहे।


अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम

जिले के वरिष्ठ अधिवक्ता पंडित मिन्नालाल तिवारी का निधन

तरूणमित्र न्यूज

जौनपुर। जिले के सिविल कोर्ट में फौजदारी के वरिष्ठतम अधिवक्ता रहे पंडित मिन्नालाल तिवारी एडवोकेट का आज गुरुवार को उनके ओलन्दगंज स्थित आवास पर निधन हो गया। वे लगभग 89 वर्ष के थे।


फाईल फोटो

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार जिले के मछली शहर तहसील क्षेत्र के महापुर गांव के निवासी स्वर्गीय पंडित हरिहर प्रसाद तिवारी के पुत्र पंडित मिन्नालाल तिवारी सिविल कोर्ट जौनपुर में 1965 से अपने वकालत की शुरुआत जिले के वरिष्ठ अधिवक्ता रहे स्व बल्देव जी मेहरोत्रा के यहां स्व सूर्यबली यादव एडवोकेट के साथ शुरुवात किए और जिले में फौजदारी के अति सफल वरिष्ठतम अधिवक्ता रहे। इनके पुत्र श्री राहुल तिवारी एडवोकेट भी अच्छे अधिवक्ता हैं। मिन्ना लाल तिवारी 89 वर्ष अपने जीवन के अमूल्य 61 साल दीवानी न्यायालय जौनपुर को दिए। वरिष्ठ अधिवक्ता श्री तिवारी के निधन का समाचार सुनकर जौनपुर शहर के विधायक और प्रदेश सरकार में खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद्र यादव उनके आवास पर आये और उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

वरिष्ठ अधिवक्ता मिन्नालाल तिवारी को शोक संवेदना प्रकट करने वालों में दीवानी अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अवधेश सिंह, मंत्री मनीष सिंह के साथ ही वरिष्ठ अधिवक्ता गण तेज बहादुर सिंह, प्रेम शंकर मिश्र दुष्यंत सिंह, गौरी शंकर मिश्रा, सतेंद्र बहादुर सिंह, रमेश चंद उपाध्याय, जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी लाल बहादुर पाल के साथ ही भारी संख्या में अधिवक्ता, व्यापारी, राजनेता और पत्रकार गण मौजूद रहे। श्री तिवारी का अंतिम संस्कार आदि गंगा गोमती के पावन तट रामघाट पर पूरे नागरिक सम्मान के साथ किया गया। वहां पर भी भारी संख्या में अधिवक्ता, समाजसेवी, व्यापारी, राजनेता और पत्रकार मौजूद रहे। वरिष्ठ अधिवक्ता मिन्नालाल तिवारी के शव को दीवानी न्यायालय अधिवक्ता संघ के परिसर में लाया गया, जहां पर भारी संख्या में अधिवक्ताओं ने उनके शव पर माल्यार्पण कर अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

केराकत में श्री दुर्गा पूजा महासमिति के कंट्रोल रूम का उद्घाटन

तरूणमित्र न्यूज

केराकत। श्री दुर्गा पूजा महासमिति केराकत की ओर से दुर्गा पूजा महोत्सव को व्यवस्थित एवं सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए स्थापित कंट्रोल रूम का गुरुवार को उद्घाटन किया गया। एसडीएम केराकत अखिलेश सिंह, क्षेत्राधिकारी गिरेन्द्र सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जायसवाल और अधिशासी अधिकारी (ईओ) सना सगीर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कंट्रोल रूम का शुभारंभ किया।

कंट्रोल रूम के माध्यम से दुर्गा पूजा के दौरान विभिन्न पूजा पंडालों और आयोजन से जुड़ी व्यवस्थाओं की निगरानी तथा संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए समन्वय स्थापित करने में मदद मिलेगी। इसका मुख्य उद्देश्य श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना और पूरे आयोजन को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने में सहयोग करना है।

इस अवसर पर श्री दुर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष अनिल सोनकर 'गांगुली' ने कहा कि दुर्गा पूजा को आपसी सौहार्द, भाईचारे और भक्तिमय वातावरण में संपन्न कराने के लिए समिति पूरी तरह प्रयासरत है। कंट्रोल रूम के जरिए व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने और आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने पर जोर दिया जाएगा।

कार्यक्रम में महासमिति के उपाध्यक्ष हंस कुमार सोनकर 'मकालू' और प्रवीण सरकार, महामंत्री गोविन्द गुप्ता, आशु उपाध्याय, कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद यादव, मनोज गुप्ता सहित महासमिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कृष्ण जायसवाल कमला यादव रजनीकांत कमलापुरी बीरू जायसवाल रमेश चंद्र संतोष साहू,रमेश साहू और जीतेश सही आदि लोग शामिल रहे । कार्यक्रम का संचालन महासमिति के अध्यक्ष अनिल सोनकर 'गांगुली' ने किया। समिति की ओर से श्रद्धालुओं से दुर्गा पूजा महोत्सव को आपसी प्रेम, सद्भाव और शांति के साथ मनाने की अपील की गई।

मुकेश राजपूत को तत्काल किया जाय गिरफ्तार

तरूणमित्र न्यूज

जौनपुर। शोसल मीडिया पर विपक्ष के नेता राहुल गांधी, राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी एवं लोकसभा सांसद प्रियंका गांधी को मुकेश सिंह राजपूत नाम के व्यक्ति द्वारा अभद्र टिप्पणी एवं गालियां दिए जाने के खिलाफ आक्रोशित कांग्रेसियों ने पुलिस अधीक्षक सहित जनपद के विभिन्न थानों में तहरीर देकर गाली देने वाले मुकेश सिंह राजपूत को गिरफ्तार किए जाने की मांग की। पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एवं संगठन प्रभारी राकेश मिश्रा के नेतृत्व में थाना प्रभारी खुटहन विक्रम लक्ष्मण सिंह को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया जाने की मांग की। कांग्रेस पार्टी के जिला उपाध्यक्ष राकेश मिश्रा ने तहरीर देते हुए कहा कि राहुल गांधी जी देश ,संविधान, लोकतंत्र और जनता को मिले मताधिकार को बचाने की लड़ाई लड रहे हैं। राहुल गांधी जी के इस महाआंदोलन से फिरका परस्त ताकतें बौखलाकर उन्हें गालियां देते हुए उनके विरुद्ध साजिश कर रहे हैं। कांग्रेस नेता राकेश मिश्रा ने कहा कि श्रीमती सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी जी का पूरा जीवन देश की सेवा में समर्पित है। ये सब देश के लिए बलिदान होने वाले परिवार से हैं। राकेश मिश्रा ने मुकेश सिंह राजपूत को तत्काल गिरफ्तार किए जाने की मांग करते हुए कहा कि राहुल गांधी जी सहित कांग्रेस के शीर्ष नेताओं को गालियां देने से कांग्रेसियों की भावनाये आहत हुई है।

महिला किसान दिवस पर महिलाएं हुई सम्मानित

तरूणमित्र न्यूज

बक्शा। बक्शा कृषि विज्ञान केंद्र पर गुरुवार को राष्ट्रीय महिला किसान दिवस पर दर्जनों महिला कृषको को सम्मानित किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ. विनोद सिंह के मार्गदर्शन में सभागार मे आयोजित कार्यक्रम में मौजूद महिला किसानों को जागरूक किया गया। इस दौरान वैज्ञानिक डॉ. सुरेन्द्र सोनकर, डॉ. राजीव सिंह, डॉ. रुपेश. डॉ. हरिओम वर्मा, डॉ. कंचन एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। महिला कृषकों में श्रीमती सरोज सिंह, रेनू सिंह, चंद्रकला, लक्ष्मी, वीरवती, हीरावती देवी आदि महिलाएं उपस्थित रही।

कलाम के सपनों को साकार करेंगे युवा : अभिषेक सिंह

तरूणमित्र न्यूज

जौनपुर। भारत रत्न एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के सपनों को साकार करने तथा विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका को रेखांकित करते हुए मोहम्मद हसन पी.जी. कॉलेज के सौदागर हॉल में उनकी जयंती के अवसर पर 'उड़ान कलाम मंच' के अंतर्गत प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता पूर्व आईएएस अधिकारी अभिषेक सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को अपने सपनों को केवल कल्पनाओं तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि ज्ञान, आत्मविश्वास, अनुशासन और निरंतर परिश्रम के बल पर उन्हें साकार करने का संकल्प लेना चाहिए। डॉ. कलाम का जीवन इस बात की प्रेरणा देता है कि साधारण परिस्थितियों से निकलकर भी असाधारण उपलब्धियाँ हासिल की जा सकती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा पहचानने, असफलताओं से सीखने और राष्ट्र के विकास में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लेफ्टिनेंट कर्नल पुष्पेंद्र सिंह ने की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, साहस और राष्ट्रसेवा को सफलता का मूलमंत्र बताते हुए युवाओं से जीवन में स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अब्दुल कादिर खान ने अतिथियों का स्वागत करते हुए डॉ. कलाम के प्रेरणादायी व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संयुक्त संचालन अहमद अब्बास खान एवं शादाँ जबीं ने किया।

हिस्ट्रीशीटर हत्याकांड में दूसरा आरोपी धर्मेन्द्र यादव गिरफ्तार

तरूणमित्र न्यूज

जौनपुर। केराकत थाना क्षेत्र के बलईपुर गांव में हिस्ट्रीशीटर गुलाब पाल की गोली मारकर हत्या के मामले में पुलिस ने दूसरे वांछित आरोपी धर्मेन्द्र यादव उर्फ धर्मू यादव को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसे खर्गसेनपुर पुलिया के पास से पकड़ा। आरोपी के खिलाफ हत्या के मामले में मुकदमा दर्ज है। पुलिस उसे नियमानुसार न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की कार्रवाई कर रही है।

पुलिस के अनुसार, 13 अक्टूबर की रात करीब एक बजे बलईपुर निवासी गुलाब पाल (29) पुत्र पतिराम पाल, ग्राम बीरमपुर में संग्राम पाल के घर तेरहवीं का भोज खाकर वापस लौट रहा था। इसी दौरान बलईपुर बैरगिया बाग के पास पुरानी रंजिश को लेकर उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी।

मामले में मृतक के पिता पतिराम पाल की लिखित तहरीर पर केराकत थाने में मुकदमा अपराध संख्या 415/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस मामले की विवेचना करते हुए आरोपियों की तलाश में जुटी थी। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी की पहचान धर्मेन्द्र यादव उर्फ धर्मू यादव पुत्र भुण्डल उर्फ हरिशंकर यादव, निवासी बलईपुर बैरगिया, थाना केराकत, जनपद जौनपुर के रूप में की है। इस मामले में उसकी गिरफ्तारी को पुलिस की कार्रवाई में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के दिशा-निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी केराकत के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में की गई। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय, हेड कांस्टेबल राकेश कुमार सिंह, कांस्टेबल रामअवतार सिंह और महिला कांस्टेबल गीता शामिल रहीं। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ फिलहाल इसी हत्याकांड से संबंधित मुकदमा दर्ज है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

बैठक में संगठन की सक्रियता और मतदाताओं से संपर्क बढ़ाने पर जोर

तरूणमित्र न्यूज

जौनपुर। आगामी स्नातक एवं शिक्षक विधान परिषद (एमएलसी) चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक सक्रियता बढ़ाने की दिशा में प्रयास तेज कर दिए हैं। इसी क्रम में गुरुवार को कलान स्थित शिवब्रत सिंह चिल्ड्रेन एकेडमी में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। मुख्य अतिथि शाहगंज विधायक रमेश सिंह ने भाजपा प्रत्याशी केदारनाथ सिंह और प्रमोद मिश्रा के समर्थन में मतदान की अपील करते हुए कार्यकर्ताओं से चुनाव की तैयारियों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। विधायक रमेश सिंह ने कहा कि चुनाव में संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं का आपसी समन्वय और मतदाताओं के साथ प्रभावी संवाद महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पूरी सक्रियता के साथ चुनावी तैयारियों में जुटने, मतदाताओं तक पहुंचने और पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसंपर्क को गति देने की अपील की। बैठक में चुनावी रणनीति, संगठनात्मक समन्वय और आगामी गतिविधियों को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र उपाध्याय, विश्वनाथ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के प्रबंधक वेद प्रकाश सिंह राजू, भाजपा मंडल अध्यक्ष अरसिया अवधेश दुबे, विद्यालय के संचालक शशांक सिंह, प्रधानाचार्य रुद्र प्रताप सिंह और चुनाव संयोजक संजय सिंह सहित शिक्षकगण उपस्थित रहे।

पत्नी से विवाद के बाद मोबाइल टावर पर चढ़ा युवक

तरूणमित्र न्यूज

जौनपुर। तेजी बाजार थाना क्षेत्र के कांधी गांव में पत्नी से विवाद के बाद आक्रोशित व्यक्ति मोबाइल टावर पर चढ़ गया। यह पूरा हाई वोल्टेज ड्रामा तब शुरू हुआ जब उसकी पत्नी ने उसके साथ वापस घर चलने से साफ इनकार कर दिया।

गैरीकलन निवासी विशाल कनोजिया का अपनी पत्नी रिंकी के साथ दो दिन पहले झगड़ा हुआ था। इस विवाद के बाद रिंकी अपने मायके या किसी रिश्तेदार के घर (कलिंजरा गांव) चली गई थी। विशाल अपनी 17 महीने की बेटी से मिलने कलिंजरा गया और रिंकी से वापस घर चलने की मिन्नतें की, लेकिन जब रिंकी नहीं मानी, तो विशाल का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। गुस्से में पागल विशाल सीधे कांधी गांव पहुंचा और वहां लगे एक मोबाइल टावर पर चढ़ गया। टावर की ऊंचाई देखकर नीचे खड़े लोगों में अफरा-तफरी मच गई और देखते ही देखते वहां भारी भीड़ जमा हो गई।

विशाल की इस जिद के बाद पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद तेजबाजार थाना प्रभारी सतेन्द्र भाई पटेल अपनी टीम और फायर ब्रिगेड के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस और बचाव दल ने करीब दो घंटे तक विशाल को समझाने की कोशिश की। काफी मशक्कत और बातचीत के बाद आखिरकार विशाल नीचे उतरने के लिए तैयार हुआ। पुलिस ने सावधानीपूर्वक उसे नीचे उतारा और उसके बाद विशाल, रिंकी और परिवार के अन्य सदस्यों को थाने ले जाया गया।थाने में पुलिस अधिकारियों ने दोनों पक्षों की काउंसलिंग की और उन्हें आपसी मतभेद सुलझाने की सलाह दी। पुलिस की मध्यस्थता और बातचीत का असर यह हुआ कि पति-पत्नी के बीच सहमति बनी और दोनों एक साथ अपने घर वापस लौट गए।


पुस्तक प्रदर्शनी में शामिल लोग

अब्दुल कलाम की जयंती पर लगी पुस्तक प्रदर्शनी

तरूणमित्र न्यूज

जौनपुर। देश के पूर्व राष्ट्रपति एवं मिशाइल मैन डा0 अब्दुल कलाम की जयंती पर धर्मापुर में पुस्तक प्रदर्शनी आयोजित की गयी। सौहार्द फेलो शीबा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उनके चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस मौके पर लोगों को अच्छी पुस्तकों के बारे में जानकारी दी गयी। वक्ताओं ने कहा कि कलाम साहब ने कहा था कि एक अच्छी किताब हजार के बराबर होती है, किन्तु एक सच्चा मित्र हजार पुस्तकों के बराबर होता है। इस अवसर पर सौहार्द फेलो शीबा से जुड़े लोगों के अलावा तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

आदर्श धर्ममंडल जंगीपुर की रामलीला शुरू

तरूणमित्र न्यूज

जौनपुर। सुप्रसिद्ध श्री आदर्श धर्ममंडल जंगीपुर के प्रचार प्रसार मंत्री डॉ उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि आज दिनांक पंद्रह अक्टूबर दो हज़ार छब्बीस से रामलीला का मंचन आरंभ हो रहा है इस साल हम लोग एक सौ छठवां वार्षिक मंचन समारोह मना रहे हैं। 15 अक्टूबर को नारद मोह रामजनम, सीता उत्पत्ति, 16 अक्टूबर को ताड़काब अहिल्या तारण धनुष यज्ञ श्री सीताराम विवाह, 17अक्टूबर को रामबन गमन, दशरथ मरण, भरत मन 18 अक्टूबर को सोपोर का नकटैया सीता, हरण, सबरी, मिलन, रामसुग्र मिताई, बालीबध 19 अक्टूबर को अशोक वाटिका, लंका दहन लक्ष्मण, शक्ति कुंभकरण और मेघनाद बध, 20 अक्टूबर को विजयदशमी का विराट विराट मेला और 21 अक्टूबर को सायं भरत मिलाप राजगद्दी और रामराज्य अभिषेक होगा।

वाहन की टक्कर से बालक गंभीर रूप से घायल

तरूणमित्र न्यूज

केराकत। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के नई बाजार में गुरुवार की शाम करीब चार बजे वाहन की टक्कर से सात वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायल बालक की पहचान धरौरा निवासी महेंद्र बनवासी के पुत्र छोटू के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, गुरुवार की शाम नई बाजार में बालक छोटू एक वाहन की चपेट में आ गया। टक्कर लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद घायल बालक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) केराकत पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। बालक की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के बाद परिजन बालक के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित रहे।

आपदा मित्रों को सरकारी यातायात साधनों में दी जाए छूट

तरूणमित्र न्यूज

जौनपुर। जनपद के आपदा मित्र/सखियों ने अपने छह सूत्रीय मांगों को लेकर शुक्रवार को जिलाधिकारी से मिलकर एक ज्ञापन सौंपा। कहा कि हम सभी आपदा मित्र/सखी अपने जिले क्षेत्र में कोई भी आपदायिक घटनाएं होती है वहां तुरन्त पहुंचते है और उचित कार्यवाही करते हैं। जिससे आम जनमानस को हानि तथा किसी प्रकार की घटना व दुर्घटना का सामना न करना पड़े। इस कार्य के लिए हमे सरकार द्वारा कोई देयराशि नहीं मिलती। इसके अतिरिक्त सरकार द्वारा घोषित पांच लाख बीमा राशि को बीस लाख करने, पंडित दीनदयाल राज्य कर्मचारी स्वास्थ्य कार्ड, ईएसआईसी कार्ड, पीएफ रिटायरमेंट सुविधा देकर सामाजिक सुरक्षा की गारंटी प्रदान करने, सरकार द्वारा स्वीकृत आपदा कार्यालयों में आपदा मित्रों को कार्यालय संचालित करने एवं अब तक किए गए कार्यों का भुगतान करने के साथ सरकारी यातायात साधनों में छूट प्रदान करने की मांग किया। इस अवसर पर रतन कुमार, संजीव कुमार समेत आपदा मित्र उपस्थित रहे।

शाहगंज विधानसभा क्षेत्र में चुनावी तैयारियों पर मंथन

तरूणमित्र न्यूज

जौनपुर। वाराणसी खंड स्नातक एवं शिक्षक विधान परिषद चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी ने अपनी चुनावी गतिविधियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में बुधवार को शाहगंज विधानसभा क्षेत्र के खुटहन, सुईथाकला और शाहगंज (सोधी) विकास खंडों में पार्टी प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बैठकें आयोजित की गईं। पूर्व ऊर्जा एवं नियोजन राज्य मंत्री शैलेंद्र यादव ललई ने चुनावी तैयारियों की कमान संभालते हुए कार्यकर्ताओं से प्रत्याशियों के समर्थन में मतदान की अपील की। उन्होंने मतदाताओं से निरंतर संपर्क बनाए रखने और संगठनात्मक समन्वय मजबूत करने पर जोर दिया।

शैलेंद्र यादव ललई ने कहा कि विधान परिषद चुनाव में संगठन की सक्रियता, कार्यकर्ताओं की एकजुटता और मतदाताओं तक प्रभावी पहुंच महत्वपूर्ण है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से स्नातक एवं शिक्षक मतदाताओं के बीच संवाद बढ़ाने और पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में समर्थन जुटाने का आह्वान किया। कार्यकर्ताओं से चुनाव को गंभीरता से लेते हुए संगठन की रणनीति के अनुरूप काम करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मतदाताओं से सीधा संवाद स्थापित करना, उनकी समस्याओं और अपेक्षाओं को समझना तथा पार्टी की नीतियों एवं प्रत्याशियों के पक्ष को उन तक पहुंचाना चुनावी अभियान का अहम हिस्सा है।जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी को चुनाव में महत्वपूर्ण बताते हुए सभी से आपसी समन्वय के साथ जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने स्नातक एवं शिक्षक मतदाताओं से संपर्क अभियान को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने पर जोर दिया।

बैठकों में तीनों विकास खंडों में चुनावी गतिविधियों को गति देने, मतदाताओं से संपर्क की रूपरेखा तैयार करने और संगठनात्मक स्तर पर समन्वय मजबूत करने को लेकर चर्चा हुई। पार्टी पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर चुनावी अभियान को व्यवस्थित ढंग से आगे बढ़ाने तथा प्रत्याशियों की जीत के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।

पूर्व सांसद की मनी पुण्यतिथि

तरूणमित्र न्यूज

जौनपुर। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के सिद्धिकपुर स्थित गुलाबी देवी महाविद्यालय परिसर में पूर्व सांसद स्वर्गीय अर्जुन सिंह यादव की 28वीं पुण्यतिथि समारोहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके व्यक्तित्व, कृतित्व एवं सामाजिक योगदान को याद किया।

इस दौरान डॉ. पंकज कुमार, डॉ. सुभाष चंद्र यादव और डॉ. इंदुमती सहित अन्य लोगों ने भी पूर्व सांसद के जीवन, संघर्ष और सामाजिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रीराम जानकी इंटर कॉलेज में शिक्षकों से मांगा समर्थन

तरूणमित्र न्यूज

जौनपुर। वाराणसी खंड स्नातक एवं शिक्षक विधान परिषद चुनाव 2026 को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने बदलापुर विधानसभा क्षेत्र में संपर्क अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में गुरुवार को बदलापुर के विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने सल्तनत बहादुर पीजी कॉलेज में क्षेत्र के विभिन्न कॉलेजों एवं महाविद्यालयों के प्रबंधकों के साथ बैठक कर भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन की अपील की। वहीं, श्रीराम जानकी इंटर कॉलेज, सरोखनपुर में शिक्षक साथियों से मुलाकात कर स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशियों के पक्ष में समर्थन मांगा।

बैठक में भाजपा के स्नातक प्रत्याशी केदार नाथ सिंह और शिक्षक प्रत्याशी प्रमोद मिश्र के समर्थन में चुनावी चर्चा की गई। विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने प्रबंधकों एवं शिक्षकों से संवाद करते हुए चुनाव में सक्रिय भागीदारी निभाने और प्रत्याशियों के पक्ष में समर्थन जुटाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव में मतदाताओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। शिक्षकों, शिक्षाविदों और महाविद्यालयों से जुड़े लोगों से संवाद स्थापित कर उनकी अपेक्षाओं को समझना तथा चुनाव से संबंधित विषयों पर चर्चा करना जरूरी है। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से समन्वय बनाकर संपर्क अभियान को आगे बढ़ाने की अपील की।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति, जिला महामंत्री संदीप तिवारी, पीयूष गुप्ता सहित विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष एवं पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

सात नमूने किया संग्रहित

तरूणमित्र न्यूज

जौनपुर। जनपद में स्थित विभिन्न तहसीलो में स्थित ई-कॉमर्स सेन्टरो का एवं अन्य खाद्य प्रतिष्ठानो का खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा किये जा रहे प्रवर्तन कार्यवाही के क्रम में खाद्य सचल द्वारा जनहित में प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण करते हुए आवश्यक कार्यवाही की गयी। लाइन बाजार रोड हुसेनाबाद, स्थित ब्लिंकिट कम्पनी के स्टोर हाउस का सघन निरीक्षण करते हुए खाद्य पदार्थ साबूदाना का नमूना संग्रहीत किया गया। जमदहा बाजार, शाहगंज स्थित इकरा ड्राई फूट्स एण्ड कैफे का सघन निरीक्षण करते हुए खाय पदार्थ खजूर का नमूना संग्रहीत किया गया। जमदहा खेतासराय, शाहगंज, जौनपुर स्थित विकास कुमार साहू पुत्र महेन्द्र साहू के प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ सिंघाडा आटा का नमूना संग्रहीत किया गया। नई बाजार केराकत, जौनपुर स्थित खुशी किराना स्टोर का सघन निरीक्षण करते हुए खाय पदार्थ मूंगफली दाना (खुला) का नमूना संग्रहीत किया गया।

प्रतिबंधित मांझे के कहर से बचाव के लिए चला जागरूकता अभियान

तरूणमित्र न्यूज

जौनपुर। प्रतिबंधित कीलर मांझे से होने वाली दर्दनाक घटनाओं पर अंकुश लगाने और लोगों की जान बचाने के उद्देश्य से अधिवक्ता विकास तिवारी द्वारा स्कूल-स्कूल जाकर जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को उन्होंने राममूर्ति इंटर कालेज, गोपालपुर गजना, विकास खण्ड धर्मापुर, जौनपुर पहुंचकर बच्चों को सुरक्षित पतंगबाजी के प्रति जागरूक किया और उन्हें प्रतिबंधित मांझे का इस्तेमाल न करने का संकल्प दिलाया।

अभियान के दौरान बच्चों ने संकल्प लिया कि वे पतंग उड़ाने के लिए केवल सूती धागे का प्रयोग करेंगे। यदि उन्हें अपने आसपास या बाजार में कोई दुकानदार प्रतिबंधित मांझा बेचता दिखाई देगा, तो वे अपने माता-पिता के माध्यम से पुलिस को इसकी सूचना देंगे।

अधिवक्ता विकास तिवारी ने बच्चों को समझाया कि नायलॉन, चाइनीज, सिंथेटिक, नॉन-बायोडिग्रेडेबल, तात और सीसा लेपित मांझा केवल पतंग उड़ाने का धागा नहीं, बल्कि इंसानों और बेजुबान पक्षियों की जिंदगी के लिए गंभीर खतरा है। इसकी चपेट में आने से किसी राहगीर या दोपहिया वाहन चालक की जान जा सकती है। उन्होंने बच्चों से अपील की कि वे स्वयं जागरूक बनें और अपने परिवार तथा आसपास के लोगों को भी सुरक्षित पतंगबाजी के लिए प्रेरित करें।

उक्त अवसर पर अभय मिश्र,अजय राय, बृजेश यादव , अंकित यादव, शिवराज यादव , सूरज राय ,चन्द्रेश यादव आदि उपस्थित रहे।

नंद प्लाईवुड हार्डवेयर एण्ड होम डेकोर का हुआ उद्घाटन

तरूणमित्र न्यूज

जौनपुर। शारदीय नवरात्र के पंचम दिन गुरूवार को नंद खाना-खजाना शाहगंज बाईपास रोड कुत्तूपुर स्थित नंद प्लाईवुड हार्डवेयर एण्ड होम डेकोर प्रतिष्ठान का वैदिक पूजन के साथ भव्य उद्घाटन हो गया। इस अवसर पर प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर शाश्वत नंद, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, विजय प्रकाश श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव एवं संजय श्रीवास्तव एडवोकेट ने संयुक्त रूप से बताया कि हमारे यहां प्लाईवुड एवं हार्डवेयर के सभी सामान उचित दर पर उपलब्ध है। ग्राहकों का विशेष ध्यान रखते हुए हर सामानों पर क्वालिटी का विशेष ध्यान रखा गया है। अब उन्हें अच्छे बांडेड सामानों के लिए दर-दर भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी। हमारे यहां एक ही छत के नीचे हार्डवेयर के साथ-साथ होम डेकोर के भी सभी सामान पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। हमे पूरी उम्मीद है कि संबंधित अन्य फर्मों के समान यहां भी ग्राहकों का मुझे पूरा स्नेह मिलेगा। इस अवसर पर राज्यमंत्री गिरीश चन्द्र यादव, डा0 क्षितिज शर्मा, तरुणमित्र समाचार पत्र के संपादक आदर्श कुमार सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।



नंद प्लाईवुड हार्डवेयर एण्ड होम डेकोर का शोरूम

80 करोड़ की ठगी के आरोपी संतोष यादव के बेहड़ा गांव से जुड़े तार

तरूणमित्र न्यूज

केराकत। गाजीपुर में करीब 80 करोड़ रुपये की कथित ठगी के मामले में अंजलि ग्रुप के सीएमडी संतोष यादव की गिरफ्तारी के बाद केराकत कोतवाली क्षेत्र के थानागद्दी चौकी अंतर्गत बेहड़ा गांव में भी तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। संतोष यादव के गांव का निवासी बताए जाने के बाद ग्रामीणों के बीच इस मामले को लेकर चर्चा तेज हो गई है।

ग्रामीणों के मुताबिक संतोष यादव के घर अक्सर चारपहिया वाहनों से लोगों का आना-जाना लगा रहता था। कुछ ग्रामीणों का कहना है कि करीब एक माह पूर्व 50 से अधिक लोग दर्जनों वाहनों से संतोष यादव के घर पहुंचे थे। हालांकि, उस समय गांव के अधिकांश लोगों को कथित ठगी के इतने बड़े मामले की जानकारी नहीं थी। ग्रामीणों के बीच चर्चा है कि मामला सामने आने के बाद संतोष यादव घर छोड़कर चला गया था। अब गाजीपुर में उसकी गिरफ्तारी और निवेशकों की रकम फंसने की खबर सामने आने के बाद गांव में लोग इस पूरे प्रकरण को लेकर चर्चा कर रहे हैं। संतोष यादव ने चंदवक बाजार में भी अपनी संस्था से जुड़ा कार्यालय खोल रखा था। कार्यालय में काम करने वाली महिलाओं के साथ किसी बात को लेकर विवाद के बाद मामला बढ़ने पर इसकी शिकायत चंदवक थाने तक पहुंची थी। संतोष यादव पर 18 प्रतिशत रिटर्न का लालच देकर अपनी कंपनी की विभिन्न योजनाओं में लोगों से निवेश कराने और बाद में भुगतान बंद करने का आरोप है। इस मामले में कई निवेशकों की बड़ी रकम फंसने की बात सामने आई है। गाजीपुर पुलिस मामले की जांच कर रही है। संतोष यादव की गिरफ्तारी के बाद बेहड़ा गांव और चंदवक बाजार में उसके कथित कारोबारी नेटवर्क को लेकर चर्चाएं हो रही हैं।

तरुणमित्र

शुक्रवार, 16 अक्टूबर 2026

संवत- 2083, अश्विन शुक्ल पक्ष.- 6

न्याय की प्रतीक्षा!

उत्तर प्रदेश में जनवरी 2019 में आयोजित सहायक अध्यापक भर्ती परीक्षा (एटीआरई) पास करने वाले 8,270 अभ्यर्थी आज भी नौकरी का इंतजार कर रहे हैं। सात वर्ष बीत चुके हैं। उम्र निकल रही है, परिवार की जिम्मेदारियां बढ़ रही हैं, और सपनों पर धूल जम रही है। राज्य सरकार ने मई 2022 में हलफनामे में खुद स्वीकार किया था कि आरक्षण नियमों का सही ढंग से पालन नहीं हुआ। इलाहाबाद हाईकोर्ट के दो फैसलों ने भी यही बात कही। फिर भी नियुक्तियां नहीं हुईं। 13 अक्टूबर 2026 को सुप्रीम कोर्ट में मामला सूचीबद्ध होने के बावजूद नंबर नहीं आया। अगली तारीख 18 नवंबर है।

यह सिर्फ एक प्रशासनिक देरी नहीं, बल्कि व्यवस्था की संवेदनहीनता का प्रमाण है। 2019 की यह भर्ती 69,000 पदों के लिए निकली थी। परीक्षा हुई, परिणाम आए, चयन सूची बनी और हजारों अभ्यर्थियों को नियुक्ति भी मिली। लेकिन आरक्षण के लागू करने में गड़बड़ी हुई। मेरिटोरियस रिजर्व्ड कैंडिडेट्स (आरक्षित वर्ग के वे अभ्यर्थी जो अनारक्षित कटऑफ पार कर गए थे) को सही श्रेणी में नहीं रखा गया। ओबीसी और एससी वर्ग को निर्धारित प्रतिशत से कम प्रतिनिधित्व मिला। हाईकोर्ट ने साफ कहा कि आरक्षण अधिनियम और सेवा नियमों का उल्लंघन हुआ है। सरकार ने हलफनामे में 8,270 पदों का आंकड़ा दिया गया जिनमें कई ऐसे अभ्यर्थी शामिल हैं जिन्हें नियुक्ति मिलनी चाहिए थी। फिर भी फाइलें अटकी हुई हैं। यह मामला सिर्फ नौकरी का नहीं, विश्वास का है। युवा पीढ़ी परीक्षा की तैयारी में सालों लगाती है। परिवार कर्ज लेकर कोचिंग भेजते हैं। जब राज्य खुद गलती स्वीकार करे और अदालतें आदेश दें, तब भी कार्रवाई न हो तो लोकतंत्र की साख पर सवाल उठता है। शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने का दावा करने वाली सरकार अगर अपने ही चयनित अभ्यर्थियों को सालों तक इंतजार करवाए तो प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता कैसे सुधरेगी? खाली पदों पर अनुबंधित या अस्थायी व्यवस्था चल रही होगी, लेकिन स्थायी और योग्य शिक्षक बच्चों के भविष्य के लिए जरूरी हैं। सुप्रीम कोर्ट में मामला लंबित है। 13 अक्टूबर को सुनवाई नहीं हुई। न्यायिक प्रक्रिया अपनी गति से चलती है, लेकिन सात साल की देरी अनुचित है। सरकार को चाहिए कि वह अदालत के अंतिम आदेश की प्रतीक्षा किए बिना, जहां संभव हो, रिक्त पदों पर इन अभ्यर्थियों को समायोजित करने का रास्ता निकाले। पहले से कार्यरत शिक्षकों की नौकरी सुरक्षित रखते हुए अतिरिक्त पदों या रिक्त स्थानों पर नियुक्ति दी जा सकती है। यह व्यावहारिक समाधान है। आरक्षण का उद्देश्य सामाजिक न्याय है। जब नियम सही लागू न हों तो वह उद्देश्य ही विफल हो जाता है। हाईकोर्ट के फैसलों के बाद भी अमल न होना प्रशासनिक इच्छाशक्ति की कमी दर्शाता है। अभ्यर्थी सड़कों पर प्रदर्शन करते रहे, याचिकाएं दाखिल करते रहे। उनकी आवाज को अब गंभीरता से सुनने की जरूरत है। 18 नवंबर की सुनवाई महत्वपूर्ण होगी। उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट इस लंबी प्रतीक्षा का अंत करेगा। राज्य सरकार को भी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। इन 8,270 युवाओं का समय वापस नहीं आएगा, लेकिन न्याय अभी भी दिया जा सकता है। शिक्षा विभाग और सरकार को याद रखना चाहिए कि शिक्षक भर्ती सिर्फ संख्या का खेल नहीं, बल्कि भविष्य निर्माण का दायित्व है।

...आज का दिन...

मेष-आज दिन 6/48 बजे तक असफलता, भाग्योन्नति का मार्ग अवरुद्ध, धर्म में अरुचि, यात्रा में हानि, शेष समय में आर्थिक समस्या का निवारण, धनागम भी।

वृषभ-आज दिन 6/48 बजे तक समय शुभ, अधूरे कार्यों की पूर्ति, विवाद का निर्णय पक्ष में, यात्रा का प्रसंग, शेष समय में दिनचर्या अव्यवस्थित, स्वास्थ्य में शिथिलता।

मिथुन-विचाराधीन योजना का मूर्तरूप में परिणित, कठिनाइयों के निराकरण हेतु नवप्रयास सार्थक, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, मनोविनोद के अवसर।

कर्क-स्वास्थ्य सुधार पर, मन प्रसन्न, व्यक्तिगत जीवन में महत्वपूर्ण घटना घटित, घरेलू वातावरण सुखद, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, आपसी सद्भाव।

सिंह-आज दिन 6/48 बजे तक स्वास्थ्य में शिथिलता, प्रगति में व्यवधान, यात्रा असफल, शेष समय में कठिनाइयों की निवृत्ति, अकल्पित लाभ, अधूरी योजना कार्यान्वित।

कन्या-आज दिन 6/48 बजे तक भाग्योन्नति, आरोग्य सुख, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, शेष समय प्रतिकूल, व्यय की अधिकता, कार्य व्यवसाय में निराशा, धन हानि संभव।

तुला-कार्य-व्यवसाय अर्थ पक्ष में उन्नति का सुअवसर, परोपकार की भावना जागृत, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, नवसम्पर्क से मसले हल, बकाए धन की वसूली।

वृश्चिक-विचारित कार्यों में प्रगति का सिलसिला, आपसी सलाह से कामयाबी, प्रतियोगिता में सफलता, विशिष्टजनों से अनुकूलता, पारस्परिक सम्बन्धों में अत्यधिक प्रगाढ़ता।

धनु-आज दिन 6/48 बजे तक ग्रहयोग विपरीत, समस्याओं से मन अशांत, शंका-कुशंका प्रभावी, वाहन से भय, शेष समय में सफलता, अधूरे कार्यों की पूर्ति।

मकर-आज दिन 6/48 बजे तक शुभ, व्यक्तित्व का विकास, आर्थिक उन्नति, मानसिक प्रसन्नता, शेष समय में साझेदारी के व्यापार में हानि, मित्रों से अवरोध।

कुम्भ-जटिल समस्या के समाधान में स्वजन सहायक, सहयोगियों की गतिविधियों से खुशी, वाद-विवाद में कमी, धार्मिक स्थलों की यात्रा से आनन्द की अनुभूति।

मीन-विचाराधीन योजना मूर्तरूप में परिणित, धन सम्पत्ति विषयक मसला हल, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, लाभ भी।

-: श्री विमल जैन :-

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद् एस-2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, आकांक्षा हास्पिटल के निकट, टैगोर टाउन एक्सटेंशन

भोजूबीर, वाराणसी-221002 (उ0प्र0)- मो0:-09335414722

पतिहंताओं को सख्त संदेश है नीले ड्राम वाली को फांसी की सजा



मेरठ के बहुचर्चित नीला ड्रम कांड में सौरभ राजपूत की कातिल उसकी पत्नी मुस्कान रस्तोगी और उसके प्रेमी साहिल शुक्ला को फांसी की सजा सुनाई गई है। पतिहंता महिला को पहली बार देश में फांसी की सजा सुनाई गई है। मुस्कान और साहिल ने सौरभ के पांच टुकड़े करके नीले ड्रम में सीमेंट डाल कर जमा दिए थे। यह समूचे समाज को भीतर तक झकझोरने वाला हत्याकांड रहा, जिसने भारतीय परिवारिक सामाजिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए। क्या कोई विवाहित महिला ऐसा भी कर सकती है? जिस दंपति के एक छोटी बच्ची हो, जिसका पति उसको बेपनाह प्यार करता हो, लेकिन विवाहित युवती ने न अपना भविष्य देखा और न बच्ची का... वह वासना भरे कथित प्यार में ऐसी अंधी हुई कि अपने प्रेमी के साथ मिल कर पति के ही पांच टुकड़े कर दिए। बुधवार को जब कोर्ट ने मुस्कान से पूछा कि तुमको क्या सजा दी जाए तो उसने सिर्फ इतना कहा, मेरी बच्ची छोटी है। जाहिर है, उसका अपराध दया माफी के काबिल बिल्कुल नहीं था।

यहां अदालत में न्याय के तख्त पर आसीन न्यायाधीश ने महाभारत के जिस श्लोक का अपने निर्णय में उल्लेख किया है वह गौरतलब है-निर्वनो वध्यते व्याघ्रो निर्व्याघ्रं छिद्यते वन। तस्माद्व्याघ्रो वनं रक्षेद् वनं व्याघ्रं च पालये इसका अर्थ है कि बिना वन (जंगल) के बाघ मारा जाता है और बिना बाघ के जंगल काट दिया जाता है। इसलिए बाघ को वन की रक्षा करनी चाहिए और वन को बाघ का पालन-पोषण करना चाहिए। इस श्लोक के माध्यम से अदालत ने समाज और कानून या दंड के बीच के परस्पर संबंधों को समझाया। जज ने स्पष्ट किया कि दंड भी धर्म है, यानी समाज की रक्षा के लिए अपराधी को उसके अपराध की गंभीरता के अनुसार दंड देना बेहद जरूरी है, ताकि समाज में संतुलन बना रहे। उन्होंने फैसला पढ़ना शुरू किया इससे पहले उन्होंने अहम टिप्पणी में कहा कि दंड भी धर्म है. उन्होंने महाभारत का जिक करते हुए कहा कि दंड को भी धर्म ही बताया गया है, यानी अपराधी को दंड देना धर्म है. आपको क्रमवार याद दिला दें कि 24 फरवरी 2025 को मर्चेंट नेवी अफसर सौरभ राजपूत लंदन से वापस मेरठ लौटे और इंदिरा नगर स्थित अपने घर पहुंचे.25 फरवरी 2025 को सौरभ के घर में उनकी पत्नी मुस्कान रस्तोगी का जन्मदिन मनाया गया.28 फरवरी 2025 को उनकी बेटी पीहू का जन्मदिन मनाया गया.3 मार्च 2025 अभियोजन पक्ष के अनुसार, साजिश के तहत सौरभ को नींद की दवा दी गई और उसके बाद उसके प्रेमी साहिल शुक्ला को घर बुलाया गया, जहां सौरभ की बेरहमी से हत्या कर दी गई. इसके बाद शव के टुकड़े कर उसे सीमेंट भरकर एक नीले ड्रम में सील कर दिया गया.4 मार्च 2025 इस दिन मुस्कान अपनी बेटी को मायके छोड़कर साहिल के साथ शिमला घूमने निकल गई और सौरभ के फोन से मैसेज भेजकर परिवार को धोखे में रखा.17 मार्च 2025 शिमला से लौटने के बाद जब मामले का खुलासा हुआ और पुलिस ी, तो घर के अंदर रखे नीले ड्रम से सौरभ राजपूत के शव के टुकड़े बरामद किए गए. पुलिस ने आरोपी मुस्कान और साहिल को गिरफ्तार किया. आपको बता दें कि 14 अक्टूबर को मुस्कान और साहिल को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश किया गया था. इससे पहले अदालत ने 30 सितंबर को मुस्कान और साहिल को सौरभ राजपूत की हत्या करने और उनके शव को छिपाने की कोशिश के मामले में दोषी करार दिया था. करीब 13 महीने तक चले मुकदमे में कुल 126 सुनवाई हुईं, जिसके बाद अदालत ने दोनों को सजा सुनाई. आपको बता दें कि सौरभ हत्या कांड के बाद कुछ और केस सामने आए। इन पर भी अदालतें देर सबेर फैसला सुनाएंगी। इसी माह की 16 तारीख को मेरठ के ही एक और केस का फैसला आना है, जिसमें रविता कश्यप और उसके प्रेमी अमरदीप ने अमित कश्यप की हत्या कर उसे सांप के काटने से हुई मौत दिखाने की कोशिश की। पति के बिस्तर पर सांप छोड़ दिया। सोनम रघुवंशी केस की भी आपको याद होगा। इस केस में सोनम पर अपने पति राजा रघुवंशी की हनीमून के दौरान हत्या करने का आरोप है। महाराष्ट्र के एक-दो नहीं, पांच से ज्यादा केस हैं। इसी तरह पुणे के केतन हत्याकांड ने भी विवाह जैसी संस्था की धज्जियाँ उड़ाई थीं। जिस रिश्ते से जीवन संवरने की उम्मीद होती है, वही बनने से पहले ही अगर मौत की वजह बन जाए तो भरोसा आखिर किस पर किया जाए? रिश्ते अब अपनी शर्तों पर चलाने की जिद में उलझते नजर आते हैं। आए दिन इस प्रकार की घटनाएं सामने आ रही हैं। सवाल हत्याओं से ज्यादा विवाह परंपरा, उसकी मर्यादा और रिश्तों के खून पर उठ रहे हैं। पति-पत्नी का रिश्ता विश्वास, प्रेम और साथ निभाने की प्रतिज्ञा पर टिका होता है। लेकिन जब इसी रिश्ते में विश्वास की जगह छल, संवाद की जगह हिंसा और मतभेद की जगह हत्या ले लेती है, तो सवाल केवल अपराध का नहीं, बल्कि पूरे समाज की सोच का यन जाता है। नीला ड्रम कांड और मुस्कान साहिल से जुड़े मामले ने समाज को झकझोरने के साथ यह सोचने पर भी विवश किया है कि आखिर वैवाहिक रिश्ते इस हद तक कैसे पहुंच रहे हैं कि जीवनसाथी ही जीवन का दुश्मन बन जाता है। पति की हत्या, शव को छिपाने और अपराध के साक्ष्य मिटाने जैसे आरोप किसी भी सभ्य समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं। ऐसे मामलों में जनभावना स्वाभाविक रूप से कठोरतम दंड की मांग करती है। और अदालत ने फांसी की सजा सुनाकर संदेश भी दिया कि जयन्यतम मामलों में कोई राहत नहीं दी जा सकती। भारतीय कानून में हत्या एक गंभीर दंडनीय अपराध है। एक जुलाई 2024 से लागू भारतीय न्याय संहित में हत्या के लिए मृत्युदंड या आजीवन कारावास तथा जुमनि का प्रावधान है। इससे पहले के अपराधों पर लागू कानून का निर्धारण घटना की तारीख और संक्रमण संबंधी कानूनी प्रावधानों के अनुसार होता है। नीला ड्रम कांड केवल एक अपराध की घटना नहीं है। इस घटना के बाद समाज की सोच भी बदली। विवाह योग्य लड़के खौफ में आ गए। वह विवाह से कतराने लगे। इस कांड ने विवाह परंपरा को ही सवालों के घेरे में ला दिया। सोशल मीडिया पर नीला ड्रम ऐसे छा गया, मानो उसका ही कसूर था। हालात-ए-कत्ल का मंजर देखकर पुलिस टीम के भी रोंगटे खड़े हो गए, जब नीले ड्रम में सौरभ राजपूत टुकड़े-टुकड़े होकर जमा पड़ा था। अपराध छिपाने के लिए शव के टुकड़े करना, उन्हें ठिकाने लगाना या साक्ष्य नष्ट करना जांच में महत्वपूर्ण परिस्थितियां रहीं। न्याय का उद्देश्य केवल अपराधी को दंडित करना नहीं, बल्कि कानून के प्रति समाज का विश्वास बनाए रखना भी है। नीला ड्रम कांड के बाद पति की हत्या से जुड़े दूसरे चर्चित मामलों की चर्चा ने एक गंभीर सवाल खड़ा किया है। क्या वैवाहिक रिश्तों में हिंसा और प्रतिशोध की प्रवृत्ति बढ़ रही है? इसका उत्तर केवल सुर्खियों और वायरल खबरों से नहीं दिया जा सकता। ये घटनाएं सामाजिक विकृतियों पर आत्ममंथन की मांग करती हैं। आर्थिक अपेक्षाएं, विवाहेतर संबंधों को लेकर विवाद, संदेह, अहंकार, संपत्ति के झगड़े और पारिवारिक हस्तक्षेप आदि इसके कई कारक हैं। ऐसे जघन्य अपराधों में फांसी की सजा केवल एक नजीर है। जिस पवित्र रिश्ते का खून हुआ, उसकी कहां सुनवाई होगी नीला ड्रम कांड में सुनाई गई सजा एक चेतावनी भर है।

अपराध की भयावहता केवल शव छिपाने के तरीके में नहीं, उस मानसिकता में भी है जो किसी इंसान की जान लेने को समस्या का समाधान समझती है। इस मानसिकता को बदलने के लिए कानून, परिवार, शिक्षा और समाज-सभी को अपनी भूमिका निभानी होगी।

सोशल मीडिया के इस दौर में तमाम तरह का अनैतिक असामाजिक और रिश्तों की पवित्रता को नष्ट करने वाली रील और सामग्री को वायरल कर परिवार व समाज को दूषित किया जा रहा है और नयी पीढ़ी में वैचारिक प्रदूषण का बीजारोपण कर भारतीय संस्कृति समाज और परिवार को तोडने का अधम काम किया जा रहा है। सबसे अहम सवाल है कि विवाह परंपरा को कैसे पुनर्जीवित और मजबूत बनाया जाए। सवाल यही है कि सात फेरों में साथ जीने-मरने का वादा करने वाले रिश्ते में आखिर जिंदगी इतनी सस्ती कैसे हो गई? इस गंदगी और अपराध की सोच को अंकुरित होने से पहले ही खत्म करना होगा तभी परिवार नाम की संस्था को बचाया जा सकता है।

मनोज कुमार अग्रवाल

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

सम्पर्क 9219179431

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कमजोर या चतुर प्रशासक



इतिहास में दो बार महाभियोग का सामना करने वाले एकमात्र अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप हैं। उनके खिलाफ अमेरिकी प्रतिनिधि सभा द्वारा दो बार महाभियोग प्रस्ताव पारित किया गया था। पहला महाभियोग दिसंबर 2019, उन पर अपने राजनीतिक लाभ के लिए यूक्रेन पर दबाव बनाने सत्ता के दुरुपयोग और कांग्रेस के काम में बाधा डालने के आरोप लगे थे। हालांकि, फरवरी 2020 में सीनेट ने उन्हें इन आरोपों से बरी कर दिया था। दूसरा महाभियोग, उन पर 6 जनवरी 2021 को अमेरिकी कैपिटल, संसद भवन में हुई हिंसा और भीड़ को भड़काने का आरोप लगाया गया था। इस मामले में भी बाद में सीनेट ने उन्हें बरी कर दिया था। अमेरिकी इतिहास में एंड्रयू जॉनसन और बिल क्लिंटन पर भी महाभियोग चलाया गया था, लेकिन उन दोनों पर केवल एक-एक बार ही यह कार्रवाई हुई थी। डोनाल्ड ट्रंप को अमेरिकी को बलशाली या कमजोर राष्ट्रपति कहना एक राजनीतिक मूल्यांकन की बात है, निर्विवाद ऐतिहासिक तथ्य नहीं। राजनीति विज्ञान और इतिहास में किसी राष्ट्रपति के कमजोरी या मजबूत होने का का निर्धारण इस आधार पर नहीं होता कि वे व्यक्तिगत रूप से कितने लोकप्रिय थे, बल्कि इस बात पर होता है कि उन्होंने अमेरिकी नीति, अर्थव्यवस्था, समाज और वैश्विक स्थिति पर कितना गहरा और स्थायी प्रभाव छोड़ा। अमेरिकी इतिहास में राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन का देश को टूटने से बचाना और गुलामी का अंत, फ्रैंकलिन डी. रूजवेल्ट का महान मंदी और द्वितीय विश्व युद्ध से देश को उबारना,और जॉर्ज वाशिंगटन, संस्थागत नींव रखने वाले को सबसे शक्तिशाली माना जाता है। जेम्स बुकानन ,गृहयुद्ध को रोकने में असमर्थता, एंड्रयू जॉनसन को अक्सर अमेरिकी इतिहास के कमजोर और असफल राष्ट्रपतियों में गिना जाता है, क्योंकि उनके कार्यकाल में देश संकटों से निपटने में विफल रहें हैं।हालांकि, नेतृत्व, नीतियों, लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति दृष्टिकोण, सहयोगी देशों से संबंधों और अमेरिकी समाज में बढ़ते ध्रुवीकरण के आधार पर उनकी आलोचना के पर्याप्त कारण हैं। अमेरिकी इतिहास में कुछ ही राजनीतिक हस्तियाँ ऐसी हुई हैं जिन्होंने डोनाल्ड ट्रंप जितनी तीव्र प्रतिक्रियाएँ, ध्रुवीकरण और बहसें पैदा की हों। जब यह प्रश्न उठाया जाता है कि क्या डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के कमजोर राष्ट्रपति हैं, तो यह केवल उनके कार्यकाल की सफलताओं या असफलताओं का आकलन नहीं रह जाता, बल्कि यह अमेरिकी प्रेसीडेंसी राष्ट्रपतियों की संस्था के इतिहास, शासन प्रणालियों और राजनीतिक संस्कृति की गहरी समीक्षा बन जाता है। इस विषय पर विचार करने के लिए हमें उनके कार्यकाल को इतिहास के अन्य प्रमुख राष्ट्रपतियों की तुलना में देखना होगा। इस संदर्भ में, डोनाल्ड ट्रंप का मूल्यांकन सीधा नहीं है। उनके समर्थकों की नजर में वे एक क्रांतिकारी और दूरदर्शी नेता हैं, जबकि आलोचकों की नजर में वे संस्थाओं को कमजोर करने वाले और लोकतांत्रिक मानदंडों को चुनौती देने वाले राष्ट्रपति रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप की शासन शैली पारंपरिक अमेरिकी राष्ट्रपतियों से बिल्कुल अलग थी। उनकी कार्यप्रणाली के मुख्य स्तंभ निम्नलिखित रहे है उन्होंने पारंपरिक अंतरराष्ट्रीय गठबंधनों (जैसे नाटो, पेरिस जलवायु समझौता, ईरान परमाणु समझौता) को चुनौती दी और अमेरिका के आर्थिक हितों को सबसे ऊपर रखा। उन्होंने चीन के साथ एक लंबा व्यापार युद्ध लड़ा । ट्रंप ने मुख्यधारा के मीडिया, खुफिया एजेंसियों (एफबीआई, सीआईए) और न्यायपालिका पर लगातार सवाल उठाए। उन्होंने रूढ़िवादी विचारधारा के न्यायाधीशों सुप्रीम कोर्ट में तीन नियुक्तियों सहित को नियुक्त किया, जिसे उनके समर्थकों ने ऐतिहासिक जीत माना। ट्रंप ने पारंपरिक प्रेस कॉन्फ्रेंस के बजाय ट्विटर अब एक्स के माध्यम से सीधे जनता से संवाद किया, जिसने राजनीतिक संवाद की भाषा को हमेशा के लिए बदल दिया।उनके कार्यकाल (2017-2021) में 2017 का कर कटौती और नौकरियां अधिनियम पारित हुआ, जिससे कॉर्पोरेट करों में भारी कमी आई और कोविड-19 महामारी से पहले अमेरिकी अर्थव्यवस्था में तेजी आई।डोनाल्ड ट्रंप को बेहतर ढंग से समझने के लिए उनकी तुलना अमेरिकी इतिहास के कुछ अन्य प्रमुख राष्ट्रपतियों से करना आवश्यक है

एंड्रयू जैक्सन से तुलना-डोनाल्ड ट्रंप की तुलना अक्सर 19वें सदी के राष्ट्रपति एंड्रयू जैक्सन से की जाती है। जैक्सन की तरह, ट्रंप ने भी खुद को आम आदमी का चैंपियन बताया और स्थापित राजनीतिक तंत्र के खिलाफ मोर्चा खोला। दोनों नेताओं ने अपनी राजनीतिक ताकत जनसमर्थन और लोकलुभावन अपील से प्राप्त की। जैक्सन की तरह ट्रंप ने भी कार्यपालिका की शक्ति को अपनी शैली के अनुसार मोड़ने का प्रयास किया।

रिपब्लिकन पार्टी के भीतर डोनाल्ड ट्रंप की नीतियां रोनाल्ड रीगन से भिन्न थीं। जहां रीगन मुक्त व्यापार, वैश्वीकरण और मजबूत अंतरराष्ट्रीय गठबंधनों के प्रबल समर्थक थे, वहीं ट्रंप ने संरक्षणवाद आयात शुल्क और अलगाववाद का मार्ग चुना। इसके बावजूद, दोनों ने करों में कटौती और रूढ़िवादी न्यायिक नियुक्तियों के एजेंडे को आगे बढ़ाया। संकट प्रबंधन में फ्रैंकलिन डी. रूजवेल्ट या अब्राहम लिंकन से अंतर मजबूत राष्ट्रपतियों की श्रेणी में वे नेता आते हैं जिन्होंने राष्ट्रीय संकटों के समय देश को एकजुट किया।


संजीव ठाकुर,

वरिष्ठ पत्रकार, लेखक,चिंतक, स्तंभकार,

रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415

चंदौली

चंदौली और वाराणसी के बॉर्डर पड़ाव में लगा भीषण जाम



तरूणमित्र न्यूज

डीडीयू नगर चंदौली। चंदौली और वाराणसी की सीमा पर स्थित व्यस्त पड़ाव क्षेत्र में आए दिन लगने वाले भीषण जाम ने अब प्रशासनिक महकमे की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आम जनता को रोज इस समस्या से दो-चार होना पड़ता है, लेकिन हाल ही में जब इसी ट्रैफिक जाम में वरिष्ठ अधिकारियों के वाहन फंसे, तब जाकर व्यवस्था की वास्तविक स्थिति सामने आई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश के चंदौली और वाराणसी बॉर्डर से जुड़े पड़ाव इलाके में यातायात की स्थिति बेहद अराजक हो गई। स्थिति तब और स्पष्ट हुई जब क्षेत्राधिकारी, जिलाधिकारी और यातायात निरीक्षक के काफिले की गाड़ियां इस लंबी जाम की कतार में फंस गईं। हालात इतने विकट हो गए कि प्रशासनिक अमले और पुलिस अधिकारियों के वाहनों को भी तय मार्ग छोड़कर गलत दिशा (रॉन्ग साइड) से आगे निकलने के लिए मजबूर होना पड़ा। पड़ाव क्षेत्र में ट्रैफिक जाम कोई नई या आकस्मिक घटना नहीं है, बल्कि यह यहां के निवासियों और यात्रियों के लिए एक रोजमर्रा की समस्या बन चुकी है। इस मार्ग से गुजरने वाले नौकरीपेशा लोग, व्यापारी, स्कूल जाने वाले बच्चे और अस्पताल जाने वाले मरीज रोजाना घंटों इस व्यवस्था की भेंट चढ़ते हैं। जाम के कारण लोगों का कीमती समय बर्बाद होता है और कई बार उनके जरूरी काम भी समय पर पूरे नहीं हो पाते हैं।

स्थानीय नागरिकों और राहगीरों का कहना है कि जब तक यह समस्या केवल आम जनता को प्रभावित कर रही थी, तब तक जिम्मेदार विभागों की ओर से कोई ठोस या स्थायी कदम नहीं उठाया गया। अब जब खुद आला अधिकारियों को इस दुविधा का सामना करना पड़ा है, तो यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि प्रशासन इस पर क्या दीर्घकालिक कदम उठाता है। पड़ाव चंदौली और वाराणसी को जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण ट्रांजिट पॉइंट है, जहां भारी वाहनों का दबाव और अनियोजित आवागमन अक्सर जाम का मुख्य कारण बनता है। पूर्व में भी स्थानीय लोगों द्वारा यातायात नियंत्रण के लिए पुलिस बल की स्थाई तैनाती और अतिक्रमण हटाने जैसी मांगें उठाई जाती रही हैं। अधिकारियों के वाहन फंसने की इस ताजा घटना के बाद एक बार फिर क्षेत्र में यातायात प्रबंधन को सुधारने की सख्त जरूरत महसूस की जा रही है, ताकि आम जनता को इस नासूर बन चुकी समस्या से मुक्ति मिल सके।

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का मौका

तरूणमित्र न्यूज

चंदौली। मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित पात्र नागरिकों और पहली बार मतदान करने की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए अच्छी खबर है। जिले के सभी मतदेय स्थलों पर 17 और 24 अक्तूबर को विशेष शिविर लगाए जाएंगे। सुबह 10 से शाम चार बजे तक बीएलओ मौजूद रहेंगे। इस दौरान पात्र नागरिक फार्म-6 भरकर मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए आवेदन कर सकेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर यह अभियान चलाया जा रहा है। दोनों विशेष शिविरों में



जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग

प्रत्येक मतदान केंद्र पर हेल्प डेस्क बनाई जाएगी, जहां फार्म 6 भरने और पंजीकरण की प्रक्रिया में

लोगों की मदद की जाएगी। आवेदन के साथ नवीनतम फोटो और जन्मतिथि व पते से संबंधित जरूरी दस्तावेज देने होंगे। शिविरों में प्राप्त आवेदनों का रिकॉर्ड सुरक्षित रखा जाएगा। अभियान के प्रचार-प्रसार के लिए प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया का सहारा लिया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी और संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी शिविरों की निगरानी करेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे शिविर में पहुंचकर मतदाता सूची में अपना नाम जांचें। नाम दर्ज नहीं होने पर पात्रता के अनुसार फार्म-6 भरकर पंजीकरण के लिए आवेदन करें।

चहनियाँ में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 39 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

तरूणमित्र न्यूज

चंदौली। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत गुरुवार, 15 अक्टूबर 2026 को जनपद चंदौली के विकास खंड चहनियाँ में भव्य सामूहिक विवाह कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस समारोह में कुल 39 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। कार्यक्रम के दौरान नवविवाहित जोड़ों को शासन द्वारा निर्धारित दैनिक उपयोग व उपहार सामग्री का वितरण कर उन्हें सुखद दाम्पत्य जीवन की शुभकामनाएं दी गईं।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में माननीया राज्यसभा सांसद श्रीमती दर्शना सिंह जी उपस्थित रहीं। उनके साथ



विकास खंड चहनियाँ के ब्लॉक प्रमुख, जनपद स्तर से नामित नोडल अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, ब्लॉक स्तरीय समस्त अधिकारी व कर्मचारी तथा समाज कल्याण विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में आए अतिथियों ने शासन की इस जन कल्याणकारी योजना की सराहना करते हुए कहा कि सामूहिक विवाह योजना से गरीब और जरूरतमंद परिवारों को अपनी बेटियों के विवाह में बड़ी राहत मिल रही है।

राजकीय महाविद्यालय में साइबर सुरक्षा कार्यशाला आयोजित

तरूणमित्र न्यूज

नौगढ़। राजकीय महाविद्यालय नौगढ़ में मिशन शक्ति 6.0 के तहत साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसका शुभारंभ प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार ने किया। साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ रक्षित टंडन ने ऑनलाइन जुड़कर संचार साथी, एम-कवाच 2 ऐप, मजबूत पासवर्ड तथा एआई के माध्यम से शिक्षा में सुधार पर मार्गदर्शन दिया। ऑनलाइन



बैंकिंग, ओटीपी फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट व हैकिंग से बचाव के तरीके बताए गए। साइबर हेल्पलाइन 1930, आपातकालीन सेवा 112 और वूमेन पावर हेल्पलाइन 1090 की जानकारी दी गई। थाना नौगढ़ के उपनिरीक्षक भृगुनाथ यादव व शिवानी , सत्या पाण्डे,उनकी महिला पुलिस टीम ने विद्यार्थियों की शंकाओं का समाधान किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कृष्ण कुमार तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. देवेंद्र नाथ गिरि ने किया।

पकड़ी, महुड़रिया एवं चहनिया ग्राम सभा में पशु आरोग्य मेले का आयोजन

तरूणमित्र न्यूज

चहनिया चंदौली। क्षेत्र स्थित पकड़ी, महुड़रिया एवं चहनिया ग्राम सभा में पशु आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में पशुपालकों को पशुपालन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इसमें नंदिनी कृषक समृद्धि योजना, मिनी नंदिनी योजना एवं गौ संवर्धन योजना के बारे में विस्तार से बताया गया। इस आयोजन के दौरान कुल 650 पशुओं का उपचार किया गया। इसके अतिरिक्त, 10 पशुओं का बधियाकरण किया गया तथा 2 पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान की



प्रक्रिया संपन्न कराई गई। इस अवसर पर ग्राम प्रधान, नीरज यादव, देवनाथ यादव, डॉ. एस. श्रीवास्तव, डॉ. एम.एम. अली एवं एलआईओ सुभाष यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

पशु आरोग्य मेले का उद्देश्य पशुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराना, पशुपालकों को सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना तथा पशुपालन को प्रोत्साहित करना रहा। इस प्रकार के आयोजनों से पशुपालकों को पशुओं के उपचार, प्रजनन एवं पशुपालन विभाग की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सहायता मिलती है।

चरवाहे का मिला संदेहास्पद अवस्था में शव, बकरियां भी गायब

तरूणमित्र न्यूज

नौगढ़। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंडी के जंगलों में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जंगल में बकरियाँ चराने गए लालमनी सिंह खरवार (पुत्र सुधु खरवार) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। लालमनी सिंह खरवार बुधवार सुबह लगभग 50 बकरियों को लेकर जंगल में चराने गए थे, लेकिन शाम तक घर वापस नहीं लौटे। परिजनों और ग्रामीणों ने रात में टार्ट और लाठी-डंडों के साथ दुर्गम जंगल में उनकी तलाश की, लेकिन उनका या बकरियों का कोई सुराग नहीं मिला।

गुरुवार सुबह करीब 10 बजे अन्य चरवाहों ने उनका शव जंगल में देखा, जिस पर चोट के निशान पाए गए हैं। इस घटना के



बाद से बकरियां भी रहस्यमय तरीके से गायब हैं। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी नौगढ़ देवेंद्र कुमार और नौगढ़ थाने की पुलिस मौके पर पहुँची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरवाया और आगे की विधिक कार्रवाई में जुट गई है। अधिकारियों का कहना है कि मौत के असली कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा और गायब बकरियों का भी जल्द पता लगा लिया जाएगा। इस घटना से पूरे इलाके में दहशत और सन्नाटा पसरा हुआ है।

चकिया में प्री-मेगा विधिक सहायता शिविर का आयोजन

तरूणमित्र न्यूज

चकिया, चंदौली। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार आगामी 01 नवंबर 2026 को जनपद चंदौली में मेगा एवं वृहद विधिक सहायता तथा सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में गुरुवार 15 अक्टूबर को विकास खंड चकिया परिसर में प्री-मेगा शिविर आयोजित कर विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। शिविर में जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, श्रम विभाग, कृषि विभाग, वित्तीय साक्षरता एवं जन जागरूकता विभाग सहित अन्य विभागों ने सहभागिता की। विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल लगाए गए, जिनके माध्यम से उपस्थित लोगों को सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

साथ ही पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन को सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना और पात्र व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने में सहायता करना रहा। ऐसे शिविरों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

वाराणसी में सात दिवसीय राष्ट्रीय वन्दे मातरम् शिविर का भव्य शुभारंभ

तरूणमित्र न्यूज

वाराणसी। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के स्वायत्त संस्थान मेरा युवा भारत (MY Bharat), वाराणसी द्वारा आज दिनांक 15 अक्टूबर 2026 को संत अतुलानन्द कॉन्वेंट स्कूल, कोईराजपुर, वाराणसी के परिसर में 7-दिवसीय आवासीय वन्दे मातरम् शिविर का गरिमामयी शुभारंभ हुआ।



इस राष्ट्रीय शिविर में देश के 6 अलग-अलग राज्यों से 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के 150 चयनित युवा प्रतिभागी प्रतिभाग कर रहे हैं। शिविर का मुख्य उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय चेतना, नेतृत्व क्षमता, नागरिक कर्तव्यों एवं सांस्कृतिक एकता का संचार करना है।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विनय कुमार सिंह (अपर जिलाधिकारी-प्रोटोकॉल, वाराणसी) द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उन्होंने देश के विभिन्न राज्यों से पधारे युवाओं को संबोधित करते हुए राष्ट्र-निर्माण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी पर बल दिया। इस गरिमामयी समारोह में राहुल सिंह सचिव संत अतुलानन्द कॉन्वेंट स्कूल, कोईराजपुर, वाराणसी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह के दौरान कार्यक्रम का कुशल एवं ओजस्वी मंच संचालन श्रीजन चतुर्वेदी द्वारा किया गया। इस अवसर पर राज्य कार्यालय (उत्तर प्रदेश) से नामित निरीक्षक के रूप में सहायक निदेशक श्री रवि दत्त, मेरा युवा भारत वाराणसी के लेखा एवं कार्यक्रम सहायक श्री विकास चौरसिया, राज्य कार्यालय से लेखा एवं कार्यक्रम सहायक सौरभ रस्तोगी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों, अधिकारियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों का हार्दिक धन्यवाद ज्ञापन श्री विकाश कुमार सिंह (उप निदेशक, मेरा युवा भारत, वाराणसी) द्वारा किया गया।

यह आवासीय शिविर 15 से 21 अक्टूबर 2026 तक संचालित होगा, जिसमें आगामी 7 दिनों तक प्रतिदिन प्रात:कालीन योग व शारीरिक सत्र, बौद्धिक व्याख्यान, नेतृत्व कौशल कार्यशालाएँ और सांस्कृतिक संध्या सत्र आयोजित किए जाएँगे।

वर्ल्ड पीस सोसाइटी की श्रद्धांजलि सभा आयोजित

तरूणमित्र न्यूज

वाराणसी। आज 15अक्टूबर को संस्था के बालाजी नगर कालोनी मे महासचिव मधुसूदन रक्षित की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

सभा में वरिष्ठ पत्रकार दीनबंधु राय की माता जी 75 वर्षीय जनक दुलारी के आकस्मिक निधन पर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में स्व.जनक दुलारी के सहज,सरल,दयालुता, धर्मनिष्ठ व्यवहार की सराहना करते हुए ईश्वर से उनकी आत्मा को अपने धाम मे परम विश्राम की कामना की। सभा में सर्वश्री अध्यक्ष डा.अरविंद केशरी, उपाध्यक्ष द्वय डा. सुनील कुमार सिंह, अजय कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार केशरी, संगठन मंत्री डाक्टर वी.पी. तिवारी आदि ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए संचालन दीपक कुमार ने किया।

छूटे हुए व युवा निर्वाचकों के लिए 17 एवं 24 अक्टूबर को विशेष कैम्पः एडीएम पंकज कुमार

तरूणमित्र न्यूज

वाराणसी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली में पंजीकरण से छूटे हुए एवं प्रथम बार/युवा निर्वाचकों के नाम सम्मिलित किये जाने हेतु 17 अक्टूबर, 2026 (शनिवार) एवं 24 अक्टूबर, 2026 (शनिवार) को जनपद के समस्त 3360 मतदान स्थलों पर विशेष कैम्प का आयोजन किया गया है।

इस तिथि पर सभी बूथ लेबिल अधिकारी अपने-अपने नियत मतदेय स्थलों पर प्रात: 10.00 बजे से अपरान्ह 4ः00 बजे तक ए0एस0डी0 तथा नो-मैपिंग वाले मतदाताओं की सूची के साथ उपस्थित रहकर फार्म- 6, 6ए, 7 एवं 8 प्राप्त करेंगें।



अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि उक्त तिथि पर जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों तथा पर्यवेक्षकीय अधिकारियों द्वारा बूथों का भ्रमण किया जायेगा। भ्रमण के दौरान यदि कोई बूथ लेबिल आफिसर अनुपस्थित पाया जाता है तो उसके विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही की जायेगी।

उक्त अभियान दिवसों के दिन जनपद के समस्त शिक्षण संस्थान / कार्यालय एवं अन्य संस्थान जहाँ पर गतदेय स्थल स्थापित है, खुले रहेंगे। उन्होंने जनसामान्य से अपील है कि 17 अक्टूबर, 2026 (शनिवार) एवं 24 अक्टूबर, 2026 (शनिवार) को अपने निर्दिष्ट और उनका नाम बूथ पर जाकर मतदाता सूची में अपना नाम देख सकते हैं। अत: जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो गयी हो अथवा पूर्ण हो अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नही हो पाया है, वे उक्त तिथि को अपने मतदान स्थल पर उपस्थित होकर निर्वाचक नामावली में अपना नाम सम्मिलित कराने हेतु फार्म-6 (प्रथम बार / युवा निर्वाचकों), फार्म-7 (मतदाता सूची से नाम अपमार्जन हेतु) एवं फार्म-8 (मतदाता सूची में प्रविष्टि में संशोधन अथवा स्थानान्तरण किये जाने हेतु) में पूर्ण विवरण भरकर एवं आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर बी.एल.ओ. को उपलब्ध करा दें। मतदाताओं द्वारा ऑनलाइन के माध्यम से आयोग के ऐप ECINET mobile app एवं वेबसाइट https://voters.eci.gov.in के माध्यम से भी फार्म-6, फार्म-7 एवं फार्म-8 भरकर सबमिट कर सकते है।

शहर में 97,857 बकायेदार भवनों पर कुल 295.73 करोड़ रुपये बकाया, 9,248 ने कराया पंजीकरण

नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने कर वसूली को लेकर चार जोनों की समीक्षा बैठक में दिए सख्त निर्देश

तरूणमित्र न्यूज

वाराणसी। नगर निगम की एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) का लाभ उठाकर गृहकर बकाया पर 100 प्रतिशत ब्याज माफी पाने का सुनहरा अवसर केवल 14 नवंबर तक है। 14 नवंबर तक अपना पंजीकरण कराने वाले भवन स्वामियों को 31 दिसंबर तक टैक्स जमा करने पर ओटीएस का पूरा लाभ दिया जाएगा। यदि 14 नवंबर तक पंजीकरण नहीं कराया गया, तो भवन स्वामियों को मूल बकाये के साथ पूरा सरचार्ज/ब्याज देना होगा। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने गुरुवार को नगर निगम के सभागार में कर वसूली को लेकर चार जोनों (आदमपुर, वरूणापार, ऋषि मांडवी और सारनाथ जोन) की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने निर्धारित लक्ष्य की शत-प्रतिशत वसूली करने के सख्त निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने कर व राजस्व अधीक्षकों से भवन स्वामियों को जागरूक करें, क्षेत्र में विशेष कैंप लगाएं और अधिक से अधिक बकायेदारों का मोबाइल नंबर से पंजीकरण कराकर वसूली में तेजी लाने का निर्देश दिया। नगर आयुक्त ने स्पष्ट किया कि 15 दिन बाद पुन: समीक्षा बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें प्रगति की जांच होगी। बैठक में अपर नगर आयुक्त दुर्गेश मिश्रा, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी कुमार असीम रंजन, कर अधीक्षक व राजस्व अधीक्षक मौजूद रहे।नगर निगम क्षेत्र में कुल 97,857 बकायेदार भवनों पर 209.96 करोड़ रुपये का मूल टैक्स और 85.76 करोड़ रुपये का ब्याज, यानी कुल 295.73 करोड़ की मांग है। यदि सभी बकायेदार 14 नवंबर तक रजिस्ट्रेशन करा लेते हैं, तो उन्हें 85.76 करोड़ रुपये की भारी ब्याज राशि से पूरी राहत मिल सकती है। हालांकि, अब तक केवल 9,248 भवन स्वामियों ने ही ओटीएस के तहत पंजीकरण कराया है, जिस पर 24.86 करोड़ रुपये की मांग दर्ज हुई है और 3.96 करोड़ रुपये की वसूली हुई है।



नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल अधीनस्थ अफसरों संग समीक्षा बैठक करते हुए

कश्मीर से होकर बौद्ध धर्म अन्य देशों तक पहुंचाः प्रो नज़रुल बारी

तरूणमित्र न्यूज

वाराणसी। इतिहास विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में गुरुवार को एक दिवसीय विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया द्य जिसका शीर्षक उद्भव से पतन तक कश्मीर में बौद्ध धर्म की ऐतिहासिक यात्रा था। इस व्याख्यान के मुख्य वक्ता प्रो मुहम्मद नज़रूल बारी (प्राचीन इतिहास विभाग,अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय) थे। प्रो नज़रुल बारी ने इतिहास के स्रोतों की चर्चा करते हुए, पुरातात्विक स्रोतों को इतिहास का प्रारंभिक आधार बताया। साथ ही प्रोफेसर बरी ने कालक्रम को इतिहास की आधार- पीठिका बताते हुए अनुसंधान पद्धति की विशिष्टता एवं उपयोगिता से विद्यार्थियों को अवगत करवाया। कश्मीर की प्राचीनतम पृष्ठभूमि एवं उसके भौगोलिक परिवेश के बारे में बताते हुए अनेक महत्वपूर्ण साहित्यिक एवं वैज्ञानिक तथ्यों को प्रस्तुत किया। अपने वक्तव्य में उन्होंने कश्मीर में बौद्ध धर्म की स्थापना ,विकास एवं पतन को विस्तृत रूप से प्रस्तुत किया। प्रो नज़रुल बारी ने बौद्ध धर्म के उत्कर्ष में सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक कारणों को बताया। बौद्ध धर्म ,बौद्ध स्मारकों एवं मठों के नष्ट किए जाने के पीछे राजनीतिक कारणों को प्रमुख बताया। कार्यक्रम के संयोजक विभागाध्यक्ष प्रो आनंद शंकर चौधरी (इतिहास विभाग)थे द्य कार्यक्रम का संचालन डॉ अंजना वर्मा एवं डॉ धन्यवाद ज्ञापन डॉ रविन्द्र कुमार गौतम ने किया द्य इस अवसर पर डॉ रमेश प्रकाश चतुर्वेदी, डॉ बिरेंद्र प्रताप, डॉ मनोज कुमार सिंह, डॉ शैलेश कुमार, डॉ गोपाल यादव, डॉ प्रिया श्रीवास्तव, डॉ अंजु सिंह, डॉ संदीप कुमार सिंह, डॉ सारिका गौतम, डॉ प्रियंका सिंह सहित बड़ी संख्या में छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।



मुख्य अतिथि प्रो नज़रुल बारी का स्वागत करते विभागाध्यक्ष प्रो आनंद शंकर चौधरी व डॉ रविन्द्र कुमार गौतम

काशी विद्यापीठ 2021-22 के स्नातक छात्रों को पाठ्यक्रम पूर्ण करने का अन्तिम अवसरः दीप्ति मिश्रा

तरूणमित्र न्यूज

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में कुलपति प्रो. आनन्द कुमार त्यागी के आदेशानुसार शैक्षिक सत्र 2021-22 में स्नातक पाठ्यक्रम (एनईपी) बी.ए., बी.कॉम., बी.एस-सी. एवं बी.बी.ए. में पंजीकृत छात्र जिनके पाठ्यक्रम पूर्ण करनें की अवधि समाप्त हो गयी है, ऐसे परीक्षार्थियों को पाठ्यक्रम पूर्ण करने हेतु एक अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए छठे वर्ष में विषम सेमेस्टर (प्रथम/तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर) की परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु परीक्षा फार्म भरे जाने हेतु अनुमति दी गई है। परीक्षा नियंत्रक दीप्ति मिश्रा ने बताया कि उक्त छात्र 15 से 30 अक्टूबर तक निर्धारित परीक्षा शुल्क रु. 500/- (पांच सौ मात्र) प्रति प्रश्नपत्र (बैक पेपर) शुल्क जमा कर परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं, जिनकी परीक्षा शैक्षिक सत्र 2026-27 के विषम सेमेस्टर के साथ होगी।

एमएलसी चुनाव में जीत के लिए सपाजनों ने झोंकी ताकत, किया जनसम्पर्क

तरूणमित्र न्यूज

वाराणसी। आगामी स्नातक एवं शिक्षक एमएलसी चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मतदाताओं से जनसंपर्क करने का तेज कर दिया है। सपा पार्षद अवनीश यादव 'विक्की' के क्षेत्र पियरीकला में कार्यकर्ताओं ने घर-घर पहुंचकर मतदाताओं और शिक्षकों से मुलाकात की। जनसंपर्क के दौरान मतदाताओं के घर पहुंचकर पर्ची वितरीत की गई।

एमएलसी चुनाव के प्रभारी एवं सपा उ0 प्रदेश सचिव विष्णु शर्मा विश्वकर्मा ने बताया कि स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशी आशुतोष सिन्हा और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशी लाल बिहारी यादव के पक्ष में मतदान की अपील की गई। कार्यकर्ताओं ने मतदाताओं से संवाद कर चुनाव में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

इस दौरान कई शिक्षकों से भी मुलाकात की गई और शिक्षक एमएलसी लाल बिहारी यादव तथा स्नातक एमएलसी आशुतोष सिन्हा के समर्थन में मतदान करने की अपील की गई। वरिष्ठ नेता राजकुमार यादव एवं व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने कहा कि मतदाताओं तक पहुंचकर उनकी बात सुनना और चुनाव से संबंधित जानकारी साझा करना जनसंपर्क अभियान का प्रमुख उद्देश्य है।

जनसंपर्क करने वालों में प्रदेश सचिव अजय चौरसिया, दक्षिणी अध्यक्ष अजहर अली सिद्दीकी, भैयालाल यादव, राघवशरण यादव, आलम भाई, ईशान श्रीवास्तव, गोपाल यादव,कलाम आजाद,आदि लोग उपस्थित थे।



एमएलसी चुनाव के बाबत जनसंपर्क करते सपाजन

काशी विद्यापीठ हर प्रसाद गुप्त इन्क्यूबेशन फाउंडेशन में पिच प्रेजेंटेशन आयोजित

तरूणमित्र न्यूज

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत गुरुवार को राष्ट्रीय इनोवेशन चैलेंज के तहत पिच प्रस्तुतीकरण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस विशेष सत्र में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने अपने-अपने नवाचारी विचारों और स्टार्टअप मॉडल्स की प्रस्तुति दी। प्रतिभागियों के प्रेजेंटेशन का सूक्ष्म एवं व्यावहारिक मूल्यांकन करने हेतु वाणिज्य विभाग के प्रो कृष्ण कुमार अग्रवाल, हर प्रसाद गुप्त इन्क्यूबेशन फाउंडेशन के निदेशक प्रो मोहम्मद आरिफ तथा डॉ धनंजय विश्वकर्मा मुख्य जूरी सदस्य के रूप में उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में जूरी सदस्य के रूप में मौजूद प्रो मोहम्मद आरिफ, प्रो कृष्ण कुमार अग्रवाल व डॉ धनंजय विश्वकर्मा

इस दौरान प्रो कृष्ण कुमार अग्रवाल ने कहा किसी भी स्टार्टअप की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि आपका बिजनेस प्लान बाजार की व्यावहारिक जरूरतों को कितना समझता है। अपने आइडिया को केवल सैद्धांतिक न रखें, बल्कि उसके फाइनेंशियल मॉडल और सस्टेनेबिलिटी पर विशेष ध्यान दें। प्रो मोहम्मद आरिफ ने कहा कि इन्क्यूबेशन फाउंडेशन का उद्देश्य आपको केवल एक स्टूडेंट या डिग्री-होल्डर नहीं, बल्कि एक जॉब क्रिएटर बनाना है। डॉ धनंजय विश्वकर्मा ने तकनीकी एवं व्यावहारिक बारीकियों पर प्रकाश डालते हुए कहा है पिच प्रेजेंटेशन के दौरान इनवेस्टर को यह दिखना चाहिए कि आपका प्रोडक्ट समाज की किस समस्या का समाधान कर रहा है। प्रॉब्लम-सॉल्विंग अप्रोच ही आपके स्टार्टअप को आगे जाकर फंडिंग और सफलता दिलाएगी। इस अवसर पर हैप्पी लाइफ टेक्नोसॉफ्ट के निदेशक संदीप कुमार, अंकित सिंह, विजय सिंह, ऋषभ गुप्ता, आयुषी सिंह, राजेश यादव, सर्वेन्द्र खरवार आदि उपस्थित रहे।

युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप, मां ने थाने में दी तहरीर

तरूणमित्र न्यूज

मुंगराबादशाहपुर। थाना क्षेत्र के रजौली गांव निवासी एक महिला ने अपनी बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

क्षेत्र के एक गांव निवासी ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनकी बेटी को 12 अक्टूबर की शाम करीब आठ बजे कुछ लोग बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए है। काफी खोजबीन करने के बाद उन्हें इस मामले में प्रयागराज जिले के घूरपुर थाना क्षेत्र के हथिगनी गांव के पास होने की जानकारी मिली थी।मां का आरोप है कि बेटी की तलाश करते हुए जब वह गांव पहुंचीं तो वे वहां से उसकी बेटी को भगाकर ले जाने वाले लोग फरार हो गए।

इसके बाद उन्होंने पुलिस से शिकायत कर अपनी बेटी को बरामद कराने और आरोपितों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। बताया कि उनकी बेटी की उम्र 20 वर्ष है। बेटी के अचानक घर से चले जाने के बाद से परिवार के लोग अनहोनी की आशंका से परेशान हैं। इस संबंध में थानाध्यक्ष गजानंद चौबे का कहना है कि तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर युवती को सकुशल बरामद करने की कोशिश की जा रही है।

अमर्त्य पत्रकार पं. चंद्रेश मिश्र की 5वीं पुण्यतिथि पर विमर्श गोष्ठी एवं श्रद्धांजलि समागम का आयोजन

तरूणमित्र न्यूज

जलालपुर। क्षेत्र के निवासी ग्रामीण पत्रकारिता के सशक्त हस्ताक्षर अमर्त्य पत्रकार पं. चंद्रेश मिश्र की 5वीं पुण्यतिथि गुरुवार को श्रद्धा एवं सम्मान के साथ कुटीर संस्थान में मनाई गई। कार्यक्रम दो सत्र में आयोजित हुआ।

प्रथम सत्र में अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पं. प्रकाश चंद्र पाण्डेय विद्यार्थी ने भरत के संस्कार को रेखांकित करते हुए बताया कि कथा हम सभी को यह सिखाती है कि हम अपने बच्चों को शिक्षा, धर्म तथा संस्कारवान बनाए इस अवसर पर प्रो मनोज मिश्र जनसंचार विभागाध्यक्ष पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर ने अपनी स्वरचित कविता को पढ़कर पंडित चंद्रेश मिश्र को श्रद्धांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो रमेश मणि त्रिपाठी पूर्व प्राचार्य ने किया। द्वितीय सत्र में विमर्श गोष्ठी आयोजित हुआ गोष्ठी का विषय "पत्रकारिता एवं पं. चंद्रेश मिश्र का मानक संदर्भ सूचना क्रान्ति युग में ग्रामीण युवाओं के समक्ष संभावनाएं एवं चुनौतियां" में कार्यक्रम के मुख अतिथि प्रो राम मोहन पाठक पूर्व कुलपति दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा चेन्नई ने कहां की अमर्त्य पत्रकार पंडित चंद्रेश मिश्र ग्रामीण अंचल में पत्रकारिता जगत के पुरोधा थे। साख सरोकार के प्रतिमूर्ति रहे पंडित जी कलम के जादूगर थे चाहे राजनीतिक आंदोलन हो या क्षेत्रीय समस्या रही हो अपनी कलम से त्वरित टिप्पणी कर उस पर शासन द्वारा त्वरित कार्यवाही होने तक लगे रहते थे ऐसे विलक्षण प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे। उनका समग्र जीवन पत्रकारिता जगत के लिए अनुकरणीय रहा। पंडित जी के द्वारा पत्रकारिता एवं उनके स्मृति से जुड़ी एक पुस्तक विमोचन करने की संस्तुति व्यक्त कर कार्यक्रम के आयोजक को धन्यवाद दिया।

इस मौके पर मेधावी छात्रों को अतिथियों ने सम्मानित किया। संचालन प्रबंधक डॉ अजेंद्र कुमार दुबे ने किया। इस अवसर पर पंडित भूषण मिश्र, रामसुमेर मिश्र, रामदयाल द्विवेदी, प्रभाकर त्रिपाठी पूर्व डाक अधीक्षक, समेत क्षेत्रीय पत्रकार एवं वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

राजेश सिंह बने मछलीशहर किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष

तरूणमित्र न्यूज

गोधना। स्टर्लिंग ग्रुप ऑफ कॉलेज के प्रबंधक एवं पूर्व भाजपा सांसद प्रतिनिधि राजेश कुमार सिंह जी को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा, जिला मछलीशहर का जिलाध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर क्षेत्र में भारी उत्साह का माहौल है। इस महत्वपूर्ण दायित्व के मिलने पर भाजपा के प्रमुख नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके आवास पर पहुंचकर उन्हें पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंट करते हुए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

इस शुभ अवसर पर मछलीशहर विधानसभा से भाजपा के विधायक पद प्रत्याशी धर्मेंद्र कुमार सरोज जी, उनकी पूरी टीम, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रमोद कुमार पांडेय तथा क्षेत्र के तमाम सम्मानित साथी उपस्थित रहे। सभी ने संयुक्त रूप से श्री सिंह को उनकी इस नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इंटरलाकिंग कार्य कर रहे मजदूर की मौत

तरूणमित्र न्यूज

मछलीशहर। क्षेत्र पंचायत द्वारा राजापुर पकड़ी में हो रही सड़क की इंटरलाकिंग कर रहे मजदूर की मौके पर बेहोश होकर गिरने के बाद उसे अस्पताल लाया गया जहा डाक्टर ने मृत घोषित किया है। विकास खंड मछलीशहर के राजापुर पकड़ी से कादनपुर जाने वाले मार्ग की इंटरलाकिंग का कार्य क्षेत्र पंचायत द्वारा कराया जा रहा है।

जमुहर निवासी रामजीत बिंद(62) वहां पर मजदूर का काम कर रहा था। उसको अचानक चक्कर आया और गिर गया। मौके पर काम कर रहे अन्य मजदूर साथी उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मछलीशहर आए जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

इलाज करने वाले डाक्टर अमरीश अग्रहरि ने बताया कि जब मजदूर अस्पताल आया तो उसकी सांस बंद हो गई थी। उसे मृत घोषित कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक सतीश सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु शव को भेजा गया है।

मिशन शक्ति के तहत पुलिस ने नुक्कड़ सभा का आयोजन कर चलाया जागरूकता अभियान

तरूणमित्र न्यूज

केराकत। मिशन शक्ति अभियान के तहत गुरुवार को दोपहर करीब एक बजे क्षेत्राधिकारी आवास के पास जौनपुर-केराकत मार्ग पर कोतवाली पुलिस ने नुक्कड़ सभा का आयोजन कर आम जनमानस को जागरूक किया। इस दौरान साइबर ठगी, महिला उत्पीड़न, छेड़खानी समेत विभिन्न आपराधिक घटनाओं से बचाव और महिला सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।

पुलिसकर्मियों ने महिलाओं को उनके अधिकारों की जानकारी देते हुए आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की उपयोगिता बताई। साथ ही साइबर अपराध से बचने के लिए अनजान कॉल, संदिग्ध लिंक और ओटीपी साझा करने से सावधान रहने की अपील की। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक अमरेंद्र कुमार पाण्डेय, उपनिरीक्षक महेश प्रसाद, उपनिरीक्षक बब्बन सिंह, महिला कॉंस्टेबल गीता, महिला कॉंस्टेबल कुसुम, महिला कांस्टेबल अन्तिम,महिला कांस्टेबल सावित्री मौर्या, महिला कॉंस्टेबल रंजना समेत महिला पुलिसकर्मी मौजूद रहीं।

पुलिस टीम ने महिलाओं को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर बिना डर के पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया।

विहिप की जिला बैठक संपन्न, संगठन की मजबूती पर जोर

तरूणमित्र न्यूज

सुजानगंज। विश्व हिंदू परिषद की जिला स्तरीय बैठक गुरुवार को सुजानगंज विकासखंड के बीआर सी हाल में आयोजित की गई। इसमें संगठन की मजबूती, विस्तार एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। पदाधिकारियों ने संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद का उद्देश्य समाज में जागरूकता, एकता एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है। इसके लिए संगठन के प्रत्येक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। संगठन की गतिविधियों को गांव-गांव तक पहुंचाने तथा अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। संगठन के विस्तार और सामाजिक समरसता पर विशेष चर्चा- बैठक के दौरान पदाधिकारियों ने आगामी धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से आयोजित करने के लिए आपसी समन्वय बनाए रखने की आवश्यकता बताई।

दो अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

तरूणमित्र न्यूज

जलालपुर। प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र विक्रम सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दहेज मृत्यु के मुकदमे से सम्बन्धित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब हो कि दिनांक 15.10.2026 को वादी लक्ष्मी नारायण पुत्र स्व0 दयाराम, निवासी ग्राम कादीपुर, थाना जलालपुर, की लिखित तहरीर के आधार पर थाना जलालपुर पर मु0अ0सं0 457/2026 धारा 80(2)/85/351(3) बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। प्रकरण की विवेचना स्वयं क्षेत्राधिकारी केराकत कर रहे है। उक्त अभियोग से सम्बन्धित अभियुक्त दुर्गेश चौहान एवं राजपत उर्फ राजपति चौहान को थाना जलालपुर पुलिस टीम ने मुरारपुर हाईवे, थाना जलालपुर, जनपद जौनपुर से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेज दिया।

बजरंग बाल दुर्गा पूजा समिति का भव्य उद्घाटन

तरूणमित्र न्यूज

रामपुर, जौनपुर। नगर पंचायत रामपुर में शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर धार्मिक उत्साह और भक्तिमय माहौल के बीच बजरंग बाल दुर्गा पूजा समिति का उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष विनोद कुमार जायसवाल ने विधिवत पूजा-अर्चना कर किया। इस दौरान उन्होंने मां दुर्गा के समक्ष माथा टेककर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान पूजा स्थल पर श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला। धार्मिक आयोजनों के माध्यम से नगर में आपसी सौहार्द, सामाजिक एकता और भाईचारे की भावना को मजबूत करने का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने मां दुर्गा से सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि बनाए रखने की प्रार्थना की।

रामलीला के 11वें दिन नकटैया और सीता हरण का मंचन

तरूणमित्र न्यूज

जंघई। राम-जानकी मंदिर प्रांगण में चल रहे 18 दिवसीय 94वें वर्ष की रामलीला के 11वें दिवस नकटैया और सीता हरण की लीला का मंचन सम्पन्न हुआ।

इस दौरान पूरे मंदिर प्रांगण में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। इस अवसर पर महंत चंद्रमा दास महाराज, अजय पांडेय,संदीप पांडेय, विक्की जयसवाल, किशन पाठक, शैलेश पाठक,सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

समस्याओं को लेकर भाकियू ने सौंपा ज्ञापन

तरूणमित्र न्यूज

मछलीशहर। किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के पदाधिकारियों ने वृहस्पतिवार तहसीलदार सुरेंद्र वर्मा को ज्ञापन सौंपकर किसानों की समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। भाकियू की ओर से मुख्यमंत्री को संबोधित दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि धान खरीद के लिए तहसील क्षेत्र में संचालित क्रय केंद्रों पर किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो तथा सभी केंद्रों पर सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा किसानों को डीएपी, यूरिया एवं पोटाश उचित मूल्य पर सरकारी गोदामों से उपलब्ध कराने की मांग की गई। किसानों ने खेती के लिए पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने की भी मांग उठाई। साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतहरिया-मुंगरा बादशाहपुर में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने, साफ-सफाई और आपातकालीन सेवाओं पर विशेष ध्यान देने की मांग की गई।

चेयरमैन ने अशोक मौर्य लाट का किया उद्घाटन

तरूणमित्र न्यूज

मछलीशहर। चक्रवर्ती सम्राट अशोक मौर्य, मौर्य वंश के तीसरे और भारत के इतिहास के सबसे महान व शक्तिशाली सम्राटों में से एक थे। उन्हें अशोक महान और देवानांप्रिय प्रियदर्शी (देवताओं के प्रिय) के नाम से भी जाना जाता है। उनका शासनकाल लगभग ईसा पूर्व 268 से 232 तक रहा जिसके दौरान उन्होंने लगभग पूरे भारतीय उपमहाद्वीप पर राज किया। उक्त बातें नगर पंचायत मछलीशहर के चेयरमैन संजय जायसवाल ने स्थानीय कस्बे के चन्द्रगुप्त मौर्य नगर के छैला मियां का पूरा में बनाये गये सम्राट अशोक मौर्य लाट का उद्घाटन करते हुये उपस्थित लोगों के बीच कही।

इसके पहले श्री जायसवाल के पहुंचने पर उपस्थित लोगों ने माल्यार्पण करके उनका जोरदार स्वागत किया जिसके बाद उन्होंने फीता काटकर उद्घाटन करने के बाद सम्राट लाट के समक्ष शीश नवाया। साथ ही उपस्थित लोगों से सम्राट अशोक के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर संस्थापक सालिक राम मौर्य अवकाशप्राप्त शिक्षक, राजेन्द्र प्रसाद मौर्य, राजकुमार मौर्य, विजय मौर्य, कमलेश चन्द्र मौर्य, प्रदीप मौर्य, सुरेश चन्द्र मौर्य एडवोकेट, धर्मेन्द्र मौर्य सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

भारतीय किसान यूनियन ने समस्याओं को लेकर की पंचायत

तरूणमित्र न्यूज

बदलापुर, जौनपुर। बदलापुर तहसील में भारतीय किसान यूनियन तहसील अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार यादव की अध्यक्षता में गरीब किसानों और मजदूरों की विभिन्न समस्याओं को लेकर पंचायत आयोजित की गई।

पंचायत में किसानों और मजदूरों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए पांच सूत्रीय मांग पत्र उपजिलाधिकारी बदलापुर को सौंपा गया। पंचायत के माध्यम से मांग की गई कि सहकारी समितियों पर किसानों के लिए डीएपी, यूरिया खाद और बीज की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों को खेती के समय परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही भूमिहीन गरीबों को पट्टा आवंटित करने तथा पात्र जरूरतमंदों को राशन कार्ड उपलब्ध कराने की मांग उठाई गई साथ ही महराजगंज ब्लॉक की ग्रामसभा राजापुर में विद्युतीकरण कराने की मांग भी की गई, जिससे ग्रामीणों को बिजली की सुविधा मिल सके। पंचायत का संचालन भुल्लूर यादव ने किया। इस दौरान कैलाश नाथ, बड़े लाल, राम आसरे, लाल बहादुर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। पंचायत में किसानों और मजदूरों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन से आवश्यक कदम उठाने की मांग की गई।

दुर्गापूजा और रामलीला आयोजनों के लिए विद्युत विभाग सतर्क , सुरक्षा के कड़े निर्देश जारी

तरूणमित्र न्यूज

गोधना। क्षेत्र में चल रहे दुर्गापूजा पंडालों और रामलीला आयोजनों के दौरान किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचने के लिए विद्युत विभाग ने सुरक्षा संबंधी सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। विभाग ने सभी पूजा समितियों से अपील की है कि वे पंडालों में सुरक्षित वायरिंग कराएं, कहीं भी खुले तारों का इस्तेमाल न करें और विद्युत उपकरणों के प्रयोग में विशेष सावधानी बरतें।

मछलीशहर के विद्युत उपखंड अधिकारी संजय कुमार ने जंघई, गोपालपुर और पवारा सहित विभिन्न उपकेंद्रों के अंतर्गत आने वाले सभी पूजा आयोजकों से विद्युत सुरक्षा मानकों का पूरी तरह से पालन करने का आग्रह किया है। जंघई के अवर अभियंता अमित कुमार ने मूर्ति विसर्जन के समय अत्यधिक सतर्कता बरतने की अपील की है जुलूस निकालते समय बिजली के हाई-टेंशन और अन्य तारों से पर्याप्त दूरी बनाए रखने की सलाह दी गई है, ताकि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और किसी भी प्रकार की लापरवाही से बचा जा सके।

शिवधनुष टूटते ही जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा रामलीला पंडाल

तरूणमित्र न्यूज

खेतासराय (जौनपुर)। नगर के सोंधी वार्ड में श्रीराम जानकी रामलीला समिति की ओर से आयोजित रामलीला में बुधवार की रात धनुष यज्ञ और परशुराम-लक्ष्मण संवाद का सजीव मंचन किया गया। भगवान श्रीराम के शिवधनुष तोड़ने का दृश्य देखते ही रामलीला पंडाल जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। सीता स्वयंवर के प्रसंग ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। मंचन के दौरान महर्षि विश्वामित्र के साथ भगवान श्रीराम और लक्ष्मण राजा जनक के निमंत्रण पर स्वयंवर में पहुंचे।

माता सीता से विवाह की शर्त के अनुसार शिवधनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाने के लिए देश-विदेश के राजा आगे आए, लेकिन कोई भी धनुष को हिला तक नहीं सका। लंकापति रावण ने भी धनुष उठाने का प्रयास किया, लेकिन देवताओं की आकाशवाणी के बाद उसे वापस लौटना पड़ा। राजा जनक ने जब निराश होकर धरती को वीरों से खाली बताया तो लक्ष्मण क्रोधित हो उठे। उनके संवाद से मंच पर रोमांच का माहौल बन गया।

सरयू तट पर मातेश्वरी धाम में बस रही आध्यात्मिकता की नई दुनिया

- 10 दिवसीय आदि शक्ति अखंड महायज्ञ में गूंज रही स्वाहा की ध्वनि
- ध्यान-योग और प्रवचन में उमड़ रहे श्रद्धालु

दोहरीघाट, मऊ। पतित पावनी मां सरयू नदी के पावन तट पर स्थित अंतरराष्ट्रीय मातेश्वरी महाधाम में इन दिनों आध्यात्मिकता और भक्ति की अनूठी छटा देखने को मिल रही है। शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर मातेश्वरी परिवार की ओर से आयोजित 10 दिवसीय आदि शक्ति अखंड महायज्ञ में वैदिक मंत्रोच्चार और स्वाहा की गूंज से पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा है। महायज्ञ के साथ ध्यान-योग और प्रवचन कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त कर रहे हैं। नवरात्र के पांचवें दिन मातेश्वरी परिवार के संस्थापक सद्गुरु जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि समस्त सृष्टि की रचयिता परम सत्ता मां आदिशक्ति हैं।

उन्हीं की कृपा से सृष्टि का संचालन होता है और सभी जीवों का अस्तित्व है। हम सभी उसी जगत जननी की संतान हैं। इसलिए किसी के प्रति द्वेष, घृणा और भेदभाव की भावना नहीं रखनी चाहिए। जब सभी का सृजन करने वाली शक्ति एक है, तो आपस में वैमनस्य का कोई औचित्य नहीं है। प्रत्येक व्यक्ति को प्रेम, सद्भाव और सेवा की भावना के साथ जीवन व्यतीत करना चाहिए। सद्गुरु जी महाराज ने पारिवारिक संबंधों में प्रेम और सामंजस्य बनाए रखने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि परिवार में सास और बहू के रिश्ते को मां-बेटी के समान समझना चाहिए। यदि सास बहू को अपनी बेटी की तरह स्नेह दे और बहू सास को अपनी मां के समान सम्मान दे, तो परिवार में आपसी प्रेम और विश्वास बना रहेगा। इससे घर में सुख-शांति का वातावरण कायम होगा और जीवन में सकारात्मकता आएगी। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपने व्यवहार में विनम्रता अपनाने तथा दूसरों की सेवा को प्राथमिकता देने की अपील की।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए निःशुल्क दवा और भोजन प्रसाद की व्यवस्था- महायज्ञ में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए भी विशेष प्रबंध किए गए हैं। मां शक्ति अस्पताल, दोहरीघाट के चिकित्सक डॉ. अतुल की ओर से भक्तों के लिए निःशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। वहीं, देवरिया से आए आचार्य दिव्यानंद के नेतृत्व में परिसर में स्वच्छता अभियान व्यवस्थित ढंग से संचालित किया जा रहा है।

श्रद्धालुओं के लिए भोजन एवं प्रसाद वितरण की जिम्मेदारी आचार्य गणेश निभा रहे हैं। इन व्यवस्थाओं से महायज्ञ में पहुंचने वाले भक्तों को सुविधा मिल रही है।

विभिन्न जनपदों और अन्य प्रांतों से पहुंच रहे श्रद्धालु- मातेश्वरी महाधाम में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में दोहरीघाट क्षेत्र के गांवों और कस्बों के साथ आसपास के जनपदों तथा अन्य प्रांतों से भी श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। महायज्ञ, ध्यान-योग और प्रवचन के माध्यम से लोग आध्यात्मिक शांति और धार्मिक ज्ञान प्राप्त कर रहे हैं। मां सरयू के तट पर स्थित धाम में भक्ति, सेवा और साधना का वातावरण बना हुआ है। आयोजक परिवार की ओर से महायज्ञ को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।



इस अवसर पर धर्मानंद पांडे, प्रसिद्ध नारायण राय, प्रभु नाथ यादव, मंजू सिंह, प्रेम शिला सिंह, शांति देवी किस्मती देवी अटल जी शाहिद भारी संख्या में महिला और पुरुष स्वयंसेवक जहां लोगों की सुरक्षा में लगी हुई है वही अंतर्राष्ट्रीय मातेश्वरी महाधाम के साफ सफाई के लिए महिलाएं जगह-जगह झाड़ू लेकर के परसर को साफ कर रही हैं शांत व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैद है।

मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना की छात्राओं के लिए करियर गाइडेंस कार्यक्रम आयोजित

तरूणमित्र न्यूज

मऊ। मिशन शक्ति 6.0 अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गुरूवार को नगर पालिका कम्युनिटी हॉल में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित कोचिंग के छात्र-छात्राओं के लिए करियर गाइडेंस एवं प्रोत्साहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाडिया द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत संचालित कोचिंग के माध्यम से छात्र-छात्राओं को उपलब्ध कराए जा रहे करियर गाइडेंस एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इसमें संघ लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, नीट, जेईई, बैंकिंग, टेट सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाती है। छात्र-छात्राओं को विषय विशेषज्ञों, अनुभवी शिक्षकों तथा प्रशासनिक एवं अन्य क्षेत्रों के अधिकारियों के माध्यम से मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है, जिससे उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के साथ-साथ अपने करियर का उचित चयन करने में भी सहायता मिलती है।



कोचिंग सेंटर में छात्र-छात्राओं के अध्ययन के लिए निःशुल्क पुस्तकालय एवं डिजिटल क्लास की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। इन सुविधाओं का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना है। मिशन शक्ति 6.0 अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाडिया ने कहा कि प्रत्येक बच्चे में प्रतिभा होती है, आवश्यकता केवल सही दिशा एवं उचित मार्गदर्शन की होती है। उन्होंने छात्राओं का आह्वान करते हुए कहा कि अपने लक्ष्य को निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए।

लगातार मेहनत और अनुशासन के साथ किया गया प्रयास सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी डॉ. श्वेता त्रिपाठी, जिला समाज कल्याण अधिकारी रश्मि मिश्रा, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अध्यापकगण, विषय विशेषज्ञ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

धूमधाम से मनाई गई महाराजा अग्रसेन की जयंती

तरूणमित्र न्यूज

मोहम्मदाबाद गोहना, मऊ। शारदीय नवरात्र के अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी अग्रवाल समाज के प्रवर्तक लोकतंत्र अहिंसा और समाजवाद के प्रणेता महाराजा अग्रसेन की 5150 जयंती प्राचीन शिव मंदिर पर मनाई गई। जयंती समारोह के मौके पर हितकारिणी न्यास ट्रस्ट के अध्यक्ष अतुल कुमार अग्रवाल उर्फ मुन्ना बाबू ने महाराजा अग्रसेन एवं भीमाशाह के चित्र पर पुष्प एवं पूजन किया। इस मौके पर अग्रवाल समाज के तहसील अध्यक्ष राजेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन के बताए हुए रास्ते पर चलकर आगे को बढ़ते रहेंगे। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल महाराजा अग्रसेन के आदर्श और समाजवाद के संदेश को जन-जन तक पहुंचने में सफल रहा बल्कि समाज को एकजुट करने का एक अनूठा उदाहरण भी प्रस्तुत किया गया।

अंत में आरती करने के पश्चात भक्तों में प्रसाद वितरित किए गए। इस अवसर पर अग्रवाल समाज के पूर्व अध्यक्ष भरत दास अग्रवाल, पवन कुमार अग्रवाल, शरद, राम अग्रवाल, रघुवीर शरण, अमरनाथ अग्रवाल, नंदलाल पोद्दार, विवेक पोद्दार, आशीष अग्रवाल, बृजेश अग्रवाल, कन्हैया अग्रवाल आदि अग्रवाल समाज के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता भरत दास अग्रवाल एवं अध्यक्ष राजेश कुमार अग्रवाल ने आए हुए लोगों के प्रति आभार प्रकट किया।

संक्षिप्त समाचार

फार्म-7 में झूठी शिकायत अथवा मिथ्या घोषणा की तो एक वर्ष का कारावास या जुर्माने की सजा

तरूणमित्र न्यूज

मऊ। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशों के क्रम में निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित करने अथवा हटाने के संबंध में फार्म-7 के माध्यम से प्रस्तुत किए जाने वाले आवेदनों को लेकर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार, यदि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की जांच में फार्म-7 के माध्यम से की गई शिकायत झूठी अथवा मनगढ़ंत पाई जाती है, तो संबंधित आवेदक के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 31 के अंतर्गत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 31 के प्रावधानों के अनुसार, निर्वाचक नामावली की तैयारी, पुनरीक्षण अथवा शुद्धि तथा किसी प्रविष्टि को निर्वाचक नामावली में सम्मिलित करने या हटाने के संबंध में जानबूझकर झूठा कथन अथवा मिथ्या घोषणा लिखित रूप में करना दंडनीय अपराध है। इसके लिए दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति को एक वर्ष तक के कारावास अथवा जुर्माने या दोनों से दंडित किया जा सकता है। फार्म-7 में आवेदक द्वारा यह घोषणा भी की जाती है कि उसकी सर्वोत्तम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार आवेदन में दी गई जानकारी सत्य है तथा मिथ्या घोषणा किए जाने की स्थिति में वह लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 31 के अंतर्गत दंड का भागी हो सकता है। इसके अतिरिक्त, आमजन एवं मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से उक्त प्रावधानों का प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सोशल मीडिया तथा अन्य माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। अतः सभी मतदाताओं से अपील है कि निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित करने अथवा हटाने से संबंधित आवेदन करते समय सही तथ्यों एवं प्रामाणिक जानकारी का ही उल्लेख करें।

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने ब्लिंकिट स्टोर का किया निरीक्षण, लिये नमूने

तरूणमित्र न्यूज

मऊ। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय के नेतृत्व में नवरात्रि पर्व एवं दशहरा पर्व के दृष्टिगत आमजनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु गुरूवार को अभियान चलाकर जनपद स्थित ब्लिंकिट स्टोर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संदेह के आधार पर कुट्टू आटा के दो नमूने, सिंघाणा आटा के दो नमूने, मूंगफली के दाने का एक नमूना, बटर का एक नमूना नियमानुसार संग्रहित किया गया। इस प्रकार ब्लिंकिट स्टोर से कुल छह नमूने संग्रह किया गया। उक्त कमियों के दृष्टिगत सुधार हेतु नोटिस जारी की जा रही है। निरीक्षण के दौरान उपरोक्त प्रतिष्ठानो मे पायी गयी कमियों यथा खाद्य पदार्थो के कार्मिको के स्वास्थ्य प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया। खाद्य एवं अखाद्य पदार्थ एक साथ रख पाए गए, कंज्यूमर कंप्लेंट रिड्रेसल मैकेनिज्म को और प्रभावी बनाए जाने की आवश्यकता, कार्मिकों के द्वारा हेड कवर, एप्रन मौके पर कोई भी क्रय रसीद प्रस्तुत नहीं की गई एवं डिलीवरी राइडर्स का पुलिस सत्यापन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने हेतु भी निर्देशित किया गया। जिसके संबंध मे ई कॉमर्स स्टोर को सुधार किए जाने हेतु सुधार सूचना हेतु संस्तुति कर दी गयी है उक्त नमूनों को जांच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम विधिक करवाई की जाएगी। इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमित कुमार राना, अजीत कुमार त्रिपाठी, ओम प्रकाश यादव आदि मौजूद रहे।

मऊ पुलिल ने निराश्रित एवं जरूरतमंद महिलाओं में वितरित किये साड़ी, फल व मिठाई

तरूणमित्र न्यूज

मऊ। महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित मिशन शक्ति फेज-6.0 अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक सर्वेश कुमार मिश्रा के निर्देशन में नगर क्षेत्र में क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह, कोतवाल प्रमेंद्र सिंह व मिशन शक्ति टीम द्वारा निराश्रित एवं जरूरतमंद महिलाओं के बीच साड़ी, फल एवं मिठाई का वितरण किया गया।

इस पहल के माध्यम से पुलिस द्वारा जरूरतमंद महिलाओं के प्रति संवेदनशीलता, सामाजिक सहयोग एवं मानवीय मूल्यों का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को सम्मान एवं अपनत्व का एहसास कराते हुए उनके प्रति समाज में सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना तथा महिला सशक्तिकरण की भावना को प्रोत्साहित करना है। पुलिस महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करने के साथ-साथ जरूरतमंद महिलाओं की सहायता हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

सड़क किनारे कूड़ा पाए जाने पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध होगी कड़ी कार्रवाई: जिलाधिकारी

नगरीय निकायों के कार्यों एवं विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न

तरूणमित्र न्यूज

मऊ। जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नगरीय निकायों के कार्यों एवं उनमें संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। वंदन योजना की समीक्षा के दौरान नगर पंचायत दोहरीघाट, वलिदपुर एवं मुहम्मदाबाद गोहना की प्रगति सबसे खराब पाए जाने पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिशासी अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि अगले माह तक कार्यों में अपेक्षित सुधार नहीं होने पर और कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिन नगर पंचायतों में एमआरएफ सेंटर संचालित हैं, वहां कूड़े को निर्धारित शेड के अंदर ही रखने, कूडा उठान के सभी निर्धारित प्वाइंटों पर सतत निगरानी रखने तथा साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

जिन निकायों में कूड़ा-अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था पूर्ण नहीं है, वे अपने कूड़े को निकटवर्ती नगर पंचायत के अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। सड़क किनारे कूड़ा पाए जाने पर संबंधित निकाय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी। उन्होंने अवैध रूप से सरकारी भूमि का उपयोग कर रहे होर्डिंग-बैनर संचालकों, टैक्सी स्टैंड एवं बस स्टैंड पर प्रभावी निगरानी रखने तथा नियमानुसार टेंडर प्रक्रिया अपनाकर निर्धारित शुल्क एवं टैक्स की वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



जिलाधिकारी ने सभी नगर पंचायतों को अपने संपत्ति रजिस्टर अद्यतन रखने तथा सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाकर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कान्हा गौशालाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्माणाधीन गौशालाओं का निर्माण शीघ्र पूर्ण कराने तथा निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

झील, तालाब एवं पोखरों के संरक्षण से संबंधित योजनाओं की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने छठ पर्व को देखते हुए सभी आवश्यक कार्य पर्व से पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए। पीएम स्वनिधि योजना की समीक्षा के दौरान पिछले माह की तुलना में प्रगति में सुधार पाए जाने पर जिलाधिकारी ने संतोष व्यक्त करते हुए सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप अधिक से अधिक आवेदन कराने तथा पात्र लाभार्थियों को योजना से लाभान्वित करने के लिए विशेष प्रयास करने को कहा।

जिलाधिकारी ने नगरीय क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था, अन्य निर्माण कार्यों एवं जनसुविधाओं से संबंधित कार्यों पर भी नियमित निगरानी रखने को कहा। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रवेंद्र कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मणि भूषण तिवारी, समस्त अधिशासी अधिकारी एवं परियोजना निदेशक डूडा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

दुर्गा पूजा पंडालो का सीओ ने किया निरीक्षण, दिये दिशा निर्देष

तरूणमित्र न्यूज

चिरैयाकोट, मऊ। नगर पंचायत बाजार क्षेत्र में मां दुर्गा की प्रतिमाओं को स्थापित करने की तैयारियां तेज हो गई हैं। विभिन्न स्थानों पर पूजा समितियों की ओर से पंडाल सजाए जा रहे हैं। क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद गोहना जितेंद्र सिंह, थानाध्यक्ष विजय प्रकाश मौर्या ने पुलिस टीम के साथ बृहस्पतिवार की सायं में नगर पंचायत चिरैयाकोट बाजार क्षेत्र में भ्रमण कर दुर्गा पूजा पंडालों का निरीक्षण किया साथ ही उन पंडालों का भी निरीक्षण किया, जहां प्रतिमा स्थापना की तैयारियां चल रही हैं। भ्रमण के दौरान क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद गोहना जितेंद्र सिंह ने विभिन्न पूजा पंडालों के आसपास की स्थिति का जायजा लिया और नगर में पुलिस टीम के साथ रूट मार्च किया।

क्षेत्राधिकारी ने लोगों और दुर्गा पूजा समितियों से आपसी भाईचारा, सामाजिक सौहार्द और शांति बनाए रखने की अपील की। उन्होंने पर्व के दौरान जिम्मेदारी के साथ सहयोग करने, किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर पुलिस को सूचना देने की अपील की।

मिशन शक्ति फेज 6 के तहत छात्राओं को बैंकिंग प्रणाली की दी गई जानकारी

तरूणमित्र न्यूज

मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ। मिशन शक्ति फेज 6 के तहत कम्पोजिट विद्यालय माहपुर में गुरुवार को जागरूकता एवं शैक्षिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं को बैंकिंग प्रणाली, वित्तीय साक्षरता, बचत, धन के सदुपयोग और वित्तीय अनुशासन की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यालय में स्थापित 'चिल्ड्रेन बैंक' रहा। नवाचारी शिक्षक राजीव कुमार मौर्य की पहल से संचालित यह बाल बैंक बच्चों को बैंकिंग प्रक्रिया, बचत और धन प्रबंधन का व्यावहारिक ज्ञान दे रहा है। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की अनुभवात्मक और गतिविधि-आधारित शिक्षा की अवधारणा के अनुरूप है। राज्य संदर्भ समूह के सदस्य संजय कुमार तिवारी ने बाल बैंक की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य बच्चों को पाठ्यपुस्तकीय ज्ञान के साथ वास्तविक जीवन की चुनौतियों के लिए सक्षम बनाना भी है। उन्होंने राजीव कुमार मौर्य की पहल को अन्य विद्यालयों के लिए अनुकरणीय बताया। कार्यक्रम जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन तथा संजय कुमार तिवारी की देखरेख में सम्पन्न हुआ। प्रधानाध्यापक प्रेमशंकर तिवारी, नीलम दुबे, अभिषेक सरोज, नीलिमा यादव, गौतम कुमार सहित विद्यालय परिवार के सदस्यों ने सहभागिता की। विद्यालय परिवार के सामूहिक प्रयासों से आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को वित्तीय जागरूकता, आत्मनिर्भरता और व्यावहारिक जीवन-कौशल से जोड़ने पर जोर दिया गया।

मिशन शक्ति टीम ने करियर गाइडेंस एवं जागरूकता कार्यक्रम किया आयोजित

तरूणमित्र न्यूज़

कासिमाबाद (गाजीपुर)। शारदीय नवरात्रि के अवसर पर गुरुवार को मिशन शक्ति फेज-6.0 के तहत थाना कासिमाबाद की मिशन शक्ति टीम ने करियर गाइडेंस एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें छात्र-छात्राओं को मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत निःशुल्क प्रतियोगी परीक्षा कोचिंग एवं मार्गदर्शन की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में साइबर फ्रॉड से बचाव के लिए जागरूकता वीडियो दिखाया गया तथा महिलाओं और बच्चियों को घरेलू हिंसा, छेड़खानी और सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई। इस दौरान 1090, 1098, 181, 112 और 1930 सहित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में महिला हेड कांस्टेबल हेमलता पटेल, महिला कांस्टेबल सरिता और कांस्टेबल मोनू प्रजापति मौजूद रहे।

आमजन को लाभान्वित करेगा स्वास्थ्य जागरुकता अभियान: दयाशंकर सिंह

तरूणमित्र न्यूज

मऊ। बदलते सामाजिक परिवेश और खानपान की शैली के कारण अनेक प्रकार के रोग बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं। अपने सेहत के प्रति सचेत न होने के परिणाम स्वरुप बहुत लोगों की असमय मृत्यु हो जा रही है। ऐसे में शारदा नारायण हास्पिटल द्वारा स्वास्थ्य जागरुकता अभियान का शुभारंभ प्रेरणा देने वाला है। इसके माध्यम से बहुत सी बीमारियों का बचाव व्यक्ति स्वयं कर सकता है। प्रदेश परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने यह उदगार व्यक्त किया।

बुधवार की शाम वह नगरपालिका कम्युनिटी हाल स्वास्थ्य जागरुकता अभियान का शुभारंभ कर रहे थे। संस्थान निदेशक डॉ संजय सिंह ने कहा की प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सेहत के प्रति जागरुकता फैलाने की पहल करने से प्रेरणा लेकर स्वास्थ्य जागरुकता अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है। सेमी यूपी चेप्टर, आईएमए, लायंस क्लब, रोटरी क्लब, नीमा आदि संगठनों के साथ मिलकर इसे प्रदेश भर में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान डॉ सिंह ने डायबिटीज, फैटी लीवर, शुगर तथा ब्लड प्रेशर के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए लोगों को जागरुक किया। बांझपन व स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ एकिका सिंह ने बांझपन पर स्लाइड के माध्यम से विस्तार से जानकारी दिया। डॉ सिंह ने महिलाओं में खून की कमी, प्रसव के दौरान देखभाल तथा प्रसव के उपरांत जच्चा-बच्चा की सेहत के लिए बरतने वाली सावधानी पर प्रकाश डाला। मेडिकल डायरेक्टर, डॉ सुजीत सिंह ने डेमो के माध्यम से जीवन रक्षा प्रणाली सीपीआर पर विस्तार से जानकारी दिया।

अमित कुमार सिद्धार्थ बने भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष

तरूणमित्र न्यूज़

बहादुरगंज (गाजीपुर)। भारतीय जनता पार्टी गाजीपुर के अनुसूचित मोर्चा के नए जिला अध्यक्ष अमित कुमार सिद्धार्थ को नियुक्त किया गया है। अमित कुमार सिद्धार्थ प्रारंभ से ही भारतीय जनता पार्टी की राजनीति करते हैं, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा से निकलकर भारतीय जनता पार्टी में विभिन्न दायित्वों पर काम कर रहे थे, 2021 के पंचायत चुनाव में उन्होंने पार्टी से जिला पंचायत सदस्य का पैनल मांगा था लेकिन पार्टी ने अपने वरिष्ठ नेता बंसी राम को पैनल दे दिया। इसके बाद पार्टी के अंदर भी कई लोग बंसी राम के खिलाफ चुनाव लड़ गए, लेकिन अमित कुमार सिद्धार्थ चुनाव न लड़ते हुए बंसी राम के साथ मजबूती से खड़े रहे, जिसका परिणाम आज उनको जिला अध्यक्ष के रूप में देखने को मिला, जो उनकी भारतीय जनता पार्टी के प्रति कर्तव्य निष्ठा को दर्शाता है। इसके पूर्व अमित कुमार सिद्धार्थ भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा के जिला मंत्री भी रहे हैं। अमित कुमार सिद्धार्थ ने बताया कि उनका सबसे पहले फोकस दलित समुदाय को ज्यादा से ज्यादा भाजपा से जोड़ना उनके एजेंडे में है, क्योंकि दलित समुदाय के बीच बसपा और आजाद समाज पार्टी ने हमेशा से बरगलाने का काम किया है। भारतीय जनता पार्टी ही दलितों की असली हितैषी है।

मीजान मेमोरियल ऑल इंडिया कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन

तरूणमित्र न्यूज

मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ। ब्लॉक क्षेत्र के बंदीघाट गांव में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ कबड्डी भारत का एक प्राचीन और लोकप्रिय पारंपरिक खेल है। यह खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, बल्कि भाईचारे, एकता और आपसी सहयोग का संदेश भी देता है। उक्त बातें स्थानीय विधायक राजेंद्र कुमार ने कबड्डी टूर्नामेंट में बतौर मुख्य अतिथि कहीं। उन्होंने कहा कि कबड्डी के मैदान में खिलाडी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए टीम भावना और आपसी तालमेल का परिचय देते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में कबड्डी प्रतियोगिताएं केवल खेल तक सीमित नहीं रहतीं, बल्कि विभिन्न वर्गों और समुदायों के लोगों को एक मंच पर लाकर प्रेम, सद्भाव और भाईचारे का संदेश भी देती हैं।

संस्थापक सम्पादक- स्व. कैलाशनाथ

तरूणमित्र मीडिया प्रा0लि0 के लिए प्रकाशक योगेन्द्र विश्वकर्मा, मुद्रक एवं सम्पादक **आदर्श कुमार*** द्वारा मीडिया टेक्स्ट प्रा0लि0, रोहनिया जी0टी0 रोड, वाराणसी से मुद्रित एवं 631, उमरपुर हरिबन्धनपुर, जौनपुर से प्रकाशित।

आर.एन.आई पंजीयन सं. 353710/78 (मो0:- 9452984488)

फोनः-समाचार कक्ष-(05452) 358728, 05452-470147

E-mail : tarunjnp@rediffmail.com, tarunjaunpur@gmail.com

* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद जौनपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

मुख्यालयः- 47 धरनीधरपुर, जौनपुर (उ0प्र0)

माता बागेश्वरी देवी इंटर कॉलेज में मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित

तरूणमित्र न्यूज़

कासिमाबाद (गाजीपुर)। माता बागेश्वरी देवी इंटर कॉलेज, जगदीशपुर उरहां में बुधवार को मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान छात्राओं में खासा उत्साह देखने को मिला। प्रतियोगिता में दो-दो छात्राओं की जोड़ी बनाई गई थी।

दोनों छात्राएं एक-दूसरे के हाथों पर मेहंदी से आकर्षक डिजाइन बना रही थीं। प्रतियोगिता के लिए निर्धारित समय सीमा तय की गई थी, जिसके अंदर सभी प्रतिभागियों को अपना कार्य पूरा करना था। समय समाप्त होने के बाद नियुक्त परीक्षकों ने छात्राओं द्वारा बनाए गए मेहंदी के डिजाइनों का आकलन कर परिणाम घोषित किया।

कक्षा नौ में नौसीन ने प्रथम, आरजू राजभर ने द्वितीय तथा शशिकला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कक्षा 10 में पलक पांडेय प्रथम, सभ्या सिंह द्वितीय और ब्यूटी राजभर तृतीय स्थान पर रहीं। इसी क्रम में कक्षा 11 में फलक खातून ने प्रथम, सावित्री ने द्वितीय तथा काजल बिन्द ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 12 में प्रीति राजभर प्रथम, खुशबू बिन्द द्वितीय तथा नेहा राजभर तृतीय स्थान पर रहीं। स्कूल के प्रबंधक तारकेश्वर पाण्डेय ने बताया कि प्रतियोगिता के माध्यम से छात्राओं को अपनी रचनात्मकता और कला प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है। इस तरह के आयोजनों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ता है तथा उनकी छिपी प्रतिभा को निखारने में मदद मिलती है।

मिशन शक्ति फेज 6 के तहत वृद्धों में वितरित किये कपड़े व फल

तरूणमित्र न्यूज

मोहम्मदाबाद गोहना, मऊ। महिलाओं एवं वृद्धो का सम्मान ही हम सभी का परम कर्तव्य है। मिशन शक्ति फेज 6 के तहत बुधवार षाम वृद्धाश्रम में उप जिलाधिकारी अर्चना अग्निहोत्री पुलिस उपाधीक्षक जितेंद्र सिंह कोतवाल कमलकांत वर्मा ने पहुंचकर वृद्धो के स्वास्थ्य एवं उनके रखरखाव के प्रति समर्पित होते हुए उनका हाल जाना और उन लोगों का सम्मान करते हुए कपड़े फल आदि समान भेंट करते हुए उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली।

इसके अलावा वृद्ध आश्रम के प्रबंधक से मिलकर पूछा कि अगर और किसी प्रकार की समस्या हो तो निश्चित रूप से आप बताएं जिसे हम सभी लोग निराकरण करें। हम सभी का यह दायित्व है कि जिस प्रकार हम अपने माता-पिता की सेवा करते हैं उसी प्रकार इस वृद्ध आश्रम में जो असहाय है गरीब हैं उनके बराबर सेवा करेंगे उनको यह एहसास ना हो कि हमारे पुत्र या पिता नहीं है। इस अवसर पर वृद्ध आश्रम के प्रबंधक समेत कर्मचारी आदि लोगों उपस्थित रहे।

सूचना- सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पासपोर्ट में नाम इबरार खान है जो कि गलत है मेरा वास्तविक नाम इमरान खान है। प्रार्थी- इमरान खान पुत्र अमानुल्लाह खान निवासी मुहल्ला- वार्ड नंबर 10, पठान टोली, बहादुरगंज, गाजीपुर।

अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5) ब अदालत सिविल जज (जू0डि0) हवाली वाराणसी, बमुकदमा नम्बर 1507 सन् 2024 ई0 बृजेश कुमार सिंह बनाम अभिषेक चौबे वगै0 बनाम-अभिषेक चौबे वयस्क पुत्र तहसीलदार चौबे निवासी मौजा रामगांव परगना कटेहर, तहसील सदर जिला वाराणसी। हरगाह ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 21 माह 11 सन् 2026 ई0 बरिवक्त बजे अदालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा ने करार वाकई किया गया हो और कल उमरात उदम मुतालिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके पास और कोई शख्स जो कि जबाब ऐसे सवालात का दे सके,हाजिर हो जबाबदेही दावा भी करे। मगर आपको लाजिम है किसी रजिजुमला दस्तावेज पेशकरदा पेश करे जिसमे आप तवाहये अपनी जबाबादेही इतिला दी जाती है कि बरोज मजकूर आप तवाहये अपनी आपको इतिला दी जाती है कि बरोज मजकुर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी आपको मसमूषा फैसला होगा। मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत से आज बतारीख 15 माह 10 सन् 2026 ई0 को जारी किया गया। आज्ञा से- न्यायालय।

अदालती नोटिस

अपील की सुनवाई के लिए नियत दिन की प्रत्यर्थी को सूचना (आदेश 41 का नियम 14) न्यायालय प्रथम अपर जिला न्यायाधीश, वाराणसी सिविल अपील सं0 41 सन् 2018 ई0, अपीलार्थी शाहिन अख्तर बनाम अर्जुन चौरसिया वगै0 प्रत्यर्थी, अपील विरूद्व अवर न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) द्रुतगामी न्यायालय वाराणसी आदेश/निर्णय दिनांक 28.02.2018 ई0 अवर न्यायालय की वाद संख्या 1272 सन् 2005 बनाम-8/4.आंचल गुप्ता पत्नी संदीप कुमार निवासिनी सिकरौल, वाराणसी 8/5.मोनिका पत्नी रवि कुमार निवासिनी हुकुलगंज, वाराणसी। आपको सूचना दी जाती है कि इस मामले में उपरोक्त आदेश की डिक्री व अपील उपरोक्त अपीलार्थी द्वारा उपस्थापित की गई और इस न्यायालय में रजिस्टर कर ली गई है और इस अपील की सुनवाई के लिए इस न्यायालय द्वारा दिनांक 03.11.2026 नियत की गयी है। यदि इस अपील में आप की ओर से आप स्वयं या आपके प्लीडर या आपके लिए कार्य करने के लिए विधिना प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपसंज्ञात नहीं होगा तो यह आपकी अनुपस्थिति में सुनी और विनिश्चित की जायेगी। यह आज दिनांक 15.10.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गयी। आज्ञा से-न्यायालय

पाक्सो एक्ट का वांछित आरोपी गिरफ्तार



तरूणमित्र न्यूज

भांवरकोल (गाजीपुर)। पुलिस ने पाक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में वांछित युवक को गुरुवार को कोटवा नारायणपुर तिराहे के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार पांडेय ने बताया कि थाने के उपनिरीक्षक मोरध्वज दुबे अपने विभागीय सहयोगियों के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील थे। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना मिली कि थाने का वांछित बलिया जनपद के कोटवा नारायणपुर तिराहे पर कहीं जाने की फिराक में खड़ा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ के बाद हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दौरान युवक ने अपना नाम तरुण तथा हरियाणा ,फरीदाबाद के लाला खान गली के पास नागला पार्ट - 2 मकान नंबर 1344 का निवासी होना बताया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार युवक को पाक्सो एक्ट सहित अन्य सुसंगत धाराओं में विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया।

विकास भवन सभागार में हुई बीसी सखियों की बैठक

गाज़ीपुर। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में आज विकास भवन सभागार में बीसी सखियों की समस्याओं के समाधान के संबंध में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी के समक्ष बीसी सखियों के अधिकृत आईडी कार्ड उपलब्ध कराए जाने, नए राष्ट्रीयकृत बैंकों को जोड़ने संबंधी शासनादेश के अनुपालन में हो रहे विलंब, लंबित मानदेय तथा मनरेगा मजदूरों के भुगतान का कार्य बीसी सखियों के माध्यम से कराए जाने सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बीसी सखियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। उन्होंने बीसी सखियों के पंचायत भवन में बैठने हेतु पुन: व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा आईडी कार्ड बनवाने हेतु फोटो एवं आवश्यक विवरण संबंधित ब्लॉक पर जमा कराने के निर्देश दिए। साथ ही, एलडीएम को नए राष्ट्रीयकृत बैंकों को जोड़ने संबंधी शासनादेश के शीघ्र अनुपालन के निर्देश दिए, ताकि बीसी सखियों को संबंधित बैंकों से जोड़ते हुए उनकी ऑनबोर्डिंग की प्रक्रिया पूरी की जा सके। बीसी सखियों को मनरेगा मजदूरों के भुगतान करने हेतु डीसी एनआरएलएम को निर्देशित किया गया कि इसके संबंध में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाए।

जनपद में कुल 1,017 सक्रिय बीसी सखियां कार्यरत है जिसमें 705 बीसी सखियों को पूरे छह माह का मानदेय प्राप्त है तथा अन्य को कुछ माह का अभी अप्राप्त है, जबकि 104 बीसी सखियों के छ: माह का मानदेय अभी लंबित है।

शासन द्वारा निर्धारित व्यवस्था के अनुसार, बीसी सखियों को मानदेय की सुविधा प्राप्त करने के लिए प्रतिमाह न्यूनतम 15 ट्रांजेक्शन पूर्ण करना आवश्यक है इसके पश्चात उन्हें स्वत: ही मानदेय प्राप्त हो जाएगा। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आलोक प्रसाद, डीसी एनआरएलएम वी. के. यादव सहित अन्य अधिकारी कर्मचारीगण और बीसी सखियां उपस्थित रहे।

मतदाता सूची के निरंतर पुनरीक्षण हेतु 17 और 24 अक्टूबर को विशेष कैम्प

तरूणमित्र न्यूज

आजमगढ़। विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के निरन्तर पुनरीक्षण-2026 कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची में छूटे हुए नागरिकों को शामिल कराने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। अपर जिलाधिकारी भू0/रा0/उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव ओझा ने बताया कि इसके अंतर्गत 17 अक्टूबर 2026 और 24 अक्टूबर 2026 को समस्त मतदेय स्थलों पर विशेष कैम्प आयोजित होंगे।

इन कैम्पों में बूथ लेवल अधिकारी अपने आवंटित मतदेय स्थलों पर प्रात: 10ः00 बजे से अपराह्न 04ः00 बजे तक उपस्थित रहेंगे और दावे/आपत्तियाँ प्राप्त करेंगे। उद्देश्य यह है कि अर्ह नागरिकों के नाम मतदाता सूची में शामिल हो सकें।

आदेश/सूचना के अनुसार, 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के पात्र नागरिक मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए फॉर्म-6 भरकर आवेदन कर सकते हैं। विशेष रूप से प्रथम बार और युवा मतदाताओं को सूची में जोड़ने पर जोर रहेगा। जिला प्रशासन ने बताया कि जिन नागरिकों के नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं हैं या किसी प्रकार की आपत्ति/दावा है, वे निर्धारित समय के दौरान अपने मतदेय स्थल पर पहुंचकर प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। मतदाताओं से अपील है कि वे निर्धारित तिथि और समय पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ कैम्प में संपर्क करें ताकि समय पर नाम जुड़ सके।

सड़क जाम और पुलिस से धक्का-मुक्की के मामले में आठ गिरफ्तार



तरूणमित्र न्यूज

आजमगढ़। तहबरपुर थाना क्षेत्र के टीकापुर तिराहे पर सड़क दुर्घटना के बाद सड़क जाम कर यातायात बाधित करने और पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की व गाली-गलौज करने के मामले में पुलिस ने आठ वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, घटना के दौरान सड़क जाम होने से राहगीरों, स्कूली बच्चों और वाहन चालकों को परेशानी हुई थी। एंबुलेंस के आवागमन में भी बाधा उत्पन्न हुई थी। पुलिस के मुताबिक, 14 अक्टूबर 2026 को सुबह करीब 11 बजे टीकापुर तिराहे पर सड़क दुर्घटना के संबंध में कुछ लोगों ने घायल व्यक्ति के परिजनों को उकसाकर सड़क जाम कर दिया था। आरोप है कि प्रदर्शनकारियों ने लाठी-डंडों के साथ सड़क अवरुद्ध कर दी और पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की तथा गाली-गलौज की। इससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आवागमन बाधित हो गया। जाम के कारण मरीजों और अन्य राहगीरों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस मामले में उपनिरीक्षक लोकेश मणि त्रिपाठी की तहरीर पर 14 अक्टूबर को थाना तहबरपुर में मुकदमा संख्या 156/2026 दर्ज किया गया। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 189(2), 190, 191(2), 126(2), 121(1), 125, 109(1), 221 और सात सीएलए एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत 15 अक्टूबर को तहबरपुर पुलिस ने दबिश देकर आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया। कार्रवाई थानाध्यक्ष आदित्य कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई। गिरफ्तार आरोपियों में शिवनाथ गुप्ता (23), राधेश्याम गुप्ता (33) और मो. अजमल (44), निवासी मेढ़ी; मनीष यादव (24) और मंगेश यादव (22), निवासी चिरावल; त्रिभुवन यादव (30), निवासी फत्तनपुर, थाना निजामाबाद; लोकेश यादव (31), निवासी ददरा; तथा राधेश्याम प्रजापति (33), निवासी सरदहां, थाना तहबरपुर शामिल हैं।

डीएम ने विज्ञान मेले में देखे मॉडल, बच्चों से पूछे सवाल



तरूणमित्र न्यूज

बलिया। परिखरा स्थित आरएनके मैरिज लॉन स्कूल में गुरुवार को विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने जिलाधिकारी को पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने विज्ञान मेले के आयोजन के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं और विद्यार्थियों की वैज्ञानिक प्रतिभा की सराहना की। विज्ञान मेले को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षकों को बच्चों के अंदर वैज्ञानिक सोच विकसित करने की दिशा में विशेष प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बलिया को अपनी बागी पहचान के साथ-साथ वैज्ञानिक सोच और नवाचार के क्षेत्र में भी नई पहचान बनानी होगी। बच्चों में अपार प्रतिभा है। जरूरत है उनकी रुचि को पहचानने, उन्हें सही दिशा देने और वैज्ञानिक बनने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि अमेरिका, जापान और इजराइल जैसे देशों में बच्चों के बीच वैज्ञानिक बनने की इच्छा और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा दिया जाता है, जबकि हमारे यहां बहुत कम बच्चे वैज्ञानिक बनने का लक्ष्य निर्धारित करते हैं। शिक्षकों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि वे विद्यार्थियों में जिज्ञासा, तार्किक क्षमता और प्रयोग करने की प्रवृत्ति विकसित करें, ताकि बच्चे भविष्य में विज्ञान के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल कर सकें।

जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों को जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए लक्ष्य निर्धारित करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि व्यक्ति जैसा सोचता है, वैसा ही बनने की दिशा में आगे बढ़ता है। इसलिए प्रत्येक विद्यार्थी को यह स्पष्ट होना चाहिए कि वह पढ़-लिखकर क्या बनना चाहता है। उन्होंने शिक्षकों एवं प्रधानाचार्य से अपील की कि वे बच्चों को अपनी कॉपी में लिखने के लिए प्रेरित करें कि वे भविष्य में क्या बनना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि जब लक्ष्य स्पष्ट होता है तो उसे प्राप्त करने के लिए प्रयास करना भी आसान हो जाता है। विद्यार्थियों को अपनी क्षमता पर विश्वास रखते हुए निरंतर मेहनत करनी चाहिए। जिलाधिकारी ने बच्चों से कहा कि वे अपने सपनों को स्पष्ट रूप से निर्धारित करें और उन्हें साकार करने के लिए पूरी लगन से पढ़ाई करें।

17 और 24 अक्टूबर को लगेगा विशेष मतदाता पंजीकरण शिविर

तरूणमित्र न्यूज

बलिया। निर्वाचक नामावली में पंजीकरण से छूटे लोगों और पहली बार मतदान करने वाले युवाओं के नाम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए जिले में विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत जनपद के सभी सात विधानसभा क्षेत्रों के प्रत्येक मतदेय स्थल पर 17 अक्टूबर और 24 अक्टूबर 2026 को विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने जिले के सभी नागरिकों और मतदाताओं से शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुसार, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशों के क्रम में निर्वाचक नामावली के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के बाद चल रहे निरंतर पुनरीक्षण अभियान के तहत यह पहल की जा रही है। इसका उद्देश्य मतदाता सूची में छूटे हुए नामों को शामिल करना और पात्र युवाओं को पहली बार मतदाता के रूप में पंजीकृत करना है। विशेष अभियान के अंतर्गत 357-बेल्थरा रोड (अजा), 358- रसड़ा, 359-सिकंदरपुर, 360-फेफना, 361-बलिया नगर, 362-बांसडीह और 363-बैरिया विधानसभा क्षेत्रों के प्रत्येक मतदेय स्थल पर शिविर लगाए जाएंगे।

छूटे हुए युवा मतदाताओं का सूची में सम्मिलित करायें नाम

तरूणमित्र न्यूज

गाजीपुर। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सूचित किया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद की समस्त 07 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों यथा 373-जखनियों, 374-सैदपुर, 375-गाजीपुर, 376-जंगीपुर, 377-जहूराबाद, 378-मुहम्मदाबाद तथा 379-जमनियाँ विधानसभा निर्वाचक नामवली में पंजीकरण से छूटे हुए एवं प्रथम बार/युवा निर्वाचकों के नाम सम्मिलित किये जाने के संबंध में सम्प्रति चल रहे विशेष अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत ''कोई मतदाता न छूटे उद्देश्य को साकार करने के लिए पात्र नागरिकों को शत प्रतिशत मतदाता सूची में सम्मिलित किये जाने हेतु प्रदेश में दिनांक 17.10.2026 (शनिवार) एवं दिनांक 24.10.2026 (शनिवार) को विशेष कैम्प आयोजित किया गया है। दिनांक 17.10.2026 एवं दिनांक 24.10.2026 को होने वाले उक्त विशेष कैम्प दिवस हेतु निम्नानुसार कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है:- जनपद के प्रत्येक मतदेय स्थल पर बूथ लेवल अधिकारियों की प्रात: 10.00 बजे से अपराह्न 04.00 बजे तक उपस्थित रहेंगे। समस्त बी0एल0ओ0 के पास पर्याप्त संख्या में फार्म-6 तथा विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण-2026 कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 10.04.2026 को प्रकाशित अन्तिम निर्वाचक नामावली एवं उसके पश्चात की समस्त पूरक सूचियों की उपलब्धता रहेगी। विशेष कैम्प दिवस को प्रत्येक मतदान केन्द्र पर एक हेल्प डेस्क बनायी जायेगी जो मतदाताओं को फार्म भरने में सहायता करेगी। समस्त सभासद, ग्राम प्रधान, वॉलेन्टियर को उक्त के संबंध में यथासंभव नियमानुकूल सहयोग प्राप्त करना अपेक्षित है। आयोजित उक्त विशेष कैम्प में नामावली में नाम शामिल किए जाने संबंधी कार्यवाही हेतु सम्बन्धित मतदाता अपनी अद्यतन फोटो, जन्म तिथि एवं निवास से सम्बन्धित अभिलेखों की स्व-प्रमाणित छायाप्रतियाँ तथा यदि परिवार के किसी सदस्य का मतदाता फोटो पहचान पत्र की संख्या उपलब्ध है, तो उसे लेकर आएं।

उक्त के अतिरिक्त अवगत कराना है कि यदि किसी भी व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में नहीं है तो सम्प्रति चल रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत फार्म प्राप्त कर अपना फार्म भरें- पदाभिहित स्थलों (मतदान केन्द्रों) पर पदाभिहित अधिकारी / बी0एल0ओ0 से फार्म प्राप्त कर फार्म भरकर उन्हें उपलब्ध करा सकते हैं। तहसील कार्यालय/जिला निर्वाचन कार्यालय से फार्म प्राप्त कर सकते हैं। ऑनलाइन माध्यम से आयोग के ऐप के माध्यम से भी फार्म-6, फार्म-8 एवं फार्म-7 सबमिट कर सकता है।

मतदान 23 अक्टूबर को

तरूणमित्र न्यूज

गाजीपुर। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम शुक्ला ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार उत्तर प्रदेश विधान परिषद के 05 खण्ड स्नातक एवं 06 खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 अंतर्गत वाराणसी खण्ड स्नातक/शिक्षक निर्वाचन हेतु दिनांक 23 अक्टूबर, 2026 को मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ एवं सामान्य प्रशासन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ द्वारा वाराणसी खण्ड स्नातक/शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में समाविष्ट जनपद गाजीपुर में मतदान करने हेतु उत्तर प्रदेश राज्य के सभी कर्मचारी, जो विश्वविद्यालय स्नातक है और जो स्नातक तथा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों से होने वाले राज्य विधान परिषद के निर्वाचनों हेतु बोनाफाइड मतदाता है. को मताधिकार के प्रयोग हेतु मतदान दिवस दिनांक 23 अक्टूबर, 2026 को विशेष आकस्मिक अवकाश अनुमन्य किया जायेगा।

छह माह में ही दम तोड़ने लगीं हाईमास्ट लाइटें, करोड़ों खर्च पर उठे सवाल

तरूणमित्र न्यूज

आजमगढ़। जनपद के फूलपुर तहसील और ब्लाक क्षेत्र में सांसद, विधायक, विधान परिषद सदस्य निधि सहित क्षेत्र पंचायत निधि से करोड़ों रुपये खर्च कर लगाई गईं हाईमास्ट लाइटें छह माह के भीतर ही खराब होने लगी हैं। कहीं दस में चार-पांच बल्ब ही जल रहे हैं तो कहीं सभी बल्ब बुझ चुके हैं। ऐसे में चट्टी-चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर रोशनी के लिए लगाई गईं हाईमास्ट लाइटें महज शोपीस बनकर रह गई हैं। इससे सरकारी धन के उपयोग और लाइटों के रखरखाव पर सवाल उठने लगे हैं। क्षेत्र के गांवों, चट्टी-चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर हाईमास्ट लाइटें लगवाने की होड़ मची हुई है। ग्रामीणों के साथ ग्राम प्रधान और विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी अपने-अपने क्षेत्रों में लाइट लगवाने के लिए जनप्रतिनिधियों से संपर्क करते हैं। इसके बाद चिन्हित स्थानों पर कार्यदायी संस्थाओं और संबंधित फर्मों के माध्यम से लाइटें लगाई जाती हैं। हालांकि, इन्हें लगाने के बाद नियमित निगरानी और रखरखाव की व्यवस्था प्रभावी नहीं दिख रही है। ग्रामीणों के अनुसार, कई स्थानों पर लाइटें लगने के कुछ ही महीनों बाद बल्ब खराब होने लगे। ब्लाक परिसर, तहसील परिसर, विद्युत वितरण खंड परिसर उदपुर और सुदनीपुर विद्युत केंद्र के सामने लगी हाईमास्ट लाइटों के भी खराब होने की बात सामने आई है। अधिकारियों के कार्यालय परिसरों में लगी लाइटों की स्थिति ही जब ठीक नहीं है तो ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित लाइटों के रखरखाव का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। हाईमास्ट लाइटें लगाने का उद्देश्य सार्वजनिक स्थानों पर पर्याप्त रोशनी उपलब्ध कराना है, लेकिन समय से पहले खराब हो जाने के कारण यह उद्देश्य पूरा नहीं हो पा रहा है।

कांग्रेस में जान फूंकने का काम करेंगी मोना मिश्रा

तरूणमित्र न्यूज

आजमगढ़। कांग्रेस पार्टी हाई कमान द्वारा श्रीमती मोना मिश्रा जी को कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश का अध्यक्ष बनाए जाने पर पूरे प्रदेश में खुशी की लहर आ गई है। श्रीमती मोना मिश्रा जी राष्ट्रीय नेता प्रमोद तिवारी जी की बेटी हैं, और राष्ट्रीय नेता हैं। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी की तरह इनमें भी साहस, ईमानदारी ,राष्ट्रीय एकता, दृढ़ संकल्प कूट-कूट कर भरा हुआ है । इनके नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश में आगामी चुनाव में परचम लहराएगी और बहुमत हासिल करेगी। मोना जी उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री बनेगी। इन्हें भगवान गणेश जी का आशीर्वाद प्राप्त है। निष्कासित पूर्व अध्यक्ष अजय राय के समय में एकता का अभाव था। इसके अंदर बिरादरी वाद कूट-कूट कर भरा हुआ था। इसलिए आजमगढ़ जिला अध्यक्ष मुन्ना राय को बनाए थे। मुन्ना राय में भी एकता का अभाव है। पिछड़े वर्गों के साथ नफरत करते हैं । फ्रंटल संगठनों की आलोचना करते हैं। अजय राय की तरह नए प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती मोना मिश्रा को जिला आजमगढ़ कांग्रेस पार्टी तथा फ्रंटल संगठनों से बहुत लोग बधाई संदेश दे रहे हैं। सूचना अधिकार टास्क फोर्स के सभी पदाधिकारी भी बधाई दिए जो निम्न है- श्यामदेव यादव पूर्व लेक्चर प्रदेश महासचिव एवं आजमगढ़ मंडल प्रभारी, इंजीनियर चंदन यादव जिला अध्यक्ष आजमगढ़, श्रीमती कावेरी दुबे जिला आजमगढ़ महिला अध्यक्ष तथा प्रदेश सचिव, बृजेश पांडे जिला कोषाध्यक्ष, राकेश पांडे जिला उपाध्यक्ष, राजेश पांडे, डॉ0 राम लखन चतुर्वेदी एमबीबीएस, हरिश्चंद्र शास्त्री, श्रीमती रेणु भारती, राम सकल यादव, राधेश्याम यादव,विमलचंद गौड़, मदन गौड़, मोनई राम,रामानंद यादव, इशार अहमद वकील, श्याम सुंदर सिंह गहलोत,शैलेंद्र सिंह पीएचडी शहर अध्यक्ष, दयानंद राय,अभिषेक राय, बृजेश यादव, रविंद्र यादव एवं अन्य सभी जिला पदाधिकारी तथा कांग्रेस पार्टी के सभी फ्रंटल संघटनों के लोग श्रीमती मोनू जी को उत्तर प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर खुशी का इजहार कर रहे हैं और एक दूसरे को मिठाई खिला रहे हैं।

करियर काउंसलिंग एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

तरूणमित्र न्यूज

बलिया। जिलाधिकारी श्री ज्ञानेंद्र सिंह के निर्देश पर मिशन शक्ति अभियान फेज-6.0 के अंतर्गत गुरुवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज (जीजीआईसी), बलिया में बालिकाओं के सशक्तिकरण, सुरक्षा और उज्ज्वल भविष्य के उद्देश्य से करियर काउंसलिंग एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को करियर निर्माण, महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री दिनेश शुक्ला, क्षेत्राधिकारी नगर सतीश शर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी डॉ. अमरेंद्र कुमार पौत्स्यायन, विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रजनी श्रीवास्तव, महिला प्रकोष्ठ अधिकारी श्री वाणी विनेश सिंह तथा जिला मिशन समन्वयक अंजलि सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी डॉ. अमरेंद्र कुमार पौत्स्यायन ने छात्राओं से संवाद करते हुए उनके भविष्य, शिक्षा और करियर निर्माण पर चर्चा की। उन्होंने छात्राओं को अपनी रुचि, योग्यता और क्षमता के अनुरूप करियर का चयन करने तथा शिक्षा के प्रति गंभीर रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करने से सफलता प्राप्त की जा सकती है।

डीएम ने की मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ बैठक

तरूणमित्र न्यूज

गाजीपुर। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा निर्वाचक नामावली में पंजीकरण से छूटे हुए एवं प्रथम बार/युवा निर्वाचकों के नाम सम्मिलित किए जाने के संबंध में विशेष अभियान चलाए जाने हेतु अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 / उप जिला निर्वाचन अधिकारी वेद सिंह चौहान की अध्यक्षता में दिनांक 15.10.2026 को पूर्वाहन 10.00 बजे अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 के कार्यालय कक्ष में गाजीपुर में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ एक बैठक आयोजित की गयी है। उक्त बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि रविकान्त राय, सदस्य अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, राजेश कुमार यादव, जिला सचिव/ मतदाता सूची प्रभारी, समाजवादी पार्टी, राजन प्रजापति, जिला कार्यालय मंत्री, भारतीय जनता पार्टी, आदित्य कुशवाहा, जिला महासचिव, बहुजन समाज पार्टी, निजामुद्दीन खाँ समाजवादी पार्टी, जनक राम बहुजन समाज पार्टी, जावेद अहमद उपाध्यक्ष आम आदमी पार्टी उपस्थित हुए। बैठक की कार्यवाही उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रारम्भ की गयी। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा उपस्थित समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया कि भारत निर्वाचन आयोग, द्वारा निर्वाचक नामावली के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के पश्चात् पंजीकरण से छुटे हुए एवं प्रथम बार निर्वाचको के नाम सम्मिलित किए जाने के सम्बन्ध में विशेष अभियान दिनांक 17.10.2026 (शनिवार) एवं दिनांक 24.10.2026 (शनिवार) को आयोजित किया गया है। बैठक में उपस्थित जन प्रतिनिधियों को आयोग के निर्देशों को पढ़कर सुनाया गया एवं अवगत कराया गया कि विशेष अभियान दिवसों में जनपद के प्रत्येक मतदेय स्थल पर बूथ लेवल अधिकारी की प्रात: 10.00 बजे से अपरान्ह 04.00 बजे तक उपस्थिति रहेगें। उनके पास पर्याप्त संख्या में फार्म-6 उपलब्ध रहेगें। सभी से यह अपील की गयी कि इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए कि कैम्प में नामावली में नाम शामिल करने हेतु संबंधित मतदाता अपनी अद्यतन फोटो, जन्म तिथि एवं निवास से सम्बंधित अभिलेखों की स्व-प्रमाणित छायाप्रतियों तथा यदि परिवार के किसी सदस्य का मतदाता फोटो पहचान पत्र की संख्या उपलब्ध है, तो उसे लेकर जा सकतें है। इसके अतिरिक्त वे भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर जाकर मतदाता सूची में नाम सम्मिलि कराने हेतु फार्म 6 नाम विलोपित कराने हेतु फार्म-7 तथा किसी प्रविष्टि में संशोधन अथवा स्थान परिवर्तन हेतु फार्म-8 के माध्यम से आवेदन कर सकते है। बैठक में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों से अपने-अपने बूथ लेवल एजेण्ड को सक्रिय कर इस कार्य में अपेक्षित सहयोग प्रदान करने की अपील की गयी।

प्रदेश स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता 23 अक्टूबर से

तरूणमित्र न्यूज

गाजीपुर। प्रदेश स्तरीय समन्वयव सीनियर पुरुष की फुटबॉल प्रतियोगिता दिनांक 23-10-2026 से 30-10-2026 तक जनपद वाराणसी में आयोजित की जानी है जिसका जिला स्तरीय चयन/ट्रायल दिनांक 15-10-2026 को प्रात: 10.30 बजे से नेहरु स्पोर्ट्स स्टेडियम गोराबाजार गाजीपुर के प्रांगण में किया गया। इच्छुक खिलाडी अपनी प्रविष्टि दिनांक 15-10-2026 को प्रात: 10.00 बजे तक दे सकते है साथही चयनित खिलाडी वाराणसी मण्डल में 18-10-2026 को डा0 संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम सिगरा में प्रात: 09.00 बजे प्रतिभाग करेंगे । उक्त चयन/ट्रायल्स में 45 खिलाडियों ने प्रतिभाग किया, बेस्ट खिलाडियों में से 10 खिलाडियों का चयन किया गया। चयनित खिलाड़ियो की सूची नीचें अंकित है। इस अवसर पर फुटबॉल कोच श्रीमती संगीता यादव, जिला फुटबॉल संघ के संयुक्त सचिव मो0 मोईन, जिला फुटबॉल संघ में कार्यरत इंतजार शेख, मो0 अजीम राष्ट्रीय खिलाडी एवं क्रीड़ा अधिकारी, देवी प्रसाद विशेष रूप से उपस्थित रहें, उनके मार्गदर्शन एवं देखरेख में यह जिला फुटबॉल चयन/ट्रायल सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

प्रदेश स्तरीय समन्वयव जूनियर बालक बास्केटबॉल प्रतियोगिता दिनांक 28-10-2026 से 31-10-2026 तक जनपद अलीगढ़ में आयोजित की जानी है जिसका जिला स्तरीय चयन/ट्रायल जिला खेल कार्यालय गाजीपुर में दिनांक 16-10-2026 को प्रात: 10.30 बजे से नेहरु स्टेडियम गोराबाजार गाजीपुर के प्रांगण में किया जायेगा। इच्छुक खिलाडी अपनी प्रविष्टि दिनांक 16-10-2026 को प्रात: 10.00 बजे तक दे सकते है साथही चयनित खिलाडी वाराणसी मण्डल में 18-10-2026 को डा0 संपूर्णानंद स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स सिगरा में प्रतिभाग करेंगे । खिलाडी अपने साथ में पात्रता प्रमाण पत्र फोटोयुक्त व प्रधानाचार्य से प्रमाणित आयु प्रमाण पत्र, एवं आधार कार्ड साथ में लाना अनिवार्य होगा, प्रवेश नि:शुल्क होगा। प्रदेश स्तरीय जूनियर बालक वर्ग बास्केटबॉल प्रतियोगिता जन्म तिथि 01.01.2008 या उसके बाद की होनी चाहिए।

कलेक्ट्रेट सभागार में धान खरीद की आयोजित हुई कार्यशाला

तरूणमित्र न्यूज

गाजीपुर। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में जनपद में बुधवार देर सायं कलेक्ट्रेट सभागार में धान खरीद की कार्यशाला आयोजित हुई।

कार्यशाला में उपस्थित समस्त क्रय संस्था प्रभारियों/केन्द्र प्रभारियों को आगामी धान खरीद के सम्बन्ध में निम्नवत निर्देश दिये गये।

मण्डी समिति द्वारा सभी क्रय केन्द्रों पर उपकरण की व्यवस्था तत्काल पूर्ण कराये। केन्द्रों पर धान क्रय सम्बन्धी आवश्यक अभिलेख क्रय संस्थायें समय से उपलब्ध करायें।

बाट-माप विभाग द्वारा समस्त केन्द्रों के कांटो का सत्यापन किया जायेगा। केन्द्रों पर धान विक्रय के समय कृषक या सदस्य की पहचान आधार कार्ड से की जायेगी। यदि किसान के स्थान पर सदस्य है तो उसके द्वारा मूल कृषक एवं स्वयं का आधार कार्ड दोनों की छायाप्रति प्रभारी द्वारा संरक्षित की जायेगी। समस्त केन्द्र प्रभारी केन्द्रों पर श्रमिकों की उपस्थिति ई-पॉप मशीन के माध्यम से कराया जायेगा। धान खरीद हेतु आवश्यक उपयोगी बोरों की व्यवस्था सम्बन्धित एजेन्सियाँ समय से सुनिश्चित करें। किसी भी केन्द्र पर बोरे के अभाव में खरीद बाधित होने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।

क्रय केन्द्र प्रभारी द्वारा क्रय केन्द्र पर पूर्वान्ह 09:00 से 10:00 के मध्य ई-पॉप मशीन के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज करेंगे। ई-पॉप मशीन पर उपलब्ध बायोमैट्रिक के माध्यम से कृषकों की पुष्टि होने के पश्चात धान की खरीद होगी।

धान के उतराई, सफाई के मद में किसान द्वारा श्रमिकों को 20 रू0 अधिकतम दिया जायेगा। धान गीला या गंदा होने पर तत्काल अस्वीकृत नहीं किया जायेगा। केन्द्र पर साफ करने एवं सुखाने का मौका दिया जायेगा, फिर भी मानक में नहीं होने पर अस्वीकृत रिजेक्शन रजिस्टर पर किया जायेगा। रिजेक्शन रजिस्टर में कृषक का नाम, पता, पंजीकरण, फोन, मात्रा, अस्वीकृति का कारण दर्ज किया जायेगा। केन्द्र प्रभारी कृषक को अपीलीय अधिकारी का नाम व मो0 नम्बर उपलब्ध कराया जायेगा, जिससे किसान अपील कर सकता है। क्षेत्रीय विपणन अधिकारी/मण्डी सचिव/केन्द्र प्रभारी/02 प्रगतिशील किसान अपीलीय समिति में होंगे। किसी भी केन्द्र से किसानों को अनावश्यक वापस नहीं किया जायेगा। सभी केन्द्र प्रभारियों द्वारा किसानों से शिष्टाचार पूर्वक व्यवहार किया जायेगा। अन्यथा की स्थिति में शिकायत प्राप्त होने पर सम्बन्धित के विरूद्व कठोर कार्यवाही की जायेगी।

सभी केन्द्र प्रभारी बैनर में अंकित अपना मो0नम्बर खरीद अवधि में ऑन रखेंगे। जनपद मुख्यालय/तहसील मुख्यालय से रैण्डम आधार पर इसका सत्यापन कराया जायेगा। यदि मो0नम्बर बन्द पाया गया, तो सम्बन्धित के विरूद्व कार्यवाही की जायेगी।

सहकारिता विभाग के अन्तर्गत संचालित क्रय केन्द्रों पर धान खरीद हेतु सम्बन्धित तहसील के अपर जिला सहकारी अधिकारी (ए0डी0सी0ओ0) नोडल अधिकारी रहेंगे। उनके द्वारा केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करते हुए अपने निर्देशन में केन्द्रों का संचालन कराया जायेगा। किसी भी अप्रिय स्थिति उत्पन्न होने पर केन्द्र प्रभारी, एजेन्सी प्रभारी के साथ-साथ सम्बन्धित ए0डी0सी0ओ0 के विरूद्व भी कार्यवाही की जायेगी। समस्त क्रय एजेन्सियों द्वारा किसानों से क्रय धान के मूल्य का भुगतान एन0पी0सी0आई0 पोर्टल पर उनके आधार से लिंक बैंक खाते में भारत सरकार के पी0एफ0एम0एस0 पोर्टल के माध्यम से किसानों के बैंक खाता सत्यापन के पश्चात् यथा संभव 48 घण्टे के अन्तर्गत सुनिश्चित कराया जायेगा।

उक्त के परिप्रेक्ष्य में कृषक बन्धुओं से अपील की जाती है कि आप क्रय केन्द्र पर धान विक्रय से पूर्व केन्द्र प्रभारी को अन्य समस्त प्रपत्रों के साथ किसान पहचान-पत्र/फार्मर आई0डी0 अनिवार्य रूप से उपलब्ध करायें। यदि किसान पहचान-पत्र/फार्मर आई0डी0 उपलब्ध नहीं है, तो स्वयं अपने मोबाईल अथवा साईबर कैफे के माध्यम से लॉगिन कर पंजीकरण करते हुये फार्मर आई0डी0 प्राप्त करेंगे। किसाना पहचान-पत्र/फार्मर आई0डी0 की छायाप्रति धान क्रय केन्द्र प्रभारी को उपलब्ध कराने उपरान्त सुगमतापूर्वक अपना उत्पाद विक्रय कर सकेंगें। कृषक बन्धुओं को यह भी अवगत कराना है कि जनपद में दिनांक 01.11.2026 से धान क्रय केन्द्र संचालित हो जायेंगे।

जनपद में निशेधाज्ञा लागू

तरूणमित्र न्यूज

गाजीपुर। भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ अनुक्रम में उत्तर प्रदेश विधान परिषद द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 वाराणसी खण्ड स्नातक/शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिये मतदान दिनांक 23 अक्टूबर को सम्पन्न होगा। उक्त निर्वाचन हेतु अधिसूचित मतदान केन्द्रों/मतदेय स्थलों को मतदान हेतु जिला मजिस्ट्रेट अनुपम शुक्ला, गाजीपुर द्वारा तात्कालिक प्रभाव से लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 160 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 22.10.2026 से दिनांक 23.10.2026 तक के लिए अधिग्रहित किया गया है। मतदान केन्द्रो पर मतदान दिवस के दिनांक 23.10.2026 को कोई भी शासकीय/शिक्षण कार्य नही किया जायेगा। उन्होने बताया कि वाराणसी खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र मतदेय स्थल में मतदेय केन्द्र का अवस्थापना एवं मतदान केन्द्र स्थापित किये जाने वाले में जखनियां में 07 मतदेय स्थल, मनिहारी में 03, सादात में 04, सैदपुर में 04, देवकली में 03, करण्डा में 02, गाजीपुर में 06, जंगीपुर में 01, बिरनो में 02, मरदह में 04, बहादुरगंज में 01, कासिमाबाद में 02, मुहम्मदाबाद में 03, करीमुद्दीनपुर में 01, भांवरकोल 02, रेवतीपुर में 02, जमानियां में 03, दिलदारनगर में 01 एवं भदौरा में 01 तथा वाराणसी खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र मतदेय स्थलों में समस्त विकास खण्डो मे 01- 01 मतदेय स्थल स्थापित किये गये है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई खण्ड जौनपुर

पत्रांक- 977/ ल0सिं0/लेखा/ निविदा सूचना/ 2026-27 दिनांक- 08.10.2026

अल्पकालीन ई0 निविदा सूचना सं0 32/2026-27

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तर प्रदेश की ओर से लघु सिंचाई खण्ड जौनपुर अन्तर्गत जनपद/उपखण्ड जौनपुर में जिला योजनान्तर्गत एनीकट निर्माण के कार्य हेतु ऑनलाइन पोर्टल http://etender.up.nic.in के माध्यम से निम्नानुसार चेकडैम/एनीकट निर्माण कार्यो हेतु पात्रता रखने वाले ऐसे फर्म/ठेकेदार जो सिंचाई विभाग, उ0प्र0 में पंजीकृत/सूचीबद्ध हों या ऐसे ठेकेदार जो लघु सिंचाई विभाग उ0प्र0 में दो वर्ष का कार्य करने का अनुभव रखते हो, उनके विरूद्ध कोई जॉच लम्बित न हो, से प्रतिशत दर पर ई0 निविदा प्रणाली के अन्तर्गत निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश सरकार की वेवसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 17.10.2026 को प्रात: 10.00 बजे से 27.10.2026 को सायं 05.00 बजे तक उपलब्ध रहेगें। इस अवधि में निविदा अभिलेख http://etender.up.nic.in वेवसाइट से डाउनलोड/अपलोड किया जा सकता है। प्री0 क्वालीफिकेशन टेक्निकल विड दिनांक 28.10.2026 को पूर्वान्ह 11.00 बजे से अधीक्षण अभियन्ता, लघु सिंचाई वृत्त प्रयागराज के कार्यालय में अधीक्षण अभियन्ता की अध्यक्षता में गठित निविदा समिति के द्वारा खोला जायेगा । प्री0 क्वालीफिकेशन टेक्निकल विड में उपयुक्त पाये गये निविदादाताओं के फाइनेन्सियल विड दिनांक 30.10.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे से खोले जायेंगे। कार्यालय बन्द होने या अवकाश होने की दशा में यह विड अगले कार्य दिवस में उसी समय खोली जायेगी। विशेष परिस्थितियों में निविदा खोलने की तिथि/समय आदि में यदि कोई परिवर्तन होता है, तो उसकी सूचना ऑनलाइन/नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर उपलब्ध करा दी जायेगी।

क्र0 सं0	जनपद का नाम	चेकडैम/ एनिकट का नाम	ग्राम	विकास खण्ड का नाम	अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि 10% (रू0 लाख में)	निविदा मूल्य/ स्टेशनरी चार्ज जी0एस0टी0
1	2	3	4	5	6	7	8
1	जौनपुर	लखेसर एनीकट निर्माण कार्य	लखेसर	सिकरारा	7.60	0.76	रू0 770.00

नोट- कार्यो की मात्रा एवं धनराशि घट- बढ़ सकती है।

UP- 258294 DATE: 14.10.2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलबध है।

(मनोज कुमार शुक्ला)
अधिशासी अभियन्ता
लघु सिंचाई खण्ड जौनपुर

नूंह में एनकाउंटर! मारा गया गौतस्कर शाहिद

नूंह। नूंह पुलिस ने गौतस्कर शाहिद उर्फ आडवाणी को एनकाउंटर में ढेर कर दिया है। गुरुवार सुबह पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में वांटेड गोतस्कर को गोली लगी थी, जिसमें उसकी मौत हो गई। क्राइम ब्रांच नूंह की टीम और काले रंग की महिंद्रा थार गाड़ी में अवैध रूप से पशुओं की तस्करी कर रहे शातिर बदमाशों के बीच हुई आमने-सामने की मुठभेड़ में दो दर्जन से अधिक संगीन मामलों में वांक्षित एक कुख्यात तस्कर ढेर हो गया।

थार में भर ले जा रहा था गौवंश

पुलिस की जवाबी कार्रवाई में मारे गए बदमाश की पहचान शाहीद उर्फ आडवाणी निवासी खरखड़ी जिला नूंह के रूप में हुई है। इस पूरी घटना के बाद से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है और पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है।

क्राइम ब्रांच नूंह की टीम को इनपुट मिला था कि कुछ कुख्यात पशु तस्कर काले रंग की एक थार गाड़ी के जरिए अवैध रूप से मवेशियों को ले जा रहे हैं। इस सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए बताए गए मार्ग पर नाकाबंदी कर दी और हर आने-जाने वाले संदिग्ध वाहन पर पैनी नजर रखनी शुरू कर दी। कुछ ही देर में जैसे ही संदिग्ध काले रंग की थार तेज रफ्तार में वहां से गुजरी, पुलिसकर्मियों ने उन्हें रुकने का स्पष्ट इशारा किया,लेकिन बेखौफ तस्करों ने अंजाम देते हुए थार के अंदर से ही पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, इस मुठभेड़ में मारा गया 27 वर्षीय साजिद उर्फ आडवाणी कोई साधारण अपराधी नहीं था, बल्कि वह मेवात और गुरुग्राम क्षेत्र में अपराध की दुनिया का एक बड़ा और खूंखार नाम था। उसके खिलाफ हत्या, डकैती, पशु तस्करी, अवैध हथियार रखने और वाहन चोरी जैसे संगीन अपराधों के लगभग दो दर्जन से अधिक मामले विभिन्न थानों में दर्ज थे। वह लंबे समय से पुलिस की वांटेड लिस्ट में शामिल था और इलाके में उसका खौफ था।

साजिद उर्फ आडवाणी की आपराधिक फेरिहरत बेहद शातिर और दुस्साहसिक रही है। साजिद को पहली बार मार्च 2018 में पटौदी क्षेत्र से हुई एक कार चोरी के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था, जिससे उसके कई संगीन राज खुले थे। अपनी गिरफ्तारी के बाद, जब बिलासपुर क्राइम ब्रांच की टीम उसे एक एटीएम चोरी के मामले में रिकवरी और तस्दीक के लिए वारदात के स्थान पर ले जा रही थी, तब साजिद ने बेहद शातिर तरीके से शौचालय जाने का बहाना बनाया। मौका मिलते ही वह पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। इस सनसनीखेज फरार होने की घटना के बाद से ही वह पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती बना हुआ था।

पेशावर में भरभराकर गिरी स्कूल की छत, 28 छात्रों और एक शिक्षक की मौत

हादसे में 40 से अधिक लोग घायल, अस्पताल में कराया गया भर्ती

पेशावर। पाकिस्तान के पेशावर शहर में एक स्कूल की छत गिरने से कम से कम 28 छात्र और एक शिक्षक की मौत हो गई। यह जानकारी गुरुवार को एक स्थानीय अस्पताल के प्रवक्ता ने दी। लेडी रीडिंग अस्पताल प्रशासन ने शुरुआत में चार मौतों की जानकारी दी थी। बाद में बताया कि अस्पताल में 28 बच्चों के शव लाए गए थे। इस बीच कैपिटल सिटी पुलिस ऑफिसर डॉ. मियां सईद ने बताया कि प्रांतीय राजधानी में छत गिरने की घटना में 40 से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं। बचाव कर्मियों ने पहले बताया था कि स्कूल की छत गिरने के बाद कई बच्चे मलबे के नीचे फंस गए थे। बचाव अधिकारियों के अनुसार, बचाव अभियान शुरू हो गया है और टीमें मलबे में बच्चों और स्कूल के कर्मचारियों की तलाश कर रही हैं। केपी के सूचना और जनसंपर्क मामलों में गवर्नर की सलाहकार समर हारून बिलौर ने छत गिरने की घटना पर दुख जताया और घायल बच्चों को हर संभव बेहतरीन चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।



नेपाल में दिखी 25 हजार की ईनामी शिवा शर्मा हत्याकाण्ड की मुख्य आरोपी श्रद्धा दुबे


लखनऊ। राजधानी लखनऊ के बड़े कारोबारी और लिव इन पार्टनर शिवा शर्मा हत्याकांड में आरोपित हाई प्रोफाइल मॉडल श्रद्धा दुबे की नेपाल में घूमते हुए कई फोटो सोशल मीडिया में वायरल हैं। जिनसे कन्फर्म हो रहा है कि वो नेपाल में ही है और वहां से कहीं और भागने की तैयारी में है। श्रद्धा दुबे ने 12 घंटे में तीसरा वीडियो संदेश सोशल मीडिया पर जारी किया और अपने को बेकुसूर बता रही है। इसी दौरान श्रद्धा दुबे ने सोशल मीडिया पर अपना एक वीडियो भी जारी किया है, जिसमें खुद को बेकुसूर बता रहा है और दावा कर रही है कि शिवा शर्मा ने आत्महत्या की है। इसके साथ ही अपना नाम किसी भी ब्यरोकेट, नेता और क्रिकेटर के साथ न जोड़ने की विनती कर रही है।

सीसीटीवी फुटेज में हुई कैद: श्रद्धा, उसकी बहन रश्मि और दोस्त आदिल की आखिरी लोकेशन नेपाल के महीम नगर में मिली है। वहां लगे सीसीटीवी फुटेज में श्रद्धा, उसकी बहन रश्मि और दोस्त आदिल रोड क्रॉस कर बस स्टेशन के भीतर जाते दिखे। तीनों ने वहां रात बिताई और अगली सुबह बस पकड़कर आगे निकल गए। जब तक पुलिस टीम वहां पहुंचती, तीनों एक बार फिर फुर्र हो चुके थे। पुलिस सूत्रों का मानना है कि श्रद्धा का नेटवर्क काफी मजबूत है और उसे पुलिस की हर मूवमेंट की इनसाइड जानकारी समय से पहले मिल रही है।

आशंका है नेपाल से भी कहीं भाग सकती: लखनऊ से नौ अक्टूबर की रात फरार हुई बहुचर्चित शिवा शर्मा हत्याकांड में नामजद श्रद्धा दुबे दस अक्टूबर को बहराइच के रुपईडीहा बार्डर से नेपाल भागी। उसकी गाड़ी एसयूवी (संख्या यू पी 32QQ - 0111) बीते दस अक्टूबर से पार्किंग में खड़ी है। वहां एक प्राइवेट शुक्ला पार्किंग में मिली। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और माडल श्रद्धा दुबे के नेपाल भागने की प्रबल आशंका के बीच उसे नेपाल में देखे जाने की खबरें सामने आ रही हैं। नेपाल से उसकी कई तस्वीरें सामने आई हैं। अब आशंका है कि वो नेपाल से भी कहीं भाग सकती है। उत्तर प्रदेश पुलिस ने आरोपी श्रद्धा दुबे पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया है।

हत्या नहीं थी, वह एक सुसाइड था: नेपाल भाग चुकी श्रद्धा ने 12 घंटे में तीन वीडियो संदेश जारी किया। गुरुवार को जारी इस वीडियो में वह कह रही है- वह हत्या नहीं थी, वह एक सुसाइड था। इसी दौरान श्रद्धा दुबे ने सोशल मीडिया पर अपना एक वीडियो भी जारी किया है, जिसमें खुद को बेकुसूर बता रहा है और दावा कर रही है कि शिवा शर्मा ने आत्महत्या की है। इसके साथ ही अपना नाम किसी भी ब्यरोकेट, नेता और क्रिकेटर के साथ न जोड़ने की विनती कर रही है।

वीडियो संदेश से दी सफाई: श्रद्धा दुबे का एक वीडियो संदेश बुधवार रात से वायरल है, जिसमें वो कह रही है कि मेरा नाम किसी अधिकारी, किसी नेता के साथ मत जोड़िए। अगर कोई मेरे इंस्टाग्राम एकाउंट से एड है तो कोई अफवाह नहीं फैलाइए। 25 हजार की इनामी भगोड़ी हाई प्रोफाइल मॉडल श्रद्धा दुबे ने वीडियो जारी कर सरेंडर की इच्छा जताई। वो तो शिवा शर्मा की मौत को खुदकुशी कह रही है।



श्रद्धा को शिवा की हत्या के आरोपों और पुलिस से बचने की फिक्र होनी चाहिए जबकि उसे फिक्र इसकी है कि उसका नाम बड़े नेताओं और ब्यूरोक्रेट्स से जोड़ा जा रहा है। शिवा की मौत के सात दिन बाद आरोपी श्रद्धा का वीडियो सामने आया है। वीडियो में शिवा की बात तो पीछे रह गई, श्रद्धा का पूरा जोर इस बात पर है कि उसका किसी नेता या अफसर से कोई संबंध नहीं है। उसने इंस्टा पर किसी के फॉलो और अनफॉलो करने का जिक्र भी किया है। अब ये बात पुख्ता हो गई कि इंस्टा से उसे किसने अनफॉलो किया था। श्रद्धा का ये वीडियो इस बात की भी गवाही दे रहा है कि विषकन्या किसके इशारों पर डांस कर रही है।

ब्लैकमेल क्वीन श्रद्धा दुबे: लखनऊ के करोड़पति व्यापारी शिवा शर्मा की हत्या करके नेपाल में फरारी काट रही ब्लैकमेल क्वीन श्रद्धा दुबे का एक कथित वीडियो देर रात मीडिया में अचानक से कहीं से प्रकट हुआ है। श्रद्धा दुबे अपने वीडियो स्टेटमेन्ट में कह रही है मीडिया वालों मेरा किसी से कोई कनेक्शन नहीं है। मेरा किसी नेता अधिकारी या किसी और से संबंध नहीं है। दुर्दान्त ब्लैकमेलर कहां छिपी है इसका सुराग लखनऊ पुलिस नहीं लगा पाई। बड़ी-बड़ी डींगे हांकने वाली लखनऊ पुलिस के सामने से हत्या करके फरार हुई दुबे के इस वीडियो से कहीं से भी पश्चाताप नहीं दिख रहा बल्कि वो बेहद शातिराना तरीके से चकमा दे रही है। लखनऊ पुलिस की इस मामले में जांच श्रद्धा भाव में चल रही है।

आमिर खान के भांजे इमरान खान को 28 अक्टूबर तक छोड़ना होगा भारत, मुंबई पुलिस ने भेजा नोटिस

मुंबई। अभिनेता आमिर खान के भांजे और 'जाने तू या जाने ना' 'मेरे ब्रदर की दुल्हन' सहित कई फिल्मों में नजर आ चुके अभिनेता इमरान खान पर मुसीबत आ गई है। प्रोटेस्ट के बाद अब अभिनेता को मुंबई पुलिस की तरफ से एक नोटिस गया है, जिसमें उन्हें 28 अक्तूबर तक भारत छोड़ने के आदेश मिले हैं। क्या है ये पूरा मामला, नीचे डिटेल में पढ़ें। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुंबई पुलिस ने अभिनेता इमरान खान को भारत छोड़ो नोटिस (LIN) जारी किया। नोटिस में उन्हें 28 अक्टूबर तक भारत छोड़ने का आदेश दिया गया है। इमरान खान ने 10 अक्टूबर को मुंबई के अगस्त क्रांति मैदान में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे को लेकर हुए प्रोटेस्ट में हिस्सा लिया था। इस विरोध प्रर्दशन के दौरान पुलिस ने अभिनेता को हिरासत में भी लिया था। नोटिस के मुताबिक, इमरान खान भारतीय नागरिक नहीं हैं, इसके बावजूद उन्होंने इस प्रोटेस्ट में हिस्सा लिया है, जिसके कारण मुंबई पुलिस की तरफ से उन्हें ये नोटिस भेजा गया है।



मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इमरान खान के खिलाफ बीजेपी नेता किरिट सोमैया ने शिकायत दर्ज करवाते हुए कहा है कि वह भारतीय नागरिक नहीं हैं, उनके पास अमेरिका (US) की सिटिजनशिप है। ऐसे में उन्होंने ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे को लेकर हो रहे प्रोस्टेट में हिस्सा लेकर अधिनियम का उल्लंघन किया है। इमरान के खिलाफ गामदेवी पुलिस स्टेशन में विदेशी अधिनियम का उल्लंघन करने की शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस के मुताबिक, यह शिकायत स्नसञ्झ (Foreigners Regional Registration Office) को भी भेजी गई है।

रिपोर्ट्स की मानें तो, इमरान के पास ओवरसीज सिटिजन ऑफ इंडिया (OCI) कार्ड है। जिसका मतलब है कि विदेश में रहने वाले भारतीय मूल के नागरिकों को देश में रहने का आजीवन वीजा मिलता है, लेकिन न तो वह वोट कर सकते हैं और न ही चुनाव में खड़े हो सकते हैं। आर्टिकल 19 के तहत, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और शांति पूर्ण सभा सिर्फ यहां के नागरिक ही कर सकते हैं।

गर्लफ्रेंड संग प्रोटेस्ट में शामिल हुए थे इमरान खान: चीफ इलेक्शन कमिशनर ऑफ इंडिया ज्ञानेश कुमार के खिलाफ मुंबई के अगस्त क्रांति मैदान में हुए प्रोटेस्ट में इमरान खान अकेले नहीं गए थे, बल्कि उनकी गर्लफ्रेंड लेखा वाशिंगटन और उनकी कजिन जैन मैरी खान भी उनके साथ मौजूद थीं, जिन्हें पुलिस ने हिरासत में लिया था।

टीम इंडिया ने जसप्रीत बुमराह के लिए बनाया मास्टरप्लान

नई दिल्ली। भारतीय टीम के गेंदबाजी यूनिट के कप्तान इस समय जसप्रीत बुमराह हैं। फॉर्मेट कोई भी हो और कप्तान भी कोई भी हो, वह चाहेगा कि उसकी टीम में जसप्रीत बुमराह खेलें, लेकिन भारतीय टीम मैनेजमेंट का प्लान बुमराह के लिए काफी अलग है। जसप्रीत बुमराह को सिर्फ और सिर्फ एक फॉर्मेट पर फोकस करने के लिए कहा गया है। यह फॉर्मेट है रेड बॉल क्रिकेट। भारत का यह प्रीमियर बॉलर आपको सिर्फ रेड बॉल पकड़े ही अगले कुछ महीने नजर आएगा। सीमित ओवरों की क्रिकेट से उसे आराम दिया जाएगा।



रिपोर्ट की मानें तो टीम मैनेजमेंट चाहता है कि बुमराह सिर्फ रेड बॉल क्रिकेट पर फोकस करें। यही कारण है कि उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ खेली जाने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले इंडिया ए गेम में उतारा जा सकता है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई ने न्यूजीलैंड दौरे पर खेले जाने वाले दो इंडिया ए मैचों के लिए टीम घोषित कर दी है, जबकि तीसरे मैच के लिए आने वाले समय में टीम की घोषणा होगी, जिसमें बुमराह के भी खेलने की पूरी उम्मीद है।

बुमराह को इस वजह से भी इंडिया ए के लिए मैच खेलने के मजबूर होना पड़ रहा है, क्योंकि वे अभी फिट नहीं हैं और मैच फिटनेस असल में कोई प्रोफेशनल मैच खेलकर ही पता चलेगी। टेस्ट सीरीज से पहले अगर मल्टी डेज मैच खेलने के लिए मिले तो यह और भी अच्छा रहेगा। वे फिट हो गए हैं, लेकिन फिर भी नवंबर में न्यूजीलैंड में होने वाली वनडे सीरीज में नहीं खेल पाएंगे, क्योंकि बोर्ड उनके वर्कलोड को देखते हुए सिर्फ टेस्ट सीरीज के लिए चुनने की प्लानिंग में है।

रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि जसप्रीत बुमराह पूरी तरह फिट हो गए हैं, लेकिन फिर भी उन्हें रूटीन असेसमेंट के लिए उन्हें न्यूजीलैंड टूर से पहले बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस यानी सीओई जाना होगा। बुमराह को दिसंबर में श्रीलंका के खिलाफ होने वाली सीमित ओवरों की सीरीज और फिर जनवरी में जिम्बाब्वे से होने वाली वनडे सीरीज से भी बाहर रखा जा सकता है और इसके पीछे की वजह है बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी।

अब नये पते पर...
बलुआघाट, रिवर व्यू होटल के सामने, नारायण नर्सिंग होम के पास, जौनपुर
चन्द्रा ई.एन.टी. क्लीनिक
हियरिंग एण्ड स्पीच सेन्टर
निम्न लक्षणों के लिए सम्पर्क करें
● नाक बन्द होना ● चक्कर आना ● मुँह में छाले पड़ना एवं दर्द होना ● कान बहना टान्सिल की शिकायत ● लगातार छींक आना ● कान में सिटी बजना ● घेगा (थायराइड) की तकलीफ ● लार ग्रन्थि का सूजन होना (पेराटिक)
सुविधाएं
● नाक, कान, गला, मुख रोग का इलाज व आपरेशन की सुविधा। ● कान के सुनने की जाँच (Audiometry) एवं ● कान की मशीन (Hearing-aid) स्पीच थैरेपी ● एलर्जी की जाँच उपलब्ध
डा० राजेश कुमार
M.B.B.S., MS (E.N.T.), (M.L.N.M.C.-Allahabad)
नाक, कान, गला एवं मुख रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन
भूतपूर्व वरिष्ठ ई.एन.टी सर्जन जिला चिकित्सालय (सदर), जौनपुर
CMO Office Reg. No. JNP/AL/2017-18/462
9161691924
7068156705
TIME - 10 a.m. to 6 p.m.

अशोक हॉस्पिटल
आरोग्यम् धनसंपदा | आपका स्वास्थ्य, हमारा उद्देश्य
ASHOK HOSPITAL
उपलब्ध विभाग: यूरोलॉजी विभाग, नेफ्रोलॉजी विभाग, सर्जरी विभाग, नान इनवेसिव हृदय रोग विभाग, मेडिसिन विभाग, कैंसर रोग विभाग, हड्डी एवं नस रोग विभाग, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग, नाक, कान, गला रोग विभाग, नवजात शिशु बाल रोग विभाग
उपलब्ध सुविधाएं: इमरजेंसी, आई.सी.यू., एन.आई.सी.यू., एच.डी.यू., कीमोथेरेपी, डायलिसिस, पैथोलॉजी, रेडियोलॉजी, फार्मेसी 24/7, एम्बुलेंस 24/7
प्रमुख शल्य क्रिया एवं निदान: गर्भाशय निकालने का ऑपरेशन (हिस्टेरेक्टॉमी), सीजेरियन डिलीवरी (सी-सेक्शन), ओवरी सिस्ट सर्जरी, अपेंडिक्स की सर्जरी, हार्निया की सर्जरी, आंतों की सर्जरी, ऑर्थोपेडिक ट्रॉमा सर्जरी, बच्चों की हड्डी संबंधी सर्जरी, हड्डी टूटने का ऑपरेशन (फ्रैक्चर सर्जरी), किडनी स्टोन सर्जरी, पेशाब की नली की सर्जरी, मूत्राशय ट्यूमर सर्जरी, कान के पर्दे का आपरेशन, टॉन्सिल का ऑपरेशन (टॉन्सिलेक्टॉमी), सुनने की क्षमता सुधार सर्जरी, मलेरिया ● डेंगू ● टाइफाइड का इलाज
अस्पताल में सेवाएं देने वाले डाक्टरों का नाम
डॉ. वी. के. दुबे (फिजीशियन), डॉ. आशीष सिंघानिया (आर्थो), डॉ. भव्या (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ. हिमांशु (यूरोलॉजिस्ट), डॉ. ओ.पी. सिंह, डॉ. अरूण (सर्जन), डॉ. श्वेता (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ. शोएब (पीडियाट्रिक्स), डॉ. ए. पी. यादव (ई.एन.टी.), डॉ. आर. के. सिंह (आर्थो), डॉ. तान्या (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ. एस. के. पाण्डेय (एमडी मेडिसिन)
फरीदपुर (शंकरगंज), महरूपुर, जौनपुर (उ.प्र.) - 222180
Mob.: 7565955001, 7565955002

रेडियन्ट मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल प्रा० लि०
24/7 EMERGENCY SERVICES
हमारे अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सक
डा० अशुतोष झा — MBBS, MS, FMAS, Advanced Laparoscopic Surgeon
डा० मो० चाँद बागवान — MBBS, MD, PDCC, Critical Care Medicine
डा० अभिषेक मिश्रा — MBBS, MD, Pulmonary & Sleep Medicine
डा० मुकेश शर्मा — MBBS, MS, Joint Replacement & Spine Surgeon
डा० यसीरा अली — MBBS, MS, Obs & Gynae
डा० हर्ष सिंह — MBBS, MD, Paediatrician & Neonatologist
डा० प्रदीप सिंह — MBBS, MS, DrNB, Uro Surgeon
डा० हिमांशु सिंह — MBBS, MS, MCH, Uro Surgeon
डा० नेहा झा — MBBS, MD, Radiologist
डा० अभिषेक मिश्रा — MBBS, MS, MCH, Uro Surgeon
डा० पवन चौबे — MBBS, MD, DM, Gastro-Medicine
डा० एच अन्सारी — MBBS, MD, Dermatologist
डा० वी.के. वर्मा — MBBS, MD, Psychiatrist
Facilities: Advanced Laparoscopic Surgery, ICU & Critical Care, Chest, TB & Sleep Medicine, Accidental & Trauma Surgery, Normal & Assisted Delivery, Cesarean Delivery, NICU & PICU, Joint Replacement & Spine Surgery, All Surgical Facilitles.
मछलीशहर पड़ाव, ईदगाह, जौनपुर | Telephone 05452-326046, 9196021998

रजि. नं. 49166 (U.P.)
हिमानी हॉस्पिटल
(अत्याधुनिक महिला चिकित्सा केन्द्र)
डा. शैली निगम — M.B.B.S.,M.D. (Obst & Gynae), प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, गोल्ड मेडलिस्ट, के.जी.एम.सी., लखनऊ, हेल्पलाइन नं. 7800785686, भूतपूर्व सर्जन: गुरुतेग बहादुर अस्पताल एवं यूनिवर्सिटी कालेज ऑफ मेडिकल साइंसेज, दिल्ली • कस्तूरबा अस्पताल, दिल्ली
डा. आदित्य निगम — M.B.B.S.,M.S. (Ortho.), हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ, ट्रामा, आर्थराडटिस एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन, भूतपूर्व सर्जन: • डा. एल.एच. हीरानन्दानी हॉस्पिटल, मुंबई • ई.एस.आई. हॉस्पिटल, दिल्ली
डा. तुषार मोहन — जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन (प्रतिमाह आखिरी रविवार को उपलब्ध)
सुविधायें: • गाइनी- अल्ट्रासाउण्ड • सामान्य एवं अतिगंभीर गर्भावस्था • आधुनिक तकनीक से बच्चेदानी (छक्टभ) • इन्फर्टिलिटी विशेषज्ञ एवं अन्य आपरेशन • कैंसर से बचाव एवं टीकाकरण • कॉल्पोस्कोपी • हिस्ट्रोस्कोपी • लैप्रोस्कोपी
सुविधायें: • आर्थो • प्लास्टर • ज्वाइंट एन्जेक्शन • ट्रामा ज्वाइंट रिप्लेसमेंट एवं अन्य आपरेशन
पता - डा. मन मोहन श्रीवास्तव, सीनियर फिजीशियन एवं हृदय रोग विशेषज्ञ, 48, जहांगीराबाद (बदलापुर रोड), जौनपुर-222002
परामर्श का समय प्रातः 10-2 बजे तक (रविवार अवकाश)
इमरजेन्सी परामर्श : प्रतिदिन 24 घण्टा
निःसंतान महिलाएं अवश्य मिलें

पेट, आँत, लीवर, किडनी, ब्रेस्ट, प्रोस्टेट, बच्चेदानी आदि रोग की सुरक्षित गुणवत्ता पूर्ण एडवांस मेडिकल एवं सर्जिकल इलाज के लिए राष्ट्रीय प्रमाण-पत्र
NABH & ISO द्वारा प्रमाणित अस्पताल
डा. लाल बहादुर सिद्धार्थ
M.B.B.S., M.S. Surgery, F.I.M.S.A., M.I.A.G.E.S. SR. (Gastro Surgery,) M.I.M.S.A., F.A.I.S., F.I.C.S.
(गैस्ट्रो, लेप्रोस्कोपिक एवं कैंसर सर्जन)
जनता के बेहतर और कल्याण के लिए केन्द्र सरकार की सौगात
आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत 5 लाख तक का निःशुल्क उपचार
गोल्डेन कार्ड प्रतिदिन बनता है
न्यू हेरिटेज सिद्धार्थ हास्पिटल
मल्टी स्पेशिएलिटी साइंस एवं रिसर्च सेन्टर
सुन्दरनगर उमरपुर हरिबंधनपुर, (निकट मैहर देवी मंदिर) जनपद जौनपुर
मो.नं.: 9415315405, 9598725959, 9838259535
Email: siddhathhospitaljnp@gmail.com, siddharthhospital.jaunpur@yahoo.com
बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ

निःसन्तान दम्पत्ति निराश न होवें
बाँझपन के सर्वोत्तम इलाज के लिए
शकुन्तला आईवीएफ सेन्टर
सेवा का अवसर दें
निवेदक
डा0 रामअवध यादव
डा0 शकुन्तला यादव
डा0 आनन्द वर्द्धन
डा0 अन्शु कुमारी
पचहटिया, आजमगढ़ रोड, जौनपुर
Mob.: 8931931199, 9918905642

दिव्यांशी डेन्टल हास्पिटल
लाला बाजार, सिकरारा रोड, जौनपुर
डेंटल क्राउन, डेंटल इंप्लांट, RCT ट्रीटमेंट, टेढ़े-मेढ़े दांतों का इलाज, टूटे जबड़े का इलाज
उचित उपचार हेतु "Divyanshi Dental Hospital" के अनुभवी डेंटिस्ट से ही परामर्श लें।
डा. दिनेश कन्नौजिया B.D.S., D. Pharma (डेन्टल सर्जन) 9721771686

शुभ लग्न ऑफर
शुद्धता और विश्वास, अब आपके और भी पास
मेसर्स- परसोत्तम राम अजीत कुमार बैंकर्स एण्ड ज्वैलर्स
ए.सी. शोरूम
त्योहारों के उपलक्ष्य में कोठी परसोत्तम राम अजीत कुमार बैंकर्स एण्ड ज्वैलर्स प्रस्तुत करते हैं देश एवं विदेश के सर्वोत्तम कारीगरों द्वारा निर्मित उत्कृष्ट डिजाइनर ब्राण्डेड ज्वैलरी
हमारे यहां सोने, चांदी और डायमण्ड की फैन्सी ब्राण्डेड ज्वैलरी मिलती है। साथ ही साथ सोने, चांदी के सिक्के, रत्न, उपरत्न एवं मूर्ति भी उपलब्ध है। एक बार सेवा का अवसर दें।
कोतवाली चौराहा, अलफस्टीनगंज, स्टेशन रोड, जौनपुर
नोटः- हमारी कोई अन्य शाखा नहीं है।
रविन्द्र बैंकर, संस्कार बैंकर, दिव्यांस बैंकर
मो.: 09838435680